नई दिल्ली
नई दिल्ली, सोमवार 30 सितंबर 2019
अश्विन मास शुक्ल पक्ष, द्वितीय वर्ष : 23, अंक : 194
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 34.0
न्यून. 23.6

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13 अदिति शीर्ष 10 में जगह बनाने की दौड़ में



विचार पेज
08 भारत का बढ़ाया मान

## अनुच्छेद 370 को लेकर गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# कश्मीर पर नेहरू का संयुक्त राष्ट्र जाना बहुत बड़ी चूक थी

*आतंकवाद ने हजारों लोगों की जान ली है लेकिन किसी ने भी मानवाधिकार का मुद्दा नहीं उठाया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जम्मू कश्मीर की समस्या से निपटने के तरीको को गलत करार देते हुए कहा रविवार को कहा कि इसके लिए संयुक्त राष्ट्र जाना बहुत बड़ी चूक थी। गृह मंत्री ने इसके साथ ही कहा कि समूचे विश्व ने जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने का समर्थन किया है। शाह यह भी कहा कि कश्मीर घाटी में अब कोई प्रतिबंध नहीं है और विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पांच अगस्त को उठाये गए साहसिक कदम की वजह से जम्मू-कश्मीर अगले 10 साल में देश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा।

नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी (एनएमएमएल) में 'संकल्प फॉरमर सिविल सर्वेंट्स फॉरम' की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शाह ने कहा कि 1948 में, भारत संयुक्त राष्ट्र में गया। वह भारी भूल थी। यह भारी भूल से बड़ी थी। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 35 के तहत संयुक्त राष्ट्र गया था जो विवादित भूमि से संबंधित है। अगर चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत संयुक्त राष्ट्र जाते तो यह भारतीय भूमि पर पाकिस्तान द्वारा अवैध कब्जे का मामला बनता।

### 'कश्मीर अगले 10 सालों में देश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा'

- कश्मीर में अब कोई प्रतिबंध नहीं है
- 10 हजार नए लैंडलाइन कनेक्शन दिए गए
- अनुच्छेद 370 पर फैसला भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करेगा



### 'कश्मीर का इतिहास तोड़-मरोड़कर देश के सामने रखा गया'

गृह मंत्री ने कहा कि श्यामा प्रसाद जी ने अपने जीवन का बलिदान अनुच्छेद 370 हटाने के लिए दिया। कश्मीर का इतिहास तोड़-मरोड़कर देश के सामने रखा गया। क्योंकि जिनकी गलतियां थीं उनके हिस्से में इतिहास लिखने की जिम्मेदारी आई। अब समय आ गया है इतिहास सच्चा लिखा जाए और सच्ची जानकारी जनता के सामने रखी जाए।

### जनता पर कश्मीर में नहीं चलेगी गोली

गृह मंत्री ने कश्मीर में हालात नियंत्रण में रहने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर की जनता पर गोली नहीं चलेगी लेकिन अगर कोई आतंकी आता है तो उस पर गोली तो जरूर चलेगी। फिर वह कश्मीर में हो या देश के किसी अन्य हिस्से में। कश्मीर का इतिहास तोड़-मरोड़कर देश के सामने रखा गया क्योंकि जिनकी गलतियां थीं उनके हिस्से में इतिहास लिखने की जिम्मेदारी आई।

### पूरी दुनिया हमारे साथ खड़ी

गृह मंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया हमारे साथ खड़ी है। सात दिन तक दुनिया के सभी राष्ट्रध्यक्ष संयुक्त राष्ट्र में थे। किसी ने पाकिस्तान की तरफदारी नहीं की। सब भारत के साथ खड़े रहे। मैं मानता हूं कि यह मोदी जी की सबसे बड़ी कूटनीतिक सफलता है कि पूरी दुनिया को अपने साथ जोड़कर रखा।

### 630 रियासतों को एक करने का श्रेय पटेल को जाता है

जम्मू-कश्मीर को अटूट रूप से एक करने में 5 अगस्त, 2019 तक का समय लग गया। सरदार पटेल की ही दृढ़ता का परिणाम था कि 630 रियासतें आज एक देश के रूप में दुनिया के अंदर अस्तित्व रखती हैं।

### अनुच्छेद 370 मामले पर आज सुनवाई

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के बाद लगाई गई पाबंदियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और जम्मू कश्मीर प्रशासन से दो हफ्ते में कश्मीर के हालात पर जवाब दाखिल करने को कहा था।

## खबर संक्षेप

### सोनिया ने कई राज्यों में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति पर चिंता जताई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को बिहार में खासतौर पर पटना,



उत्तरप्रदेश और अन्य राज्यों में लगातार बारिश से पैदा बाढ़ के हालात पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से प्रभावित राज्यों की मदद करने का अनुरोध किया। सोनिया ने उम्मीद जताई कि संबंधित राज्य सरकारें और स्थानीय प्रशासन उचित राहत एवं बचाव कार्य शुरू करेंगे। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस समितियों (पीसीसी) के पदाधिकारियों, उससे जुड़े संगठनों और सभी कांग्रेस सदस्यों को भी मुश्किल के इस समय में आम लोगों की मदद करने का निर्देश दिया।

### भारत में 6 लाख से ज्यादा बिना नियम वाले ड्रोन

**नई दिल्ली।** ड्रोन की बढ़ती संख्या भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बनी हुई है। हाल ही में



पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए पंजाब में हथियार गिराए गए थे। इसके बाद से ही ड्रोन के जरिए आसमानी हमले को लेकर भारत भी सतर्क हो गया है। देश में छह लाख से अधिक बिना नियमन वाले मानवरहित एयर वीइकल हैं। सुरक्षा एजेंसियां आधुनिक ड्रोन भेदी हथियारों जैसे 'स्काई फेंस' और 'ड्रोन गन' पर काम कर रही हैं ताकि हवाई हमलों से निपटा जा सके। आतंकी भी अब हमले के लिए ड्रोन टेक्नॉलजी का इस्तेमाल करने में पीछे नहीं हैं। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक केंद्रीय एजेंसियों ने इस बारे में एक आधिकारिक रूपरेखा तैयार की है।

### चुनाव आयोग ने सिक्किम के सीएम की अयोग्यता अवधि घटाई

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने निर्वाचन कानून के तहत सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की




अयोग्यता अवधि रविवार को करीब पांच साल घटा दी जिससे उनका राज्य में होने वाले उपचुनाव में लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। चुनाव आयोग ने तमांग को अयोग्य करार देते हुए छह साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। यह रोक 10 अगस्त 2018 को जेल की सजा पूरी होने के साथ शुरू हुई थी और यह 10 अगस्त 2024 तक प्रभावी रहती लेकिन चुनाव आयोग ने रविवार को इसे घटा कर एक साल एक महीने कर दिया। इस फैसले के साथ ही 10 सितंबर को उनकी अयोग्यता अवधि समाप्त हो गई।

### पाक गोलीबारी में चार नागरिक घायल

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में पाकिस्तान द्वारा लगातार दूसरे दिन किये गए संघर्ष विराम के



उल्लंघन में रविवार को तीन महिलाएं और एक बच्चा घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने बिना उकसावे के ही मेंढर सेक्टर के बालाकोटे में छोटे हथियारों से जबरदस्त गोलीबारी के साथ ही मोर्टार के गोले दागे। अधिकारी ने कहा कि हमनें इसका पुरजोर जवाब दिया और खबर लिखे जाने तक दोनों तरफ से भारी गोलीबारी जारी थी। पुंछ के जिला विकास आयुक्त राहुल यादव ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा की गई गोलीबारी में तीन महिलाओं और एक बच्चे को छर्रे लगे हैं।

## मन की बात में बोले पीएम मोदी

# नशे से युवाओं को बचाने के लिए ई-सिगरेट पर लगाया गया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से तंबाकू का नशा छोड़ने की अपील करते हुए रविवार को कहा कि युवाओं को नशे के नये तरीके से बचाने के लिए 'ई-सिगरेट' पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। केंद्रीय कैबिनेट ने इसी महीने एक अध्यादेश के जरिये ई-सिगरेट की बिक्री, उत्पादन और भंडारण पर एक अध्यादेश के जरिये प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद इससे जुड़े स्वास्थ्य नुकसान के बारे में प्रधानमंत्री की यह पहली टिप्पणी है। संसद के आगामी सत्र में इस अध्यादेश को एक विधेयक में तब्दील किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने संबोधन में यह भी कहा कि ई-सिगरेट के बारे में यह गलत धारणा फैलाई गई है कि इससे कोई खतरा नहीं है।

### 'जरूरतमंदों के साथ बांटें त्यौहार की खुशी'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी त्यौहारों की अग्रिम बधाई देने के साथ ही देशवासियों से अपील की कि वे जरूरतमंदों के साथ त्यौहारों की खुशी बांटें। उन्होंने कहा कि अंधेरे घरों में रौशनी फैलाने में ही त्यौहार की असली खुशी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ घरों में मिठाइयां इतनी अधिक होती हैं कि खराब हो रही होती हैं जबकि कुछ घरों में बच्चे मिठाई को तरस जाते हैं। उन्होंने इसी संदर्भ में कहा कि जिनके पास जो अधिक है, उसे वह दूसरे जरूरतमंदों में बांटना चाहिए।

### बेटियों के लिए 'भारत की लक्ष्मी' कार्यक्रम आयोजित करें: मोदी

*प्रधानमंत्री ने लोगों से अपने समाज, गांव और शहरों में बेटियों के सम्मान के लिये सार्वजनिक कार्यक्रम 'भारत की लक्ष्मी' आयोजित करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि दीपावली में सौभाग्य और समृद्धि के रूप में, लक्ष्मी का घर-घर आगमन होता है। हमारी संस्कृति में बेटियों को लक्ष्मी माना गया है, क्योंकि बेटी सौभाग्य और समृद्धि लाती है। उन्होंने कहा कि हमारे बीच कई ऐसी बेटियां होंगी जो अपनी मेहनत और लगन से, टैलेंट से परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर रही होंगी। मोदी ने कहा कि इन बेटियों की उपलब्धियों को सोशल मीडिया में अधिक से अधिक शेयर करें।*

# भाजपा ने 32 विस सीटों पर उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने देश के विभिन्न राज्यों में 32 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिये उम्मीदवारों के नामों की रविवार को घोषणा की। इन सीटों पर 31 अक्तूबर को उपचुनाव होने वाले हैं। भाजपा कार्यालय के बयान के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन नामों को अंतिम रूप दिया। इन 32 सीटों में से 10 सीट उत्तर प्रदेश, पांच सीट केरल, चार सीट असम, दो-दो सीट हिमाचल प्रदेश, पंजाब और सिक्किम तथा एक-एक सीट बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, मेघालय, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना से है।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: कांग्रेस ने जारी की 51 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट

**मुंबई।** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस चुनाव समिति के प्रमुख मुकुल वासनिक द्वारा जारी की गई इस सूची में 51 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। सूची में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के बेटे अमित विलासराव देशमुख के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का भी नाम शामिल है। कांग्रेस ने महाराष्ट्र की लातूर शहर सीट से अमित देशमुख और भोकर सीट से अशोक चव्हाण को प्रत्याशी बनाया है।

### शिवसेना ने कुछ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया

मुंबई। शिवसेना ने रविवार को कुछ विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 21 अक्टूबर को मतदान होगा। शिवसेना और भाजपा के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही है। इस बीच उद्धव ठाकरे नीत पार्टी के सूत्रों ने बताया कि रविवार को जिन सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया उनपर कोई टकराव नहीं है।

## सजा-ए-मौत की सुनवाई के लिए विशेष पीठ



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सजा ए मौत और कर के मामलों की सुनवाई के लिए विशेष पीठों का शनिवार को गठन किया। मौत की सजा के मामलों के देखने के लिए तीन न्यायाधीशों की एक पीठ अगले महीने से काम शुरू करेगी। दो न्यायाधीशों वाली पीठ की दो अदालतें कर से जुड़े मामलों पर सुनवाई करेगी।

## बचाव अभियान...




पटना में रविवार को बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र में लोगों को बचाती एनडीआरएफ टीम।

### भारी बारिश के कारण दीवार गिरने से छह की मौत

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले के बरारी थाना क्षेत्र में रविवार को भारी बारिश के कारण अलग अलग स्थानों पर दीवार ढहने से मलबे के नीचे दबकर छह लोगों की मौत हो गयी एक व्यक्ति जख्मी हो गया। भागलपुर जिलाधिकारी प्रणव कुमार ने बताया कि भारी बारिश के कारण बरारी थाना क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर की चारदीवारी के अचानक गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति जख्मी हो गया।

## तेजप्रताप की पत्नी ऐश्वर्या का आरोप

# मेरी सास ने मुझे धक्के मारकर घर से निकाला

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव और ऐश्वर्या राय के बीच तलाक का विवाद कोर्ट के साथ अब थाने तक भी पहुंच गया है। रविवार को ऐश्वर्या पहली बार मीडिया के सामने आईं। उन्होंने लालू के परिवार पर कई गंभीर आरोप लगाए। हालांकि, उन्होंने तेजस्वी का एक बार भी नाम नहीं लिया। दोपहर में 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी देवी के निवास पर हाइवोल्टेज ड्रामा चला। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। सचिवालय थाना पुलिस इस मामले में एफआईआर करने की तैयारी कर रही है। ऐश्वर्या ने अपनी सास राबड़ी देवी पर आरोप लगाया कि उन्होंने उसे धक्के मारकर घर से निकाल दिया है। ऐश्वर्या ने कहा कि बड़ी ननद मीसा भारती उन्हें खाना नहीं देती थी।



- ननद मीसा भारती खाना नहीं देती थी : ऐश्वर्या

# भारत में 100 अरब डॉलर निवेश करने पर विचार कर रहा है सऊदी अरब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं को देखते हुए देश में पेट्रो रसायन, बुनियादी संरचना और खनन समेत अन्य क्षेत्रों में 100 अरब डॉलर निवेश करने की संभावनाएं देख रहा है। सऊदी अरब के राजदूत डॉ सऊद बिन मोहम्मद अल साती ने कहा कि भारत एक आकर्षक निवेश गंतव्य है और सऊदी अरब तेल, गैस व खनन जैसे मुख्य क्षेत्रों में दीर्घकालिक भागीदारी पर गौर कर रहा है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको की भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ प्रस्तावित भागीदारी से दोनों देशों के बीच ऊर्जा संबंधों की रणनीतिक प्रकृति का पता चलता है। उन्होंने कहा कि भारत के तेल आपूर्ति, खुदरा ईंधन बिक्री, पेट्रोरसायन और लुब्रिकेंट बाजार में अरामको की निवेश की योजना इन क्षेत्रों में कंपनी के वैश्विक विस्तार की रणनीति का हिस्सा है। अल साती ने कहा कि सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के विजन 2030 से भी दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार व कारोबार में उल्लेखनीय विस्तार होगा।



- सऊदी अरब तेल, गैस व खनन जैसे मुख्य क्षेत्रों में दीर्घकालिक भागीदारी पर गौर कर रहा है

# 8.15 फीसदी ब्याज दर पर मिलेगा होम लोन

**नई दिल्ली।** देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई 1 अक्टूबर 2019 से एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट सिस्टम के तहत 8.15 फीसदी ब्याज दर से होम लोन देगा। बता दें कि एसबीआई ने एमएसएमई, हाउसिंग और रिटेल लोन के सभी फ्लोटिंग रेट लोन को एक्सटर्नल बेंचमार्क रेपो रेट से जोड़ने का फैसला किया है। बेंचमार्क में रिजर्व बैंक का रेपो रेट, फाइनेंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रकाशित भारत सरकार के 3 महीने के ट्रेजरी बिल पर दिया जाने वाला रेट, एफबीआईएल की ओर से प्रकाशित भारत सरकार के 6 महीने के ट्रेजरी बिल पर दिया जाने वाला रेट और एफबीआईएल की ओर से प्रकाशित कोई दूसरा बेंचमार्क रेट शामिल है। आरबीआई ने इनमें से किसी भी बाजार ब्याज दर मानक में से एक को चुनने का विकल्प दिया था।




## बारिश की वजह से पैदावार पर हुआ असर

# सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने प्याज की कीमतों में उछाल के बीच हर किस्म के प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है ताकि घरेलू बाजार में इसकी उपलब्धता बढ़ायी ला सके। इसके साथ-साथ इसकी जमाखोरी रोकने के लिए प्याज के खुदरा और थोक व्यापारियों के लिए भंडारण या स्टॉक की सीमा घोषित कर दी है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि खुदरा व्यापारियों के लिए प्याज भंडारण की सीमा 100 क्विंटल तक तय की गई है। वहीं थोक व्यापारी 500 क्विंटल तक प्याज का स्टॉक रख सकेंगे।



### राज्य सरकारें जमाखोरों पर करें कड़ी कार्रवाई

साथ ही राज्य सरकारों से कहा गया है कि वे प्याज जमाखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। बयान में कहा गया है कि बांग्लादेश और श्रीलंका को न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) से कम पर निर्यात को तत्काल रोका जाएगा और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### प्याज की ऊंची कीमतों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए

अगस्त से प्याज की कीमतों में उछाल आया है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्याज का खुदरा दाम 60 से 80 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र जैसे प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में बाढ़ की वजह से इसकी आपूर्ति प्रभावित हुई है। बयान में कहा गया है कि बाजार में प्याज की ऊंची कीमतों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है, व्यापारियों के लिए प्याज के स्टॉक की सीमा लागू की गई है और राज्य सरकारों से जमाखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया है। वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा कि सभी किस्म के प्याज पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

## श्रद्धालुओं के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात

# गृह मंत्री तीन अक्टूबर को दिखाएंगे हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस का पांच अक्टूबर से व्यावसायिक संचालन होगा और टिकटों की बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू हो गई है। यह जानकारी रेलवे ने रविवार को दी। गृह मंत्री अमित शाह तीन अक्टूबर को दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। हाई स्पीड ट्रेन चलने से दिल्ली और कटरा के बीच यात्रा का समय 12 घंटे से कम होकर आठ घंटे रह जाएगा। पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-वाराणसी मार्ग पर हरी झंडी दिखाई थी।



- टिकटों की बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू हो गई है

# तीन माह से धक्के खा रहा है ट्रक मालिक, नहीं भरा जा रहा चालान

## निजामुद्दीन इलाके में ओवर स्पीड का काटा गया था चालान

मनीष राणा ⏭ नई दिल्ली

- कोर्ट से भी मिली निराशा, नहीं हुई गाड़ी की फिटनेस
- ऑन लाइन भरने पर नहीं आ रहा पे नाउ का ऑप्सन
- ट्रैफिक पुलिस के पास अभी भी ऑन द स्पॉट जुर्माना राशि लेने की नहीं है सुविधा



डिजिटल भारत में जहां सब कुछ ऑन लाइन प्लेटफॉर्म पर आ गया है। वहीं एक ट्रक मालिक चालान भरने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। ट्रक मालिक चालान भरने के लिए न्यायालय तक का दरवाजा खटखटा चुका है, लेकिन चालान भरना उसके लिए ढेड़ी खीर बन गया है। ऐसे में ट्रक मालिक का ट्रक तीन माह से संबंधित कागजात जब्त होने के बाद खड़ा है। मामला दिल्ली ट्रैफिक द्वारा किये गए ओवर स्पीड के चालान के जुर्माना भरने से जुड़ा है। जहां एक ओर राजधानी में मोटर वाहन (संशोधित) बिल-2019 लागू होने के बाद लोगों को भारी चालान राशि भरनी पड़ रही है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के पास अभी भी ऑन द स्पॉट जुर्माना राशि लेने की सुविधा नहीं है। पुलिसकर्मी अभी भी कोर्ट के चालान कर रहे हैं।

इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने ऑन लाइन चालान की सुविधा पर भी जोर दिया है। ट्रैफिक डिपार्टमेंट इतना डिजिटल होने के बावजूद भी चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। इसका एक उदाहरण यह भी है कि गत 27 जुलाई 2019 को एक ट्रक चालक का महज 500 रुपये का चालान कटा था, जोकि ओवर स्पीट का था। पुलिसकर्मियों ने चालक को कहा कि इस चालान को ऑन लाइन भर सकते हैं, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि तीन माह बाद भी यह चालान ऑन लाइन नहीं भरा जा रहा है। क्योंकि दिल्ली पुलिस की अधिकृत वेबसाइट पर जब भी इस चालान को भरने की कोशिश की जाती है। तो पे नाउ (पैसे जमा) का ऑप्शन ही नहीं आता है। बता दे कि ट्रक मालिक निशांत गुलाटी रोहिणी में रहते हैं। इनका ट्रक चालक हरि मोहन यादव चलाता है। जुलाई सुबह करीब 5:46 बजे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने उनका ट्रक तेज रफ्तार में होने की वजह से रोका था। इस दौरान ट्रक की स्पीट 68 थी, जबकि रफ्तार 40 होनी चाहिए थी। इस पर पुलिसकर्मियों ने हरि मोहन का 500 रुपये का चालान काट दिया। इस दौरान पुलिस ने चालक का लाइसेंस व गाड़ी की फिटनेस अपने पास रख ली। इसके बाद चालक अपने मालिक के पास आया और उसने उसे पूरी घटना बताई। इसके बाद ट्रक मालिक निशांत ने कई बार चालान भरने की कोशिश की तो उस पर पे नाउ का ऑप्शन ही नहीं आ रहा है। हार कर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खट खटाया तो उसे वहां से भी निराशा मिली। जज ने उसे बताया कि उनका चालान यहां आया ही नहीं है। जिसके बाद से निशांत चालान भरने के लिए जगह-जगह धक्के खाने को मजबूर है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### 500 के चालान पर पांच हजार रुपये कर चुका है खर्च

पीड़ित ने बताया कि उनका चालान महज 500 रुपये का है। चालान न भरने को लेकर वह दर-दर भटक रहे हैं। कभी कोर्ट तो कभी कहीं। वह चालान भरने या उससे छुटकारा पाने के लिए अब तक करीब पांच हजार रुपये का तेल फूंक चुके हैं। आगे उन्होंने बताया कि अगस्त में उनकी गाड़ी की फिटनेस भी खत्म हो गई। इसके बाद से वह गाड़ी की फिटनेस भी नहीं करा पाये हैं। जिसकी वजह से उनकी गाड़ी अभी तक खड़ी है। इसके अलावा ट्रक खड़ा होने के चलते करीब एक लाख रूपये का नुकसान बताया गया।

### जज के सामने देनी चाहिए शिकायत

एडवोकेट मनीष भदौरिया ने बताया कि इस मामले में पीड़ित को जज के सामने पेश होकर लिखित में अपनी परेशानी बतानी चाहिए। इसके बाद कोर्ट चालान से संबंधित अधिकारी को कोर्ट में पेश होनी का ऑर्डर देगी। अधिकारी के कोर्ट में पेश होने के बाद उनका चालान भर दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें उनके कागजात वापस मिल जाएगे।

### टोडापुर में जाकर भर सकता है चालान

एडिशनल पीआरओ व एसीपी अनिल मित्तल ने बातया कि अगर ऐसी समस्या सामने आती है। तो पीड़ित को टोडापुर जाकर अपना चालान भर देना चाहिए।

### भंडारा आयोजक का कटा 50 हजार का चालान



**नई दिल्ली।** एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक को लेकर दक्षिणी दिल्ली नगर नेता और निगम अधिकारी लोगों को जगह-जगह जागरूक कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी कुछ लोग मान नहीं रहे हैं और नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसे देखते हुए दक्षिणी निगम के दक्षिण जोन ने थर्मो प्लास्टिक सामग्री का उपयोग करने वाले एक भंडारा आयोजक पर एनजीटी के नियमानुसार आयोजक का 50 हजार रूपये का चालान जारी किया है। चिराग दिल्ली में उक्त कार्रवाई की गई है। दक्षिणी निगम के अनुसार फील्ड स्टाफ ने पाया कि आयोजक ने इस्तेमाल की गई प्लेटों को इकट्ठा करने और निपटान के लिए उचित उपाय नहीं किए हैं, लेकिन भंडारे के स्थान के पास हर जगह कूड़ेदान हैं। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया है और नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश जारी है।

### कोर्ट में नहीं मिला चालान

निशांत ने बताया कि चालान मिलने के बाद वह साकेत कोर्ट गए, जहां उन्हें बताया गया कि यह सर्कल का चालान है। इसके बाद वह सर्कल में गए तो उन्हें पता चला कि चालान ऑन लाइन भरा जाएगा। ऑन लाइन पेमेंट न होने पर वह वर्चुअल कोर्ट में गए। कोर्ट में बताया गया कि उनके पास निशांत गुलाटी का कोई चालान नहीं है। इसके बाद वह सकेत कोर्ट गए तो उन्हें बोला गया कि यहां आपका चालान नहीं भरा जाएगा। ऑन लाइन भरिये। बाद में वह ऑन लाइन पेमेंट न होने पर की शिकायत लेकर साकेत कोर्ट में जज के सामने पेश हुए।

# खुद को बीमा कंपनी का अधिकारी बताकर करते थे ठगी, पांच चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- मुख्य आरोपी की पत्नी भी गिरोह में शामिल
- आरोपी टैगोर गार्डन में चला रहे थे फर्जी कॉल सेंटर

सफदरजंग एंक्लेव थाना पुलिस ने खुद को बीमा कंपनी का एजेंट बताकर लोगों से ठगी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभय किशोर, आलोक कुमार, हरदीप सिंह, हिमांशु और हेमंत के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी की माने तो गिरोह में आठ लोग शामिल थे, जिसमें आरोपी अभय किशोर की पत्नी प्रीति भी शामिल है। पुलिस प्रीति समेत दो महिलाओं से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने इनके पास से 15 रजिस्टर, एक पेन ड्राइव, जिसमें 25 हजार ग्राहकों की जानकारी थी, लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन व अन्य सामान जब्त किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# पिता से हुए झगड़े का बदला लेने के लिए बेटी को अगवा कर किया था दुष्कर्म

- वारदात के बाद मासूम की हत्या करना चाहता था आरोपी, पुलिस ने दबोचा

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली**
पिता से हुए झगड़े के बाद एक शख्स ने उसके परिवार को सबक सिखाने के लिए उनकी चार साल की बेटी को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना हीं नहीं आरोपी ने उसकी हत्या करने की कोशिश भी की। वारदात के बाद आरोपी नेपाल फरार हो गया। घटना 10 अगस्त 2015 की है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी के बारे में लगातार जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही थी। इसी बीच पुलिस को पता चला कि आरोपी नेपाल में छिपा हुआ है। पुलिस ने एक मुखबिर के जरिये बहला-फुसलाकर उसे दिल्ली बुलाया। आरोपी के दिल्ली आते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम विजय कुमार दमई (49) है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (सेंट्रल) मंदीप सिंह रणधावा ने बताया कि अगस्त 2015 में एक दंपति ने ओखला थाने में बच्ची के स्कूल से गायब होने की शिकायत पुलिस को दी थी। जांच में पुलिस को पता चला कि बच्ची का दादा विजय उसे लेकर गया है। बच्ची आरोपी को प्यार से दादा कहती थी। आरोपी बच्ची के पिता के घर पर किराये पर रहता था। तलाश करने पर बच्ची पुलिस को खून से लथपथ जंगलों से मिली। पुलिस को पता चला कि आरोपी ने बच्ची की हत्या का प्रयास व उसके साथ दुष्कर्म किया है। वारदात के बाद से आरोपी विजय फरार हो गया। आरोपी के बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने अपने एक मुखबिर को नेपाल भेजकर आरोपी का पता लगवाया। इसके बाद पुलिस ने अपने मुखबिर के द्वारा आरोपी को केस बंद होने का भरोसा दिलवाया और काम के लिए दिल्ली बुलाया। आरोपी जैसे ही दिल्ली गेट पहुंचा, चांदनी महल थाना पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।

## खबर संक्षेप

### वेरिफिकेशन के नाम पर काटे जा रहे हैं मुस्लिम समुदाय व आप के वोट : अमानतुल्लाह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान ने भाजपा-कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। खान ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले वोटर वेरिफिकेशन के नाम पर गंभीर साजिश कर रही है। इसके तहत आप और मुसलमानों के वोटरों के नाम काटे जा रहे है। रविवार को अमानतुल्लाह खान ने एक वीडियो जारी कर बताया कि ओखला विधानसभा के अंदर जामिया यूनिवर्सिटी के कर्मचारी बीएलओ का काम कर रहे हैं। यह लोग भाजपा-कांग्रेस के नेता की दुकान और घर से ही कौन वोटर मिला और कौन नहीं मिला यह तय कर रहे हैं। यानी भाजपा नेता अपने वोटर के नाम पर टिक कर रहें और आप के वोटर के नहीं मिलने की जानकारी भरने को कह रहे हैं। इसी प्रकार कांग्रेस नेता भी अपने वोटर के नाम के आगे टिक करा रहे है। विधायक ने कहा कि उनको बीएलओ ने बताया कि उनको 15 अक्टूबर तक वेरिफिकेशन कर लिस्ट देना है। इसमें वह जो लोग घर पर मिले और जो नहीं मिले उनकी जानकारी दे देंगे। इससे साफ है कि आप के वोटर का पिछले चुनाव के समान ही बड़ी संख्या में नाम काट दिए जाएंगे। विधायक ने वोटर वेरिफिकेशन को तुरंत बंद कराने की मांग की।

### डेंगू अभियान के तहत सीएम ने की अपने घर की चेकिंग

नई दिल्ली। 10 हफ्ते, 10 बजे, 10 मिनट अभियान के पांचवे रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने घर का निरीक्षण कर डेंगू की नो एंट्री सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि आज सुबह 10 बजे मैंने और मेरे परिवार ने मिल कर अपने घर की चेकिंग की। 10 हफ्ते, 10 बजे, 10 मिनट अभियान की सफलता इस बात का प्रमाण है कि जब लाखों लोग एकजुट हो कर काम करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना मुश्किल नहीं लगता।

### झपटमारी के दौरान सड़क पर गिरी बुजुर्ग महिला, घायल

नई दिल्ली। जंगपुरा मार्केट में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला का बैग झपट लिया। खीचातानी में महिला भी जमीन पर गिर गईं और उनके कंधे और हाथ में चोटें लग गई। इसके बाद आरोपी बैग लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पुनम मल्होत्रा (59) की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पुनम मल्होत्रा अपने दोस्तों के साथ शुक्रवार को मार्केट में सामान खरीदने गई थी। इस दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनके सामने यू टर्न लेकर उनका बैग झपट लिया। इस दौरान वह भी जमीन पर गिर गई और घायल हो गई। उनके दोस्तों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा हैं। उन्होने पुलिस को बताया कि अगर बैग की तनी नही टूटती तो बदमाश उन्हे भी बाइक के पीछे रगड़ता हुआ ले जाते। उनके बैग में आईफोन समेत तीन फोन, घर की चाबियां और कीमती सामान मौजूद था।

### बोरे में बंद मिला युवती का शव

**नई दिल्ली।** करावल नगर थाना इलाके में रविवार सुबह बोरे में बंद एक युवती का शव नाले में मिला। पुलिस को मृतका के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। युवती की उम्र लगभग 22 साल बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि करावल नगर इलाके के सरदार पटेल स्कूल के पास बने नाले से एक लड़की का शव बोरे में बंद है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि शव आधा बोरे से बाहर था। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शहीदों के लिए दिल्ली भाजपा ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश कार्यालय में रविवार को दिल्ली प्रदेश पर्वतीय प्रकोष्ठ के संयोजक अर्जुन सिंह राणा की अध्यक्षता में उत्तराखंड राज्य जन आंदोलन के अमर शहीद आंदोलनकारियों के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, निगम पार्षद बीर सिंह पंवार, प्रकोष्ठ के वरिष्ठ कार्यकर्ता सत्येश्वरी जोशी, दमवंती रावत, डेवेन एस खत्री, गजेन्द्र सिंह रावत, रोशनी बिष्ट, राकेश सिंह नेगी, विनय श्रीवास्तव, गोपाल रावत एवं श्री मयंक रावत सहित पर्वतीय प्रकोष्ठ के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में बेसहारा लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली पूठ खुर्द स्थित महर्षि वाल्मीकि अस्पताल (एमवीएच) में अपना घर आश्रम के बेसहारा लोगों के लिए आयोजित स्वास्थ्य कैंप में रविवार को विभिन्न जांचे की गई। कैंप के दौरान अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सागर ने कहा कि जिन लोगों का कोई सहारा नहीं है, अस्पताल प्रशासन उनके लिए भी ईलाज के लिए तत्पर रहता है। कैंप में पीड़ितों की ईसीजी, खून, बीपी, आदि रोगों की जांच की गई। वहीं, अपना घर आश्रम के प्रबंधक बलराज ने कहा कि हम हर मुमकिन कोशिश कर रहे है कि इन जहां कहीं भी लावारिस और बेसहारा लोग मिलते हैं, उन्हें अपने आश्रम में लेकर आते है जिसमे कुछ लोग तो ऐसे भी होते हैं जो किसी कारण से घर से निकले हुए होते हैं। यह पर लाकर उनका पूरा ध्यान रखा जाता है उनके आश्रम में करीब 346 लोग हैं, जिसमे जवान से लेकर बजुर्ग लोग तक हैं।

## काली-पीली टैक्सियों को टोल फ्री कर सकती है दक्षिणी निगम

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम अपनी नीतियों व किए गये कार्यों को जनता तक पहुंचाने व अपने प्रचार प्रसार को लेकर विज्ञापन नीति पर सोच विचार कर रही है। स्थायी समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता का कहना है कि इसके तहत आरएफआईडी के माध्यम से आने जाने वाली काली-पीली टैक्सियों को टोल फ्री कर सकती है। उन्होंने बताया कि करीब 8 हजार टैक्सियां हैं जो दिल्ली के विभिन्न बॉर्डरों से दिल्ली में प्रवेश करती हैं व बाहर जाती हैं।

यदि इन्हें टोल फ्री किया जाता है तो निगम प्रशासन इन पर अपना विज्ञापन लगाएगा। वहीं, बताया जाता है कि निगम के क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य हुए हैं जिन्हें जनता में पहुंचाना चाहिए है लेकिन प्रचार प्रसार कम होने के चलते वे अपने कार्यों को सही से जनता तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं।

## दर्शन...



**नई दिल्ली।** नवरात्रि के पहले दिन दिल्ली के झंडेवालान मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु।

# स्मार्ट फोन का बिल बना आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए परेशानी का सबब

- दो सौ रुपये का था बिलिंग प्लान, आ रहा है चार सौ से अधिक का बिल

**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।** दिल्ली के करीब 10,752 आंगनबाडी केंद्रों को स्मार्ट बनाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में अगस्त माह के पहले सप्ताह एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया और इसमें आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट बनाने के लिए खुद केजरीवाल ने वर्कर्स को स्मार्ट फोन वितरित किए थे लेकिन अब ये फोन आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत वर्कर्स के लिए सिरदर्द बन गए हैं। नाम न छापने की शर्त पर अलग-अलग परियोजनाओं की वर्कर्स ने बताया कि स्मार्ट फोन के साथ दी गई सिम का प्लान 200 रुपये बताया गया था, लेकिन अब उनको साढे चार से पांच सौ रुपये के बीच बिल भेजा जा रहा है। इस संबंध में वर्कर्स ने अपने सीडीपीओ कार्यालय को भी जानकारी दी तो उन्होंने भी सिर्फ 200 रूपये अदा करने की बात कहीं। ऐसे में 200 रूपये का बिल अदा करने के बाद उन्हें मोबाइल कंपनी की तरफ से बार-बार बकाया बिल अदा करने के कस्टमर केयर से फोन आने लगे और कईयों के सिम बंद भी कर दिए गए। वहीं, इसके अलावा बताया गया कि अभी तक मोबाइल पर संबंधित डेटा संकलित करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। वहीं, प्रशासन का कहना है कि उन्हें ऐसी शिकायत मिली हैं, जिस पर मोबाइल कंपनी को चेताया गया है और कंपनी बदलने की बात कही गई है।

# एनआरसी पर उल्टे-सीधे बयान दे रहे हैं केजरीवाल: भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर बढ़ रहा है भाजपा परिवार : जाजू

आम आदमी पार्टी (आप) के सहयोगी भी अब आप से निराश हैं क्योंकि केजरीवाल को एनआरसी तक पता नहीं है इसलिये उल्टे-सीधे बयान देकर लोगों में भ्रम फैला रहे हैं। भाजपा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दिल्ली के प्रभारी श्याम जाजू ने उक्त बातें रविवार को आप नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद प्रेसवार्ता में कहीं। प्रभारी जाजू ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी की प्रबल इच्छाशक्ति का परिणाम कश्मीर से अनुच्छेद-370 को खत्म किया जाना है जिससे प्रभावित होकर दिल्ली ही नहीं पूरे देश में लोग भाजपा के सदस्य बन रहे हैं। हर कोई राष्ट्रवादी विचाराधारा से प्रेरित विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। देश ही नहीं विदेशों तक में मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों की चर्चा की जाती है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली में रह रहे दिल्ली के बाहर के लोगों को भगाना चाहते हैं। लेकिन दूसरे राज्यों को बाहर करने से पहले दिल्ली के लोग केजरीवाल को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देंगे। भाजपा साफ नियत के साथ देश को विश्वगुरू बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। जाजू व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी की उपस्थिति में आप युवा विंग के संयुक्त सचिव अमित मिश्रा और लीगल सेल के पूर्वी दिल्ली जिलाध्यक्ष रूप मोहन शर्मा अपने साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये। इसके अतिरिक्त रिटायर्ड एसीपी नियमपाल सिंह सहित कई प्रोफेशनल्स ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की जिसमें सी.ए., एडवोकेट और इंजीनियर शामिल हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अभय वर्मा, पूर्व विधायक अनिल बाजपेयी उपस्थित थे।

## लव-कुश रामलीला में पहले दिन शिव विवाह, इंद्र दरबार एवं रावण का अत्याचार

# कलाकारों ने पेश किया भव्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में जगह-जगह रामलीलाओं का भव्य मंचन रविवार को शुरू हो गया है। दिल्ली के लालकिला ग्राउंड स्थित 15 अगस्त पार्क में विश्व प्रसिद्ध लवकुश रामलीला में पहले दिन रविवार को शिव विवाह, इंद्र दरबार एवं रावण अत्याचार का मनमोहक मंचन किया गया। पहले दिन शिव विवाह के मनोहारी मंचन ने जहां लोगों के धार्मिक नस को झकझोरा, वहीं इंद्र के भव्य दरबार ने लोगों की आंखें चुंधिया दीं।

इतना ही अत्याचारी रावण की दहाड़ से दर्शकों की रूह तक में झुरझुरी पसर गई। इंद्र के किरदार में जहां दिल्ली भाजपा के प्रमुख नेता विजय जौली ने जान डाल दी, तो वहीं अत्याचारी रावण की भूमिका में बॉलीवुड कलाकार अवतार गिल का अभिनय देखते ही बन रहा था। रावण द्वारा कुबेर का खजाना लूटने के दृश्य ने लोगों को डराने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा। वहीं, मंचन को लेकर कमेटी के प्रधान अशोक अग्रवाल ने बताया कि हमारी टीम ने इस बार के मंचन को लेकर बेहतरीन तैयारी की है। पीतमपुरा के एनएसपी स्थित श्रीकेशव रामलीला कमेटी में रामलीला मंचन के पहले दिन गणेश पूजन, शंकर-पार्वती संवाद, नारद मोह भंग, रावण-वेदवती संवाद के साथ-साथ फिल्मी कलाकारों अमिता नांगिया एवं प्रवीन निझावन ने सांस्क्रतिक कार्यक्रम पेश किया। वहीं, नरेला की सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के अध्यक्ष विष्णु दत्त भारद्वाज ने बताया कि भव्य मंच पर इस बार पर हनुमान जी का भव्य दरबार तथा भोले नाथ जी की अलोकिक छवि विराजमान है और रामलीला के माध्यम से भगवान राम की मर्यादा, उनकी संस्कृति, स्नेह, सनातन धर्म को लोगों तक पहुंचाना है।

# सुपर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- आरोपी पर दर्ज है 25 से अधिक मामले
- चोरी का सामान खरीदने वाला शेख खालिद मोहम्मद भी चढ़ा हत्थे

न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस ने एक सुपर चोर व उससे सामान खरीदने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी पॉश इलाके की कोठियों और मकानों में आधी रात को चोरी की वारदात को अंजाम देता था। गिरफ्तार आरोपी का नाम मोहम्मद अकरम (40) और उससे सामान खरीदने वाला शेख खालिद मोहम्मद (41) है। पुलिस अधिकारी की माने तो आरोपी अकरम पर चोरी और सेंधमारी के 25 से अधिक मामले दर्ज हैं। इतना ही नहीं आरोपी 12 फीट की ऊंचाई से बड़ी आसानी से नीचे कूद जाता था और दौड़ने में भी माहिर है। पुलिस ने इसके पास से करीब 10 लाख रुपए की जूलरी जब्त की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (साउथ-ईस्ट) चिन्मय बिश्वाल ने बताया कि गत 23 जुलाई देर रात महरानी बाग इलाके में एक कोठी से चोर करीब 20 लाख रुपए और लाखों रुपये की जूलरी लेकर फरार हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो उन्हें पता चला कि आरोपी घर के ताला तोड़ने के लिए औजार और हाथों में दस्ताना पहन कर आया हुआ था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वारदात के पीछे अकरम का हाथ हो सकता है। इसी बीच पुलिस को पता चला कि आरोपी अकरम इन दिनों सीलमपुर इलाके में छुपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अकरम को गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी का माल बरामद कर लिया। पूछताछ में अकरम ने बताया कि उसने चोरी के आभूषण श्रीनगर के रहने वाले शेख खालिद मोहम्मद को बेचा था, जो कि इन दिनों लाजपत नगर में रह रहा है। इसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

# दिल्ली-एनसीआर में पांच हजार टन सस्ती प्याज बेच चुकी है मदर डेयरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मदर डेयरी अब तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 23.90 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी वाली दर से पांच हजार टन प्याज बेच चुकी है। कंपनी की योजना आने वाले समय में आपूर्ति बढ़ाने की है ताकि उपभोक्ताओं को प्याज खरीदने के लिये लंबी कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ा। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। दिल्ली समेत देश के कई इलाकों में प्याज की कीमतें 60 से 80 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गयी हैं। केंद्र सरकार ने इसे देखते हुए उपभोक्ताओं को राहत देने के लिये सुरक्षित भंडार से 50 हजार टन प्याज बाजार में उतारने का निर्णय लिया है। दिल्ली में मदर डेयरी, नाफेड और एनसीसीएफ सब्सिडी पर प्याज की बिक्री कर रही हैं। मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक संग्राम चौधरी ने कहा कि हम अपने सफल स्टोरों के बाहर प्याज खरीदने वाले उपभोक्ताओं की लंबी कतारों से चिंतित हैं। हम आने वाले दिनों में मात्रा और बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि प्याज की कीमतों में यह तेजी तात्कालिक है तथा जब नवंबर से खरीफ फसलों की आवक शुरू होगी तब धीरे-धीरे इसमें नरमी आने लगेगी। देश में प्याज की कोई कमी नहीं है। चौधरी ने कहा कि मदर डेयरी अब तक सब्सिडी पर पांच हजार टन प्याज बेच चुकी है। केंद्र सरकार की ओर से ये प्याज नाफेड के भंडार से लिये गये। उन्होंने कहा कि यह काफी बड़ी मात्रा है। हम बाजार को स्थिर और संतुलित बनाना चाह रहे हैं। हम इसे न मुनाफा,न घाटा के हिसाब से बेच रहे हैं। हमने अपने सफल बूथों के जरिये बाजार को संतुलित बनाने में हमेशा सरकार की मदद की है और आगे भी ऐसा करते रहेंगे।


नई दिल्ली में रविवार को एक सफल बूथ से प्याज खरीदती महिलाएं।

### रोजाना 150 से 200 टन प्याज की बिक्री

मदर डेयरी के सफल कारोबार को देखने वाले एक अधिकारी ने कहा कि हमने 20 टन प्याज रोजाना बेचकर शुरुआत की और अब हर दिन 150 से 200 टन प्याज बेचे जा रहे हैं। ज्यादातर माल नासिक का है।

# सरकारी कार्यालयों को स्थानांतरित करने के लिए चार स्थान चिन्हित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की पहचान से जुड़ी रायसीना पहाड़ी और आसपास के स्थलों की कायाकल्प योजना के तहत केन्द्र सरकार ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों को अस्थायी ढांचों में स्थानांतरित करने के लिए मध्य दिल्ली में चार स्थानों की पहचान की है। इन अस्थायी ढांचों का निर्माण केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) करेगा। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालयों को स्थानांतरित करने के लिए अभी तक गोल मार्केट, कस्तूरबा गांधी मार्ग पर, अफ्रीका एवेन्यू के समीप तथा तालकटोर स्टेडियम के समीप खाली पड़े स्थानों की पहचान की है। मंत्रालय में वर्तमान में एक प्रक्रिया चल रही है जिसके तहत इस बात की पहचान की जा रही है कि रायसीना पहाड़ी के आसपास वाले क्षेत्र में कितने सरकारी कार्यालय काम करते हैं। इस माह के शुरू में शहरी मामलों के मंत्रालय ने संसद भवन, साझा केन्द्रीय सचिवालय एवं सेन्ट्रल विस्टा (रायसीना पहाड़ी के समीप स्थित मुख्य सरकारी भवन एवं स्थल) के कायाकल्प के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी) आमंत्रित किया था।




# संजय गांधी अस्पताल में बनेगा 362 बेड का ट्रॉमा सेंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व विस्तार की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को मंगोलपुरी में संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में 362 बेड्स के ट्रॉमा सेंटर का शिलान्यास किया। अपने एक ट्वीट में मुख्यमंत्री ने लिखा, अभी तक सरकारें 1 करोड़ रुपये प्रति बेड के हिसाब से अस्पताल बनातीं थीं। लेकिन संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल के 362 बेड का अत्याधुनिक एवं एसी ट्रॉमा सेंटर महज 71 करोड़ रुपये का बनेगा। आपकी सरकार ईमानदार है, पैसे बचा रही है, इसलिए आज सभी के लिए इतनी सारी सुविधाएं दे पा रही है। एक अन्य ट्वीट में मुख्यमंत्री ने लिखा, इस एक काम में ही 190 करोड़ रुपये बच गये।


### सेंटर में 14-14 बेड के तीन आईसीयू होंगे : जैन

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि इस ट्रॉमा सेंटर के अंदर आईसीयू बेड्स भी हैं, इमरजेंसी बेड्स भी हैं और ट्रॉमा सेंटर भी है। साथ ही साथ इसमें 6 ऑपरेशन थियेटर भी हैं। पूरी बिल्डिंग वातानुकूलित है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में तो हम 50 फीसदी से ज्यादा बेड, इमरजेंसी, ट्रॉमा, आईसीयू के लिए बनाने जा रहे हैं। तीन आईसीयू होंगे। ये 14-14 बेड के आईसीयू होंगे जिनमें सभी आधुनिक सुविधाएं होंगी।

# एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक से मुक्त होने का संकल्प ले : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक से मुक्ति देने के लिए भाजपा नेता व प्रशासन जुटे हुए हैं। इसी को लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि आज जब हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मना रहे हैं, तो इसके साथ ही 130 करोड़ देशवासियों ने एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक से मुक्त होने का संकल्प लिया है। तिवारी ने कहा कि मुझे विश्वास है, आप सब 2 अक्टूबर को एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक से मुक्ति के लिए होने वाले अभियान का हिस्सा बनने वाले ही होंगे। बता दें कि 2 अक्टूबर 2019 को पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती का जश्न मनाएगा।






## खबर संक्षेप



### कृष्ण अत्री एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव बने

**फरीदाबाद।** छात्र हितों में लड़ी गई लड़ाई को देखते हुए एनएसयूआई की राष्ट्रीय प्रभारी एवं एआईसीसी की जॉइंट सेक्रेटरी रुचि गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन, हरियाणा के प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव सन्नी मेहता, प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कृष्ण अत्री को प्रदेश सचिव से प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। साथ ही पांच जिलों फरीदाबाद, गुरुग्राम, झज्जर, सिरसा, फतेहाबाद के प्रभार की जिम्मेदारी भी दी है। कृष्ण अत्री को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुन्दन ने कहा कि एनएसयूआई विश्व का सबसे बड़ा ऐसा छात्र संगठन है जिसमें सभी वर्गों के छात्रनेता बिना किसी भेदभाव के साथ रहकर छात्र हितों की लड़ाई लड़ते है।

### शिमला में स्काउट्स टीम ने जीता राज्य पुरस्कार

**फरीदाबाद।** जिले की स्काउट्स टीम शिमला में राज्य पुरस्कार मिलने पर सेक्टर-55 स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कैडेट को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य सतेंद्र सौरोत ने उन्हें पुरस्कार दिए। प्रधानाचार्य सतेंद्र सौरोत और ज्वाइंट डीओसी देशराज ने बताया कि हरियाणा एवं पंजाब ट्रेनिंग सेंटर तारा देवी शिमला में राज्य ट्रेकिंग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें फरीदाबाद के दस स्काउट्स और महावीर ओपन ग्रुप के सात रोवर ने भाग लिया। इस दौरान सभी को जंगल में किस तरह से सुरक्षित रह सकते हैं, इसका प्रशिक्षण दिया गया।

### पिकअप से 136 पेटी शराब पकड़ी

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 पुलिस ने एक पिकअप में अवैध रूप से ले जाई जा रही बीयर, अंग्रेजी व देसी शराब की 136 पेटियां पकड़ी हैं। पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान गांव सोलड़ा पलवल निवासी पप्पू के रूप में हुई है। शुरुआती पूछताछ में उसने बताया है कि शराब की पेटियां गांव मोहना में एक ठेके से ली थीं। आरोपी ने कहा है कि वह शराब दिल्ली की झुग्गियों में सप्लाई करता। पुलिस उस ठेके के संचालक पर भी कार्रवाई करेगी, जिससे शराब ली गई। क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी लाजपत ने बताया कि उनकी टीम को पिकअप में अवैध रूप से शराब ले जाए जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद आईएमटी के पास नाकाबंदी गई और उसे पकड़ लिया गया। भले ही पुलिस कह रही है कि यह शराब दिल्ली ले जाई जा रही थी, मगर प्रदेश में चुनाव की घोषणा के मद्देनजर यह गंभीर मामला है। कई प्रत्याशियों पर चुनाव के दौरान शराब बांटने के आरोप लगते हैं।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**फरीदाबाद।** मकान का ताला तोड़कर चोर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तिगांव निवासी श्रीचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली नहीं आने पर परिवार के लोग मकान के आंगन में सो रहे थे। रात एक बजे बिजली आने पर धान की सिंचाई के लिए पिता रतीराम ट्यूबवेल चलाने के लिए खड़े हुए थे। इस दौरान कमरे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से सोना-चांदी के जेवरात व 15 हजार रुपये गायब थे। यह देख पिता ने परिवार के अन्य लोगों को जगाया और पुलिस को 100 नंबर पर फोन किया। चोर मकान की छत से होकर अंदर घुसे थे। थाना तिगांव प्रभारी कुलदीप सिंह का कहना है कि पुलिस ने शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मंदिरों में धूमधाम से शुरू हुई मातारानी की पूजा-अर्चना

**फरीदाबाद/गुरुग्राम/गाजियाबाद/नोएडा।** मंदिरों में नवरात्रों की धूम आरंभ हो गई है। एनसीआर में मातारानी के मंदिरों में मां की पूजा-अर्चना शुरु हो गई है। रविवार को प्रथम नवरात्रे पर मंदिर में मां शैलपुत्री के जयकारों के बीच भक्तों ने मां की पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। फरीदाबाद के वैष्णो देवी मंदिर हजारों भक्तों ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई, वहीं शहर के प्रमुख उद्योगपति एवं गणमान्य लोगों ने भी हवन यज्ञ में अपनी आहुति डाली। हर साल की भांति इस बार भी महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में भक्तगण ज्वाला जी से मां की पवित्र ज्योत लेकर पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर में भव्य प्रकाश व सजावट की गई है। इस शुभ अवसर पर मां के दरबार में ज्योति प्रज्वलित की गई।

## हजारों भक्तों ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई



**फरीदाबाद।** रविवार को महारानी वैष्णों देवी मंदिर संस्थान में नवरात्र के प्रथम दिन पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

### मांगी सुख, समृद्धि की दुआ

**नोएडा।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रविवार को नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की दुआ मांगी। मां दुर्गा के दर्शन के लिए मंदिरों में दूर-दराज के इलाकों से श्रद्धालु पहुंचे थे।




### मंदिरों में गूंजे दुर्गा सप्तशती के मंत्र

गुरुग्रामः नवरात्र के पहले दिन शहर में मंदिरों में हवन पूजन किया गया। भक्तों ने मां दुर्गा के शैलपुत्री रूप की पूजा की। शीतला माता मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में दुर्गा सप्तशती के मंत्र गूंज रहे हैं। हवन पूजन हो रहा है और भक्तों माता के दर्शन कर रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन के पूजन में हरियाणा के शहरी विकास और स्थानीय निकाय के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण शामिल हुए। जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव व मुख्य दंडाधिकारी नरेंद्र सिंह ने भी नवरात्र के पहले दिन शीतला माता मंदिर में हवन पूजन किया। मंदिर के पुजारी हरिओम शर्मा ने उनकी पूजा संपन्न कराई। मंदिर में दिन और रात का फर्क खत्म हो गया है। माता शीतला के दर्शन के लिए गुरुग्राम के विधायक उमेश अग्रवाल की पत्नी अनीता लूथरा अग्रवाल भी पुत्र के साथ सुबह सबेरे माता शीतला के पूजन के लिए पहुंची।

## एक्सिस बैंक के एटीएम में वारदात

# एटीएम का पैनल काटकर 34 लाख ले गए बदमाश

बदमाश 'बूथ में रखी मशीन काम नहीं कर रही' लिखी स्लिप बाहर लटका कर चले गए

- बदमाशों ने मशीन के पैनल को ड्रिल मशीन काटकर रकम निकाली
- एटीएम बूथ में किसी गार्ड की तैनाती नहीं थी, चोरों ने इसी का फायदा उठाकर की चोरी
- सूचना पर मशीन ठीक करने आये इंजीनियर के आने पर चोरी का पता चला

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

आचार्य पुरी कॉलोनी में स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम का पैनल तोड़कर बदमाशों ने 33 लाख 85 हजार की रकम निकाली और चंपत हो गए। वहीं, बदमाश जाते वक्त 'बूथ में रखी मशीन काम नहीं कर रही' लिखी स्लिप बाहर लटका कर चले गए। वारदात को शुक्रवार देर रात अंजाम दिया, जबकि पुलिस घटना की जानकारी बैंक की ओर से शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे दी गई, जिसके बाद पुलिस जांच में लगी।

बदमाशों ने मशीन एटीएम में लगे कैमरे को क्षतिग्रस्त कर रखा है। बैंक ने एटीएम में रकम डालने की जिम्मेदारी एक प्राइवेट एजेंसी को दे रखी है। एटीएम बूथ में किसी गार्ड की तैनाती नहीं थी। जिसका फायदा बदमाशों ने उठाया। बदमाशों ने मशीन के पैनल को ड्रिल मशीन काटकर रकम निकाली।

जाते वक्त बूथ में रखी मशीन काम नहीं कर रही लिखी प्लेट बाहर लटका कर चले गए। सुबह जब लोग बूथ पर रकम निकालने के लिए गए तो वापस लौट आए। 'मशीन काम नहीं कर रही' की सूचना देखरेख करने वाली एजेंसी को मिली तो इंजीनियर की टीम सही करने के लिए पहुंची।



### इंजीनियरों ने दी पुलिस को सूचना

इंजीनियरों की टीम ने बूथ के अंदर जाकर देखने पर पैनल कटा और रकम गायब मिली, जिसके बाद बैंक को सूचना दी गई। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि बैंक की ओर से शनिवार शाम को सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू हुई। पुलिस के मुताबिक वारदात को अंजाम एटीएम काटने वाले किसी गिरोह ने अंजाम दिया है।

### प्रॉपर्टी डीलर के घर से नकदी व जेवरात चोरी

**फरीदाबाद।** धौज थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर तगा में चोरों ने प्रॉपर्टी डीलर के घर से 2.60 लाख रुपये व सोने की दो अंगूठियां चोरी कर लीं। जब चोरी हुई, पूरा परिवार घर में ही सोया हुआ था। सुबह जागने पर उन्हें चोरी का पता चला। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता गांव फतेहपुर निवासी खलील ने बताया है कि उसका बेटा प्रॉपर्टी डीलर है, वह रेडिमेड कपड़े का काम भी करता है। कहीं से उसके पास पेमेंट आई थी। रुपये उसने अलमारी में रखे थे। रात में पूरा परिवार घर में सोया था। सुबह उठे तो अलमारी का ताला टूटा हुआ मिला। आशंका है कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

### हथियारों के बल पर ठेके से नकदी व शराब लूटी

**फरीदाबाद।** यमुना किनारे के दलेलगढ़ गांव स्थित देसी शराब ठेके से 27 सितंबर की रात कार सवार चार युवक गन पॉइंट पर ठेके के सेल्समैन से मारपीट कर 14 हजार रुपये व शराब की बोतल लूट ले गए। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मगर सीमा बंदी के चक्कर में पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है। मंझावली गांव निवासी मुकेश सैनी ने तिगांव थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने दलेलगढ़ गांव में शराब का ठेका लिया हुआ है। इस ठेके पर प्रेमचंद नामक युवक सेल्समैन के तौर पर कार्य करता है।

### चोरी के जेवरात खरीदने के आरोप में सुनार व दो चोर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान रविवार को निठौरा रोड से दो चोरों को चोरी का सामान खरीदने वाले सुनार के साथ गिरफ्तार किया है। चोरों के कब्जे से 14 मोबाइल, दो एलइडी, चांदी के बर्तन, चोरी का अन्य सामान और औजार बरामद हुए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार चोरों को जेल भेज दिया है। एसपी देहात नीरज जादौन ने बताया कि 22 सितंबर को चोरों ने न्यू विकास नगर कॉलोनी निवासी आईसीआईसी बैंक कर्मी रघुराज और एक अन्य के घर चोरी को अंजाम दिया था। रविवार को सूचना पर पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्धों को रोककर उनकी तलाशी ली।

## कुख्यात गैंगस्टर कौशल छठी बार पुलिस रिमांड पर

- अधिकतर मामलों की पूछताछ की जा चुकी है
- उसके गुर्गों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही पुलिस

**गुरुग्राम।** कुख्यात गैंगस्टर कौशल को एसआईटी ने रविवार को इलाके के ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर पूछताछ के लिए लगातार छठी बार रिमांड पर लिया है। इस बार उसे गांव जमालपुर में एक सट्टा कारोबारी के घर पर तीन महीने पहले फायरिंग कराने के मामले में पूछताछ के लिए लिया गया है। शनिवार को उसे गैंगस्टर बिदर गुर्जर के भाई पप्पू गुर्जर की हत्या मामले में एक दिन की रिमांड पर लिया गया था। अब तक कौशल से गैंगस्टर जेडी की हत्या, बुकी विजय बत्रा की हत्या, फर्रुखनगर निवासी सतबीर की हत्या, मंडियों से उगाही करने एवं गैंगस्टर बिदर गुर्जर के भाई पप्पू गुर्जर की हत्या मामले में पूछताछ की जा चुकी है। विशेष जांच टीम (एसआईटी) के सदस्य व क्राइम ब्रांच पालम विहार के प्रभारी इंस्पेक्टर बिजेंद्र हुड्डा का कहना है कि गैंगस्टर कौशल से अधिकतर मामलों की पूछताछ की जा चुकी है। उससे पूछताछ के साथ ही गैंग के गुर्गों की गिरफ्तारी के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

### आरडब्ल्यूए की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

## नए मोटर यान अधिनियम में मोटे जुर्माने का किया विरोध



**फरीदाबाद।** कन्फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए की मासिक बैठक का आयोजन सेक्टर-15 के पार्क में रविवार को किया गया। इसमें नए मोटर यान अधिनियम 2019 के तहत मोटे जुर्माने का विरोध किया गया तथा सिगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने का भी आह्वान किया गया। इस दौरान कानून व्यवस्था से लेकर अन्य कई जनमुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता कन्फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए के चेयरमैन एनके गर्ग ने की जबकि उप-चेयरमैन गजराज नागर और महासचिव एएस गुलाटी ने एजेंडा पर विस्तार से चर्चा की। एएस गुलाटी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए बैठक में नाश्ते के लिए केले के पत्ते की प्लेट, पेपर गिलास, वुडन चम्मच, कचरे के थैले आदि चीजों का प्रयोग किया गया।

कार्यकारिणी ने इस पहल का स्वागत करते हुए प्रस्ताव पास किया कि सभी इस सिगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। बैठक में प्रस्ताव पास किया कि और राज्यों की तरह मोटर यान अधिनियम 2019 में जुर्माने की दर को तर्कसंगत किया जाए। इस बारे में कन्फेडरेशन राज्य सरकार को पत्र लिखेगी।

### छात्रों ने बनाया अनोखा सॉफ्टवेयर

## अब विजन थैरेपी से होगा आंखों व दिमाग का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

- कारगर साबित हो रहा सॉफ्टवेयर

अगर किसी को माइग्रेन, आंखों में भैंगापन, तिरछापन, आंखें कमजोर सहित आंखों और दिमाग से जुड़ी दूसरी बीमारियां हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। अब एक सॉफ्टवेयर की मदद से इन बीमारियों से निजात पा सकते हैं। गुरुग्राम के दो छात्रों जतिन कौशिक एवं पुनीत ने एमिटी यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद मसीउज्जमा की मदद से ऐसा सॉफ्टवेयर इजाद किया है जो इन बीमारियों में कारगर साबित हो रहा है। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से मरीजों को विजर थैरेपी दी जाती है। जिससे उनकी बीमारी पर तीन से छह महीने में काबू पाया जा सकता है। इसकी खासियत यह है कि शारीरिक कसरत की तरह ही मरीज को आंखों से जुड़ी खास किस्म की कसरत कराई जाती है।

कॉयर सी नाम के इस सॉफ्टवेयर को इजाद करने वाले छात्रों का दावा है कि किसी को सिरदर्द के लिए अब चश्मा देने की जरूरत नहीं है। इस सॉफ्टवेयर की मदद से उसे सिर दर्द से छुटकारा दिलाया जा सकता है। इसकी दूसरी खासियत यह है कि इसे मरीज चकित्सक की सलाह पर घर का हॉस्पिटल दोनों जगहों पर आराम से कर सकता है।

### मेयर ने किया उद्घाटन

## गाजियाबाद में प्लास्टिक वेस्ट से बनाई गई 280 मीटर सड़क

**गाजियाबाद।** तमिलनाडु के बाद उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में भी प्लास्टिक वेस्ट से 280 मीटर सड़क बनाई गई है। जिसका उद्घाटन रविवार को अपराह्न मेयर आशा शर्मा ने कवि नगर में किया। इस अवसर पर मेयर ने बताया कि प्लास्टिक वेस्ट से यह सड़क बनाई है। जिससे प्लास्टिक वेस्ट का डिस्पोजल हो सकेगा। उन्होंने कहा कि शहर के दूसरे हिस्सों में भी प्लास्टिक वेस्ट से सड़कें बनाई जाएंगी। आपको बता दें कि पर्यावरण की दृष्टि से प्लास्टिक वेस्ट के डिस्पोजल के लिहाज से तमिलनाडु में सबसे पहले यह अभिनव प्रयोग किया गया था वहां पर 250 किलो मीटर सड़क का निर्माण किया जा चुका है। अब गाजियाबाद उन जिलों से शुमार हो गया है जहां प्लास्टिक वेस्ट से सड़क बनाई गई है।



इस अवसर पर नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने बताया कि नगर निगम ने 280 मीटर की यह सड़क वार्ड 91 कलाधाम डी ब्लॉक कविनगर में वेस्ट प्लास्टिक एव पोलोथिन के प्रयोग से सड़क बनाई गई है। सड़क में 350 किलोग्राम प्लास्टिक एवं पांच प्रतिशत तारकोल का प्रयोग किया गया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक वेस्ट से बनी सड़क सामान्य मेटेरियल से बनाई जाने वाली सड़क से ज्यादा समय तक चलती है। प्लास्टिक वेस्ट से बनाई जाने वाली सड़क दस साल तक चल जाती। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी गाजियाबाद नगर निगम वेस्ट प्लास्टिक के प्रयोग से सड़क निर्माण कराएगा।

### अपर मुख्य सचिव गृह ने इंदिरापुरम थाने का किया निरीक्षण, बोले

# प्रदेश की जनता को भयमुक्त करना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी ने रविवार को कहा कि प्रदेश की जनता को सुरक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश में अपराधों के बाबत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। साथ ही प्रदेश में भयमुक्त वातावरण के लिए भी शासन कटिबद्ध है। पुलिस को संसाधनों से लैस करने के लिए 29 सौ करोड़ रुपये से इंफ्रास्ट्रेक्चर तैयार किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

अवनीश अवस्थी रविवार को इंदिरापुरम थाने का औचक निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्राइम के मामले जीरो टोलरेंस की नीति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में है। प्रदेश को अपराध मुक्त किया जाएगा। इसको लिए 29 सौ करोड़ का मद स्वीकृत किया गया है। आज तक किसी मुख्यमंत्री ने इतनी बड़ी धनराशि पुलिस विभाग को आवंटित नहीं की। पुलिस का संसाधन के साथ आधुनिकीकरण किया जाएगा।



अवस्थी ने कहा कि गाजियाबाद में पांच नए थानों का निर्माण किया जाएगा। इनमें थाना टोली मोड़, कौशांबी और मधुबन बापूधाम के लिए जमीन उपलब्ध हो गई है। नंदग्राम और टीला मोड़ थानों के लिए नगर निगम और जीडीए जमीन की व्यवस्था कराएंगे। इसके लिए जीडीए व नगर निगम के अधिकारियों से बात कर ली गई है। उन्होंने कहा कि कार चोरी की घटनाओं के मामले में कारों में जीपीएस लगाए जाने की व्यवस्था को लागू कराया जाएगा। थानों में खड़े लावारिस वाहनों, एमवी एक्ट से और मुकदमों से संबंधित माल के निस्तारण के लिए अब उन्हें जिले में एक स्थान चयनित कर चारदीवारी कर वहां खड़ा किया जाएगा। इसके लिए मल्टीलेबल बिल्डिंग तैयार कराई जाए,जमीन की व्यवस्था की जाएगी। इन सबका प्रस्ताव तथा एस्टीमेट 15 दिन में ही शासन को भेजा जाना चाहिए।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि पेटी अपराध मसलन छोटे-मोटे अपराध, चोरी, स्नेचिंग, उठाईगिरी आदि के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग को सुदृढ़ किया जाएगा । इसके लिए सोसायटी के अध्यक्षों व सचिव से बात कर वहां भी व्यवस्था की जाएगी ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। कॉलोनियों में कम्युनिटी पुलिसिंग की व्यवस्था कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि पुलिस के समक्ष आवास की सबसे अधिक समस्या रहती है। अधिकारियों को आसानी से मकान नहीं मिलता है। पुलिस लाइन में स्थान नहीं है। थानों में भी जगह नहीं है। इसके लिए जीडीए और आवास विकास निगम से जमीन लेकर आवास एक व दो बीएचके के मकान बनाए जाएंगे। इसके लिए इन दोनों संस्थाओं से जमीन उपलब्ध कराने तथा इसके लिए प्रस्ताव बनाने के लिए कहा गया है।

निरीक्षण के दौरान एसएचओ दीपक शर्मा की कार्यशैली का लोहा माना। पुलिस सीक्रेट फंड के बाबत पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह मद है और इसी फंड से इंदिरापुरम में इंजीनियर के अपहरण के मामले में इंदिरापुरम एसएचओ दीपक शर्मा, एसआई धीरेंद्र उपाध्याय, जितेंद्र बालियान व पुलिस टीम को एक लाख का इनाम देने की घोषणा की।

## न्यूज डायरी

### बसपा ने एनआईटी से करामत को, पृथला से वशिष्ठ को बनाया उम्मीदवार

**फरीदाबाद।** बहुजन समाज पार्टी ने फरीदाबाद की नौ विधानसभा में से चार के उम्मीवारों को घोषित किया है। यह घोषणा प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश भारती ने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर की है। प्रकाश भारती ने बताया कि पृथला विधानसभा क्षेत्र से सुरेन्द्र वशिष्ठ, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से हाजी करामत अली, बल्लभगढ़ से अरूण बीसला तथा हथीन विधानसभा क्षेत्र से चौधरी तैयब हुसैन को उम्मीदवार घोषित किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही अन्य उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की लिस्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर की जाएगी।

### सपा ने घोषित किए पांच प्रत्याशी

**फरीदाबाद।** समाजवादी पार्टी ने प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पांच प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। प्रदेश सपा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी एडवोकेट ने बताया कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से आदेश उर्फ सोनू यादव, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से रविंद्र गुप्ता, फिरोजपुर झिरका जिला नूंह से आरिफ खान ठेकेदार, पानीपत ग्रामीण से डॉ.पारस राज, बेरी से बबीता सुहाग को उम्मीदवार घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्दी ही अन्य उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

### 60 फर्जी डॉक्टरों को नोटिस जारी

**फरीदाबाद।** जिला स्वास्थ्य विभाग ने प्रतापगढ़ स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के बिना डिग्री लोगों का इलाज करने के आरोप में 60 फर्जी डॉक्टरों नोटिस जारी किया है। विभाग ने इन फर्जी डॉक्टरों को अपने मेडिकल से संबंधित दस्तावेज पेश करने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतापगढ़ के किसी निवासी ने जीवन नगर, सेक्टर-55, सरूरपुर कॉलोनी, गौंछी गांव में चल रहे अवैध क्लीनिकों के खिलाफ सीएम विन्डो पर शिकायत लगाई थी कि यह फर्जी डॉक्टर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग। यह शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुलशन अरोड़ा के पास पहुंची, तो उन्होंने प्रतापगढ़ स्वास्थ्य केंद्र के इंचार्ज डॉ. सतीश वर्मा को इसकी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों की टीम तैयार की और उन्होंने आसपास की सभी कॉलोनियों एवं झुग्गियों में चल रहे क्लीनिक पर छापेमारी की। इस दौरान 60 फर्जी डॉक्टर ऐसे मिले जो अपने दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर पाएं। विभाग की टीम ने उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। डॉ.सतीश वर्मा ने बताया कि फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई थी। यदि वह दस्तावेज प्रस्तुत प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अग्रसेन जयंती समारोह शुरू

**फरीदाबाद।** अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ द्वारा रविवार को यज्ञ कर अग्रसेन जयंती उत्सव एवं समिति के रजत जयंती समारोह की शुरुआत की गई। यज्ञ के उपरांत अग्रसेन दरबार चौक पर महाराजा अग्रसेन एवं अट्ठारह राजकुमारों की प्रतिमाओं को माल्यार्पण किया गया। समिति के प्रधान जितेंद्र सिंगला ने बताया कि अग्रवाल समिति 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक अग्रसेन जयंती उत्सव बड़े ही धूमधाम से मना रही है एवं आज अग्रसेन चावला कॉलोनी में यज्ञ कर इस उत्सव की विधिवत शुरुआत की गई। एक अक्टूबर को वैश्य महिला मंडल द्वारा महाराजा अग्रसेन के जीवन पर आधारित एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी एवं उसके उपरांत सुंदरलाल छाबड़ा द्वारा निर्देशित नाटक श्वो कागज की कश्ती, वो बारिश का पानी का मंचन किया जाएगा। इसके बाद आंखों के जांच एवं ऑपरेशन का कैंप, ड्राइंग कंपटीशन, दिव्यांग विद्यार्थियों को फल एवं स्टेशनरी वितरण का आयोजन भी किया जाएगा। समिति के प्रवक्ता ललित गोयल ने बताया कि 5 अक्टूबर को एक विराट हास्य कवि सम्मेलन के साथ जयंती उत्सव का समापन होगा यह कवि सम्मेलन अग्रवाल धर्मशाला के ग्राउंड में किया जाएगा।

### छेड़छाड़ के आरोपियों को जेल भेजा

**फरीदाबाद।** थाना आदर्श नगर क्षेत्र में एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने की कोशिश करने पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। किशोरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पैदल घर जा रही थी। तभी बराबर में एक तिपहिया आकर रुका। जिसमें एक युवक ने उतरकर जबरदस्ती उसे तिपहिया बैठा लिया। शोर मचाने पर मुंह को हाथ से दबा लिया। कुछ दूर सुनसान जगह पर ले जाकर छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने की कोशिश की। शोर मचाने पर पकड़े जाने के डर से जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। महिला थाना प्रभारी माया ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### लुधियाना जेल में 440 ने चलाया सर्च अभियान

**लुधियाना।** पुलिस, जेल और सिविल प्रशासन करीबन साढ़े 400 कर्मचारियों ने सेंट्रल जेल में सर्च अभियान चलाया। हैरत की बात यह है कि चार घंटे चले इस अभियान के दौरान पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा है। इससे यह साफ होता है कि पुलिस और सिविल प्रशासन के इस सर्च अभियान की सूचना पहले ही जेल के कैदियों को मिल गई थी, क्योंकि 21 सितंबर को जेल प्रबंधन की ओर से की गई सर्च में दस मुलाजिमों ने पांच मोबाइल फोन बरामद किए थे। एडीसी खन्ना जसपाल सिंह की अगुवाई में चलाए गए इस ऑपरेशन में डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर अश्वनी कपूर, एडीसीपी ऑपरेशनल जगजीत सिंह सरोआ, 9 एसीपी, 18 एडीसी, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों समेत 380 पुलिस मुलाजिम शामिल थे।

### ट्यूशन पढ़ने गई नाबालिगा लापता

**बराड़ा।** डेयरी मोहल्ला बराड़ा से एक नाबालिगा के लापता हो गयी। रुपिन्द्र कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी लड़की जसविन्द्र कौर उर्फ काजल बीती 27 सितंबर को घर से ट्यूशन के लिए निकली थी लेकिन जब वह देर शाम तक भी वापिस नहीं लौटी तो उन्होंने पता किया तो पता चला कि वह ट्यूशन में भी नहीं पहुंची।

### हादसे में गैस एजेंसी के कर्मचारी की मौत

**अंबाला।** शनिवार दोपहर अंबाला-जगाधरी रोड पर मुलाना के गांव कांसापुर के पास हुए हादसे में पिकअप गाड़ी के क्लीनर की मौत हो गयी। मृतक पवन कुमार के शव का आज एमएम अस्पताल मुलाना में पोस्टमार्टम हुआ। पवन कुमार जगाधरी की पूजा गैस एजेंसी की गाड़ी का क्लीनर था। पुलिस ने गैस एजेंसी के कर्मचारी हरीश की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### टाटा-एस की चपेट में बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर।** मानकपुर स्थित फैक्टरी से छुट्टी करके घर लौट रहे श्रमिक की रास्ते में पंजेटो के नजदीक टाटा एस की टक्कर लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गांव मांडखेड़ी निवासी शुभम (23) मानकपुर के औद्योगिक नगर स्थित फैक्टरी में पैकिंग का काम करता था। देर शाम वह फैक्टरी से छुट्टी करके बाइक पर वापस घर लौट रहा था। रास्ते में गांव पंजेटो के नजदीक उसे टाटा ऐस ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद आरोपित चालक मौके पर टाटा ऐस छोड़कर फरार हो गया।

### अवैध नशीले पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**यमुनानगर।** अवैध नशीला पदार्थ लेकर कहीं तस्करी करने जा रहे एक नशातस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित से पुलिस ने हजारों रुपये की सात किलोग्राम भुक्की (चूरापोस्त) बरामद की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को देर शाम सूचना मिली थी कि हमीदा के गढ़ी मार्ग पर एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने दबिश देकर आरोपित को हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुलिस ने आरोपित की तलाशी ली तो उसके पास मौजूद थैले से सात किलोग्राम भुक्की बरामद की। पूछताछ में आरोपित की पहचान पंजाब के गांव हेडिया निवासी हरप्रीत सिंह के रुप में हुई।

### बिजली के खंभे में आए करंट से मरी दो गायें

**अंबाला।** छावनी के रामबाग रोड पर बरसात के दौरान बिजली के खंभे में आये करंट की चपेट में आकर दो गायों की मौत हो गयी। घटना रविवार सुबह 8 बजे की है। लोगों की तुरंत इसकी सूचना बिजली निगम को दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इनेलो नेता ओंकार सिंह ने कहा कि एक तरफ तो दावे किए जा रहे है छावनी के विकास पर 1500 करोड़ खर्च किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर हलकी सी बारिश में बिजली चली जाती है, लेकिन पुराने लोहे के खम्बो में करंट चालू रहता है।

# पूरी तरह बिखर चुका विपक्ष: कैप्टन अभिमन्यु

## विपक्षी परिवारवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद के चंगुल में, जनता के आशीर्वाद से दोबारा बनेगी भाजपा सरकार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद**

वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह बिखर चुका है। आज विपक्षी दल चाहे कांग्रेस हो या अन्य दल हो वो परिवारवाद की चंगुल में आ गए हैं। जनता की चोट का सबक इन्होंने नहीं सीखा, फिर भी परिवारवाद, जातिवाद के नारों को लेकर जनता के बीच में जा रहे हैं। अब जनता इनको सबक सिखाने का मन बना चुकी है। उन्होंने दावा किया कि जनता के आशीर्वाद से भाजपा भारी बहुमत के साथ दोबारा सरकार बनाएगी। वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु रविवार को जींद की अग्रवाल धर्मशाला में नारनौंद हलका भाईचारा सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पारदर्शिता के साथ निष्ठा से कार्य किया है। हरियाणा एक, हरियाणवी एक, सबका साथ-सबका विकास के नारे को हकीकत में धरातल पर मूर्त रूप दिया है। सभी 90 हलकों में सामान रूप से एतिहासिक विकास कार्य हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर तंज कसते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि दस साल तक हरियाणा प्रदेश को लूटने वाले, प्रदेश के किसानों की जमीन हड़पने वाले आज अदालत से जमानत पर हैं। उनके कार्यकाल में गुंडे खुले घुमा करते थे जिनको सरकार जाने की इतनी पीड़ा हो गई है और हरियाणा जलाने का षड़यंत्र करने वाले ऐसे लोग भी आज कानून की दुहाई देंगे तो जनता उन पर विश्वास नहीं करेंगी। वित्तमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में रिकार्ड तोड़ विकास कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पारदिर्शता से सरकार चल रही है। सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों पर कमल खिलाने का हर संभव प्रयास है। विधानसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत के साथ दोबारा फिर सरकार बनाएगी। जो कार्य पूरे नहीं हो पाए उन्हें दोबारा सत्ता संभालते ही पूरा करवा दिया जाएगा। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। भाजपा टिकट वितरण के बारे में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका यात्रा से वापस लौट चुके हैं और केंद्रीय नेतृत्व के सामने सभी सीटों के उमीदवारों के नाम भेज दिए गए हैं। हरियाणा व महाराष्ट्र के उमीदवारों की घोषणा जल्द कर दी जाएगी। इस मौके पर देवव्रत ढांडा, प्रो. रोशनलाल श्योराण, सुभाष श्योराण, अजमेर सिंह, रणधीर सिंह, अजय सिंधु, सज्जन खर्ब, बब्बल सैनी, विजय सैनी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



जींद। नारनौंद हलका भाईचार सम्मेलन को संबोधित करते वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

# रोहतक में सड़क हादसा, तीन की मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक**

लाखनमाजरा स्थित गांव चिड़ी के पास रविवार को सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दोपहर करीब तीन बजे महम की तरफ से एक टैंपो गोहाना की तरफ जा रहा था। जिसमें चालक समेत तीन व्यक्ति आगे बैठे थे, जबकि एक महिला और कटड़ी टैंपो में पीछे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार ट्रक आया और टैंपो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टैंपो का अगला हिस्सा खत्म हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पास से गुजर रहे बाइक सवार दो व्यक्ति भी उसकी चपेट में आ गए।



### मृतकों में ये शामिल

पता चलते ही लाखनमाजरा थाना प्रभारी कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे। मृतकों की पहचान 60 वर्षीय सुरेश, 50 वर्षीय रणबीर और 25 वर्षीय राजू निवासी सामड़ी के रूप में हुई। टैंपो को राजू चला रहा था। जबकि सुरेश की पत्नी सुमित्रा पीछे बैठी थी।

## मुख्यमंत्री ने कमल शक्ति महिला सम्मेलन से चुनाव का प्रचार प्रसार शुरू किया

# हरियाणा में 75 नहीं सभी 90 सीटों में जीत दर्ज करेगी भाजपा : सीएम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

नवरात्र पर्व के पहले दिन रविवार को भाजपा ने पानीपत के गांव मतलौडा में कमल शक्ति महिला सम्मेलन से विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार प्रसार शुरू किया। वहीं मातृशक्ति से आशीर्वाद देने की अपील करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में नारी सुरक्षा के लिए सशक्त कदम उठाए हैं, वहीं प्रदेश सरकार, वूमैन पावर लाइफ ऐप चालू करेगी, इसके तहत सर्वेक्षण किया जा रहा है। वहीं सर्वेक्षण पूरा होने के बाद वूमैन पावर लाइफ ऐप चालू की जाएगी और यह ऑन लाइन सर्विस होगी। इस सर्विस पर पीड़िता अपनी शिकायत भेज सकती है और शिकायतकर्ता को अपना नाम व फोन नंबर भी बताने की आवश्यकता नहीं है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर वूमैन पावर लाइफ स्टाफ अपना कार्य शुरू करेगा और 24 घंटों के अंदर आरोपित तक पहुंचेगा, प्रथम चरण में आरोपित को समझाया जाएगा कि वह लड़कियों के साथ छेड़खानी की गलत आदत को छोड़ दे, आरोपित की एक माह निगरानी की जाएगी, जरूरत पड़ने पर उसकी काउंसलिंग भी की जाएगी, यदि इसके बाद भी आरोपित नहीं सुधरा तो कानून अपना काम करेगा।

- प्रदेश में महिलाओं की सशक्त सुरक्षा के लिए वूमैन पावर लाइफ ऐप शुरू की जाएगी







पानीपत। पानीपत के गांव मतलौडा की अनाज मंडी में आयोजित कमल शक्ति महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को विजय की प्रतीक गदा भेंट करते हुए परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार व सम्मेलन में उमड़ी महिलाओं की भीड़।

### जन आशीर्वाद यात्रा सभी 90 विस में पहुंची

सीएम मनोहर ने कहा कि 18 अगस्त को शुरू हुई उनकी जन आशीर्वाद यात्रा सभी 90 विधानसभाओं में पहुंची। यह लगभग 3000 किलोमीटर लंबी यात्रा थी। जिसमें 20 लाख लोगों ने यात्रा को अपना आशीर्वाद दिया, इस दौरान उन्होंने 1200 कार्यक्रम किए और करीब 800 स्थानों पर भाषण भी दिए। यह हरियाणा का सबसे बड़ा कार्यक्रम हरियाणा की जनता के सहयोग से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से भाजपा सरकार वापसी करेगी और पहले से भी अधिक कामकाज अपने दूसरे कार्यकाल में करवाएगी। रहा है, वहीं प्रदेश की जनता विपक्षी दलों की नीति व नीयत से अच्छी तरह से वाकिफ है।

### भाजपा सरकार से प्रदेश की महिलाएं भी बेहद खुश

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष निर्मल बैरागी ने कहा कि हरियाणा की जनता को विधानसभा चुनाव के मतदान का बेसब्री से इंतजार है, जनता तन मन धन के साथ भाजपा के साथ खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार से प्रदेश की जनता विशेषकर महिलाएं भी बेहद खुश है और लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भाजपा को सभी 90 सीटों पर जीत दिलवा कर इतिहास रचेगी।

### 90 विधानसभा में समान विकास करवाया

हरियाणा के परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की सभी 90 विधानसभा में समान विकास करवाया है। इससे पहले इतना ईमानदार मुख्यमंत्री हरियाणा में कोई नहीं आया। सीएम ने रोहतक कार्यालय में रविवार की सुबह हवन करके मतलौडा से मातृशक्ति का आशीर्वाद लेकर चुनाव प्रचार की शुरुआत की है।

### मातृशक्ति के आशीर्वाद से ऐतिहासिक जीत होगी

सांसद सुनीता दुग्गल, विधायक रोहिता रेवड़ी, महिपाल ढांडा, रविंद्र मछरौली, मेयर अवनीत कौर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रमोद विज ने कहा कि मातृशक्ति के आशीर्वाद से भाजपा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर हरियाणा में एक बार फिर मनोहर सरकार बनाने जा रही है। वहीं रैली में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति पहुंची थी।

### प्रदेश में पहली बार पढ़ी लिखी पंचायतें बनी

उन्होंने कहा कि हरियाणा में पहली बार पढ़ी लिखी पंचायतें बनी और इनमें 42 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी है। वहीं प्रदेश में महिलाओं व बच्चों में से कुपोषण को खत्म किया जाएगा। जनसभा में मुख्यमंत्री मनोहर ने महिलाओं से 75 पार का आशीर्वाद लेते हुए पूछा कि क्या महिलाएं उनके पिछले पांच साल के कार्यकाल से संतुष्ट है तो महिलाओं ने हाथ उठाकर सहमति जताई।

# अनुच्छेद 370 भारत की एकता और अखंडता के लिए था खतरा : अग्रवाल

**भाषा ▶▶ अमृतसर**

अनुच्छेद 370 भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा था। इसलिए इसे हटाया जाना बेहद जरूरी थी। कश्मीर में हालात पूरी तरह से कंट्रोल में हैं। किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। फिर भी कुछ दिनों तक पूरी तरह से वहां के हालात सामान्य हो जाएंगे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के मेरठ से सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने रविवार को 'राष्ट्रीय एकता अभियान' के तहत जन जागरण सभा के दौरान कही। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35 ए के उन्मूलन के साथ नए भारत की जनता को स्वर्गीय पंडित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की ओर से दिए गए नारे एक 'देश एक संविधान' लागू होने को लेकर लोगों को जागरूक करना था। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को हर अंतराष्ट्रीय मंच पर मुंह की कहनी पड़ रही है। 21वीं सदी के अंदर यह सबसे बड़ा परिवर्तन है। आज पूरा देश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं जम्मू-कश्मीर की जनता इस सब से वंचित थी। मोदी ने सबका साथ-सबका विकास का नारा भी सत्य कर दिया है। अब कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत एक है की कहावत भी सत्य हो गई है। आज पूरा भारत चाहता है कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भी भारत का हिस्सा बने, क्योंकि वह भी भारत का ही हिस्सा है। इस मौके पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलदेव राज चावला, पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिल जोशी, जन जागरण अभियान के प्रदेश सह-प्रमुख अशोक भारती, जिला भाजपा के प्रभारी व प्रदेश सचिव उमेश शारदा, जिला देहाती भाजपा अध्यक्ष राम शरण पराशर, पूर्व मेयर बक्शी राम अरोड़ा, प्रदेश प्रवक्ता राजेश हनी, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा रीना जेटली, जिला महामंत्री डॉ. राम चावला, अनुज सिक्का, प्रदेश मीडिया सह-प्रमुख जनार्दन शर्मा, हरविन्दर संधू, संजीव खन्ना, जरनैल सिंह, डॉ. राकेश, सरबजीत शंटी, अमन ऐरी, मानव तनेजा, एकता वोहरा, मोहित महाजन, तरुण जस्सी, विधु पुरी, जोगिन्दर वाही, अजय अरोड़ा, अलका शर्मा, कपिल शर्मा, विनोद बब्बल, तरुण अरोड़ा, सलिल कपूर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

**यमुनानगर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर मुस्लिम समुदाय के एक युवक ने अपनी पत्नी को तीन तलाक बोल दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपित पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न करने समेत प्रोटेक्शन ऑफ राइट ऑन मैरिज एक्ट-2019 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सुघ माजरी निवासी आसिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका निकाह 2016 में साढ़ौरा निवासी कमलदीन के साथ हुआ था। उसके मायके वालों ने दहेज का सारा जरूरी सामान दिया था। मगर उसका पति व ससुराल के लोग खुश नहीं हुए।

# आदमपुर सिविल एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट, एसओजी के जवान तैनात

**एजेंसी ▶▶ जालंधर**

ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से हथियारों की डिलीवरी मिलने के बाद आदमपुर सिविल एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट कर दिया गया। एहतिहात बरतते हुए पूरे पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। आदमपुर सिविल एयरपोर्ट की सुरक्षा का जिम्मा पंजाब पुलिस के पास है और एयरपोर्ट क्षेत्र में पंजाब पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के जवानों की तैनाती कर दी गई है। जवान आर-75 राइफल और जी-17 पिस्टल जैसे स्वचलित व अत्याधुनिक हथियारों के साथ लैस एसओजी के जवान एयरपोर्ट पर कड़ा पहरा दे रहे हैं। एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश और बाहर निकल रहे वाहनों की कड़ी चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा पंजाब पुलिस की तरफ से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन का नंबर एवं चालक की पहचान आदि को भी नोट किया जा रहा है। आदमपुर सिविल टर्मिनल को एयरफोर्स स्टेशन परिसर में ही बनाया गया है। मिग 29 विमानों की तैनाती के साथ आदमपुर एयरफोर्स बेस सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील माना जाता है।



- मिग 29 विमानों की तैनाती के साथ बेस सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील माना जाता है
- एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश और बाहर निकल रहे वाहनों की कड़ी चेकिंग

### राष्ट्रीय कन्वेंशन में शामिल होंगे कर्मचारी नेता

**चंडीगढ़।** भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ सोमवार को संसद मार्ग नई दिल्ली में राष्ट्रीय कन्वेंशन का आयोजन किया जाएगा। कनवेंशन में काफी संख्या में कर्मचारी और मजदूर शामिल होंगे।

आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट इम्पलाईज फैडरेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि हरियाणा के करीब दो हजार कर्मचारी एवं मजदूर नेशनल कन्वेंशन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने सावजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी हाथों में सौंपने, कोयला क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई के लिए खोलने, बैंकों का विलय करने, श्रम कानूनों में पूंजीपतियों के हकों में मजदूर विरोधी संशोधन करने के तौर पर नये हमले किए हैं।

# गन्नौर : खेत में युवक की हत्या

## दातौली गांव में वारदात, साथी को किया घायल, दो आरोपित काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर**

दातौली गांव में अपने दोस्त के साथ खेत में गए युवक की तीन आरोपितों ने हत्या कर दी व उसके साथी को पीट-पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान गांव दातौली निवासी कमलजीत उर्फ राधे व रवि के रूप में हुई है। आरोपितों को सोमवार को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। गांव दातौली निवासी सचिन ने जीटी रोड पुलिस चौकी में शिकायत दी कि उसके चाचा पवन व शेखपुरा गांव का नान्हा ने दातौली-शाहपुर रोड पर ठेके पर कुछ जमीन ले रखी है। शनिवार देर रात उसका चाचा पवन व नान्हा खेत में थे तो गांव के ही रवि, कमलजीत उर्फ राधे व विक्की रास्ते में बैठकर शराब पी रहे थे। जब पवन व नान्हा ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो वे उनके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान वह भी पानी संभालने खेत में गया था। जब उसे झगड़े का शोर सुनाई दिया तो वह खेल में बने कोठरे की तरफ दौड़ा। वहां उसने देखा कि उसका चाचा जमीन पर मृत अवस्था में पड़ा था और नान्हा भी गंभीर रूप से घायल था। उसने फोन पर सूचना परिजनों को दी। परिजन भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल नान्हे को उपचार के लिए अस्पताल में भेज दिया और पवन के शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। पुलिस ने सचिन की शिकायत पर दातौली निवासी कमलजीत उर्फ राधे, रवि व विक्की के खिलाफ हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर लिया और कार्रवाई करते हुए आरोपित कमलजीत उर्फ राधे व रवि को गिरफ्तार कर लिया। इस बारे में बड़ी थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि आरोपितों को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस तीसरे आरोपित को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी।



गांव दातौली का रहने वाला था पवन, गांव के ही तीन युवकों पर आरोप

पवन का फाइल फोटो

## आरोही स्कूलों में विभिन्न पदों के लिए चल रही परीक्षा

# कल की आज, आज की कल डाली जाएगी 'आंसर की'



भिवानी। परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेते बोर्ड के चेयरमैन जगबीर सिंह।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन जगबीर सिंह ने कहा कि आरोही स्कूलों में लिपिक पद के लिए कल (28 सितम्बर) को हुई परीक्षा की आंसर की है वे आज देर शाम तक वेबसाइट पर डाल दी जाएगी। आंसर की चैकिंग के लिए गई हुई है। फाइनल होते ही देर शाम तक आंसर की डाल दी जाएगी, जिसकी तैयारी चल रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि जो परीक्षा (29 सितम्बर) को पीजीटी व टीजीटी पद के लिए हुई है। उसकी आंसर की 30 सितम्बर को डाली जाएगी। वे रविवार शाम की पारी में टीजीटी में चल रही परीक्षा का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं नकल रहित करवाने का लक्ष्य लेकर चले थे। उसमें शिक्षा बोर्ड कामयाब हुआ। शिक्षा बोर्ड द्वारा ली जा रही हर परीक्षा को नकल रहित करवाया जा रहा है। हर परीक्षार्थी कमरे की नजर तले परीक्षा दे रहा है। रिजल्ट के बारे में उन्होंने कहा कि अभी आचार संहिता लगी हुई है। इसमें रिजल्ट घोषित नहीं किया जा सकता। चुनावी रिजल्ट आने के बाद ही इन परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित किया जाएगा। रविवार सुबह टीजीटी में 13600 तथा शाम के वक्त पीजीटी की परीक्षा में 16000 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है।

- चुनाव परिणाम के बाद घोषित किया जाएगा रिजल्ट

# पंजाब : भाजपा ने राजेश और महाजन उम्मीदवार बनाया

**चंडीगढ़।** भाजपा ने रविवार को राजेश बाघा और जंगी लाल महाजन को पंजाब उपचुनाव में क्रमशः फगवाड़ा और मुकेरियां विधानसभा क्षेत्रों से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की पंजाब इकाई के उपाध्यक्ष बाघा पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। वह 2011 से 2017 तक पंजाब अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रहे और राज्य भाजपा एससी मोर्चा के अध्यक्ष थे। सूत्रों के मुताबिक भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश अपनी पत्नी के लिए टिकट चाहते थे जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला सीट से अपने बेटे को उम्मीदवार बनाना चाहते थे। प्रकाश इस वर्ष होशियारपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए जिसके बाद यह सीट खाली हो गई। कांग्रेस ने पूर्व आईएएस अधिकारी बलविंदर सिंह धालीवाल को फगवाड़ा से उम्मीदवार बनाया है। बाघा ने रविवार को कहा, "फगवाड़ा क्षेत्र का विकास मेरी शीर्ष प्राथमिकता रहेगी। इस क्षेत्र में सोम प्रकाश जी द्वारा कराए गए कार्यों को मैं आगे बढ़ाऊंगा।

## खबर संक्षेप

### भारी बारिशः राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का गुमला, देवघर का कार्यक्रम रद

**रांची।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की झारखंड़ की तीन दिवसीय यात्रा के रविवार को दूसरे दिन गुमला, देवघर के सभी कार्यक्रम भारी बारिश के कारण रद कर दिये गये हैं। राजभवन के प्रवक्ता ने बताया कि भारी बारिश के चलते गुमला में अशोक भगत जी के आदिवासी आश्रम, देवघर में राष्ट्रपति के हेलीकाप्टर उतरने में तकनीकी कठिनाई के चलते ही राष्ट्रपति का रविवार को कार्यक्रम रद कर दिया गया है।

### मुसीबत बनी बारिशः बलिया में पटरी धंसी, यातायात ठप

**लखनऊ।** यूपी के ज्यादातर इलाकों में पिछले कुछ दिनों से जारी बारिश अब मुसीबत बन चुकी है। बलिया में लगातार बारिश की वजह से रविवार को बलिया-छपरा रेल प्रखंड पर यातायात ठप हो गया। बलिया में तड़के सवा चार बजे भारी बारिश के कारण छपरा-बलिया रेल खंड पर बलिया और बांसडीह रेलवे स्टेशन के बीच मिट्टी धंसने पटरी धंस गयी और यहां यातायात पूरी तरह ठप हो गया। इस वजह से सात ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया है तथा छह ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से भेजा जा रहा है। धंसी हुई पटरी को ठीक करने की कोशिश की जा रही है।

### विद्युत संशोधन बिल पर कर्मचारियों की राय लें

**लखनऊ।** बिजली अभियंताओं के अखिल भारतीय संगठन ने विद्युत अधिनियम संशोधन विधेयक को संसद में रखे जाने से पहले उस पर बिजली कर्मचारियों की राय लिए जाने की मांग की,कहा कि बिजली आपूर्ति के निजीकरण पर राष्ट्रव्यापी आन्दोलन किया जाएगा। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि विद्युत अधिनियम में संशोधन की कवायद मुख्यतः बिजली आपूर्ति, वितरण का कार्य अलग कर बिजली आपूर्ति को निजी क्षेत्र को सौंपने की केंद्र सरकार की योजना है।

स्कूल-कॉलेज बंद, तीनों राज्यों में फैली अव्यवस्था

# यूपी, बिहार-झारखंड में बाढ़ की भेंट चढ़े 123 लोग

यूपी, बिहार व झारखंड तीनों राज्य बाढ़ की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। स्कूल कॉलेज बंद, अस्पताल में फैली अव्यवस्था का भयावह मंजर देख आंखें फटी की फटी रह जा रही हैं। राज्यों के प्रशासनिक विभाग, सरकारों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में अलर्ट जारी किया हुआ है। तीनों राज्यों में करीब 123 लोग जान गंवा चुके हैं। कई बेघर हो चुके हैं तो कई अपनों से बिछड़ गए हैं।



वाराणसी में रविवार को जलभराव वाली सड़क पर रिक्शा में बैठकर अपनी मां के साथ यात्रा करते दो मासूम।



**पटना।** रविवार को सखा मैदान के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को ड्रम से बनी नाव पर बैठकर पार करते लोग।

### यूपी में बारिश से कई जगहों पर मचा कोहराम

**लखनऊ।** देश के कई कोनों में इन दिनों भारी बारिश ने अपना कहर बरसाया है। इसी बीच यूपी में बारिश के कारण काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। पिछले तीन दिनों में यूपी में हुई भयंकर बारिश के कारण अब तक करीब 90 लोगों की जान जा चुकी है। शनिवार को ही राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण 35 लोगों की मौत हो गई है। आजमगढ़ और मिर्जापुर जिले में 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 3 मौतें गाजीपुर और अंबेडकरनगर में हुई हैं। शनिवार शाम 5 बजे तक सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गोरखपुर, फिरोजाबाद, उन्नाव, बांदा, बलिया व सीतापुर जिले में 2-2 लोगों की मौत हुई है। जबकि बुलंदशहर, अमेठी, सहारनपुर, लखीमपुर, फतेहपुर, प्रयागराज, चित्रकूट, सुल्तानपुर व देवरिया में 1-1 व्यक्ति की मौत हो गई है। इससे पहले शुक्रवार को राज्य के कई हिस्सों से बारिश के कारण 44 लोगों की मौत हो गई।

## बिहार में तबाही, नीतीश बोले- कुदरत पर किसका काबू

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार में पिछले दो दिन से हो रही लगातार बारिश से हालत और बिगड़ गए हैं। अस्पताल, घरों में पानी घुस गया है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण बिहार में अब तक 27 लोगों की मौत हो गई है। जरूरी सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुईं हैं।

वहीं जगह-जगह रेलवे ट्रैक पर पानी भरने से कई ट्रेनें रद कर दी गईं। हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। बारिश के कारण स्कूलों में छुट्टियां कर दी गई हैं। रेल प्रशासन ने यात्री सुरक्षा के मद्देनजर कोलकाता से अमृतसर जाने वाली अकाल तख्त एक्सप्रेस का संचालन निरस्त कर दिया। जबकि पंजाब मेल समेत कई ट्रेनों को बदले रूट से रवाना किया। ट्रेनें पटना की जगह बदले रूट से गुजरीं। रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक 28 सितंबर को हावड़ा से अमृतसर जाने वाली ट्रेन 13005 पंजाब मेल बदले मार्ग आसनसोल-प्रधान खाटा-गया-पं. दीन दयाल उपाध्याय होकर गुजरी। इसके अलावा मालदा टाउन-दिल्ली के बीच चलने वाली ट्रेन 13413 फरक्का एक्सप्रेस किऊल जं.-गया-पं. दीन दयाल उपाध्याय और हावड़ा से जम्मूतवी जाने वाली ट्रेन 12331 हिमगिरी एक्सप्रेस आसनसोल-प्रधान खाटा-गया-पं. दीन दयाल उपाध्याय होकर चलीं।

### 'हालात से निपटने के लिए किए हैं पुख्ता इंतजाम'

पटना। बिहार में बाढ़ के कारण हालात बेहद खराब हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस बीच राज्य में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 27 हो गई है। सीएम ने कहा कि कई इलाकों में शनिवार से भारी बारिश जारी है और गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है पर हालात से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं व प्रशासन लोगों की मदद करने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि ये स्थिति किसी के हाथ में नहीं होती, ये आपदा प्राकृतिक है। मौसम विभाग भी सुबह कुछ कहता है और दोपहर में कुछ होता है। पीने का साफ पानी मुहैया कराने के लिए भी इंतजाम किए जा रहे हैं। साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी कम्युनिटी किचन चलाए जा रहे हैं।

### खगौल में पेड़ गिरने से चार लोगों की जान गई

पटना से सटे खगौल में रविवार को पेड़ गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। विशालकाय पेड़ एक ऑटो पर जा गिरा। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिला और एक बच्चा शामिल है। जानकारी के अनुसार ये सभी दुल्हिनबाजार के रहने वाले थे और इलाज कराने आए थे। वहीं दूसरी ओर भागलपुर के गंगा किनारे हनुमान घाट पर मंदिर की दीवार ढह गई। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। राज्य आपदा प्रबंधन बल रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गया है।

### सीएम ने बुलाई आपात बैठक

**पटना।** बिहार में भारी बारिश एवं बाढ़ से बिगड़े हालात की स्थिति पर सीएम नीतीश कुमार ने रविवार को आपात बैठक बुलाई। बैठक में सीएम नीतीश ने वरीय अधिकारियों एवं विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों से बारिश व बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की जानकारी प्राप्त की, अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। सीएम ने प्रदेश की जनता से प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में धैर्य रखने की सलाह दी है। इस वक्त हमें हिम्मत से काम लेना होगा। सरकार की तरफ से आम लोगों की समस्याओं के मद्देनजर जरूरी सुविधाएं मुहैया कराये जाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। किसी भी परिस्थिति में आवश्यक चीजों की कमी नहीं होने दी जायेगी।

### अस्पताल में मछलियों के साथ तैर रहे सुशासन के दावेः तेजस्वी

भारी बारिश के बीच आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर निशाना साधा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में चंद घंटो की बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त व प्रशासनिक व्यवस्था ध्वस्त है। घर, स्कूल, अस्पताल, कार्यालय, दुकान, शोरूम, बाजार, गली-मोहल्लों में हर तरफ नालों का 4-5 फुट तक गंदा पानी जमा है। अस्पतालों में मछलियों के साथ सुशासनी निश्चय, वादे व दावे तैर रहे हैं। सीएम को बताना चाहिए कि क्या बिहार में चंद घंटों की बारिश को भी आपदा मान लेना चाहिए? तेजस्वी ने कहा कि चूहों पर बाढ़ का दोषारोपण एवं खोखले सुशासनी दावों वाली सरकार ने राज्यवासियों को नारकीय स्थिति में पहुंचा दिया है। पूरा देश नग्न आंखों से नीतीश जी का स्वयं घोषित सुशासनी विकास देख रहा है।

### झारखंड में चहुंओर दिक्कतें, नदी पार करते वक्त बह गए 4 लोग

रांची। झारखंड में लगातार हो रही बारिश ने कई इलाकों में तबाही मचा दी है। नदियों का जलस्तर बढ़ने से नदी पार करने के दौरान तेज बहाव में गढ़वा के केतार, चतरा के कुंदा, कोडरमा के जयनगर व गिरिडीह के अरगाघाट में चार लोग नदी पार करने के दौरान तेज धार में बह गए। वहीं जामताड़ा के बिंदापाथर के कुसुमदहा गांव में शनिवार को मिट्टी की दीवार गिरने से एक महिला की दबकर मौत हो गई। उधर कोडरमा के चंदवारा में बारिश में घर की दीवार गिरने से बालक की मौत हो गई। बारिश के कारण राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों में हर ओर जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। साहिबगंज, चतरा, पलामू, गढ़वा, पाकुड़, दुमका, कोडरमा, धनबाद, जमशेदपुर, सरायकेला आदि जिलों में निचले इलाकों में घरों, दफ्तरों व अस्पतालों में भी पानी घुस गया है। इन इलाकों में जहां सैंकड़ों मिट्टी के घर ढह गए वहीं पेड़ गिरने व सड़कों पर जलजमाव से आवागमन बाधित है।

## राशिफल 30 सितंबर 2019

डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष**: जीवनसाथी के साथ बनाकर चलें। खानदानी प्रॉपर्टी किराए पर देने की सोच सकते हैं। किसी समारोह का आयोजन करने की सोच सकते हैं। प्रेम संबंधों में एक दूसरे को सम्मान दें। शुभ अंकः 3, रंग : पर्पल।

**वृषः** व्यवसाय को लेकर सेलिब्रेटी को बुला सकते हैं। खरीददारी कर सकते हैं। किसी प्रॉपर्टी को खरीदने संबंधित सभी कागजात पूरे होंगे। प्रेम संबंधों के लिए समय कठिन है। शुभ अंकः 6, रंगः लाल।

**मिथुनः** कार्यक्षेत्र पर कोई भी काम करने से पहले अच्छा-बुरा सोच लें। परिवार के किसी छोटे सदस्य को लेकर चिंतित हो सकते हैं। वाहन चलाते समय सतर्क रहें। शुभ अंक : 3, रंगः भूरा।

**कर्कः** कार्यक्षेत्र पर प्रतियोगिता का सामना करने में कामियाब होंगे। कहीं छुट्टियों पर जाने का प्लान बना सकते हैं। घर की मरम्मत का काम कराने से घर की मार्केट वैल्यू बढ़ेगी। शुभ अंकः 1, रंगः नारंगी।

**सिंहः** कार्यक्षेत्र पर कुछ समस्याएं हो सकती हैं। परिवार में किसी सदस्य की सफलता से खुशी का माहौल होगा। कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं। खानदानी प्रॉपर्टी मिलने के योग हैं। शुभ अंकः 5, रंगः गाढ़ा हरा।

**कन्याः** कार्यक्षेत्र पर किसी चीज पर सीनियर्स आपसे नाराज हो सकते हैं। घर पर कामों में व्यस्त रहेंगे। किसी टूर पर जाकर एंजॉय करेंगे। समाज में लोगों से मिलकर अच्छा महसूस करेंगे। शुभ अंकः 2, रंगः बेबी पिंक।

**तुलाः** कार्यक्षेत्र पर चीजों को लेकर सतर्क रहें। परिवार के किसी सदस्य को मनाने में जीवनसाथी मदद करेगा। प्रॉपर्टी के लिए किरायेदार मिलेंगे। पढ़ाई में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। शुभ अंकः 8, रंग : फोरेस्ट ग्रीन।

**वृश्चिकः** व्यवसाय में खुद को स्थापित करने में कामियाब होंगे। परिवार के किसी मामले को जल्द से जल्द सुलझाने की कोशिश करें। प्रॉपर्टी संबंधित कामों के लिए दिन अच्छा है। शुभ अंकः 15, रंग : इंडिगो।

**धनुः** कार्यक्षेत्र पर किसी प्रतियोगिता में सफल होंगे। विदेश में पढ़ रहे परिवार के सदस्य को लेकर चिंतित होंगे। कहीं बाहर घूमने जाकर अच्छा महसूस करेंगे। शुभ अंक : 17, रंगः इलेक्ट्रिक ग्रे।

**मकरः** कार्यक्षेत्र पर काम की अधिकतता रहेगी। परिवार में तनाव कम करने के लिए गलफहमियां दूर करें। घर का सपना सच करने के लिए लोन खर्च ना करें। शुभ अंक : 22, रंगः हल्का नीला।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र पर चीजें पक्ष में रहेंगी। परिवार में किसी बात को लेकर गलतफहमी हो सकती है। किसी प्रॉपर्टी में किए निवेश से खुश नहीं होंगे। कोई आपकी तरफ आकर्षित हो सकता है। शुभ अंक : 18, रंगः सफेद।

**मीनः** हॉस्पिटेलिटी से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। घर के कामों को लेकर आपकी तारीफ होगी। प्रॉपर्टी की डील करने में कामियाब होंगे। आपका स्वार्थ दूसरों में लड़ाई करा सकता है। शुभ अंक : 7, रंग : क्रीम।

**:टिप्स:**

1. सोना मढवाया हुआ पिंड अत्यंत शुभ है क्योंकि वह धन सामाग्री संपति को दर्शाता है। इसके अच्छे परिणाम के लिए इसे अपने टेबल पर या आलमारी के ऊपर रखना चाहिए।
2. भाग्य सूचक के रुप में हार्सशूज को एक बेहतरीन उपाय माना गया है। इसे अपने घर के प्रवेश द्वार पर लगाएं इससे बुरी शक्तियां और नकारात्मक ऊर्जा आपके घर में प्रवेश नहीं करेगा।

टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

### सपा ने घोषित किये पांच और प्रत्याशी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने यूपी में अगले महीने 12 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिये रविवार को पांच और सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि पार्टी ने घोसी सीट से सुधाकर सिंह, माणिकपुर से निर्भय सिंह पटेल, जैदपुर से गौरव कुमार रावत, जलालपुर से सुभाष राय व प्रतापगढ़ से बृजेश वर्मा पटेल को उम्मीदवार बनाया है। सपा अब तक 12 में से सात सीटों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुकी है। शुक्रवार को लखनऊ छावनी क्षेत्र से मेजर आशीष चतुर्वेदी तथा सम्राट विकास को कानपुर की गोविन्द नगर सीट से उम्मीदवार बनाने की घोषणा की थी। सोमवार को नामांकन का अंतिम दिन होगा। नामांकन पत्रों की जांच मंगलवार को होगी। तीन अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

## विस उपचुनावः अंतिम दिन पर्चा भरेंगे भाजपा के सभी प्रत्याशी

एजेंसी ⏭ लखनऊ

- प्रतापगढ़ को छोड़कर सभी सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी घोषित

यूपी विधानसभा की 11 सीटों पर अगले माह होने वाले उपचुनाव के लिये भाजपा के सभी प्रत्याशी 30 सितंबर को नामांकन भरेंगे। पार्टी ने उपचुनाव के लिये प्रतापगढ़ को छोड़कर 10 सीटों पर अपने प्रत्याशी रविवार को घोषित कर दिये। सोमवार नामांकन का अंतिम दिन है। भाजपा ने गंगोह सीट से कीरत सिंह, रामपुर से भारत भूषण गुप्ता, इगलास से राजकुमार सहयोगी, लखनऊ कैंट से सुरेश तिवारी, गोविंदनगर से सुरेन्द्र मैथानी, माणिकपुर से आनंद शुक्ला, जैदपुर से अम्बरीष रावत, जलालपुर से राजेश सिंह, बलहा से सरोज सोनकर व घोसी से विजय राजभर को उम्मीदवार बनाया है। सभी उपचुनाव के नामांकन में प्रदेश सरकार के मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, स्थानीय सांसद, विधायक, जिलों के पदाधिकारी प्रत्याशियों के साथ जाएंगे। लखनऊ कैंट विस क्षेत्र के लिये पार्टी उम्मीदवार के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री आशुतोष टण्डन व प्रदेश महामंत्री विद्यासागर सोनकर मौजूद रहेंगे। सहारनपुर की गंगोह विस में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अशोक कटारिया, धर्म सिंह सैनी एवं विजय पाल सिंह तोमर रहेंगे। बाराबंकी की जैदपुर विस में कैबिनेट मंत्री श्रीकान्त शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री गोबिन्द नारायण शुक्ला रहेंगे।

## 'पूरा हुआ एक निशान, प्रधान, विधान का सपना'

एजेंसी ⏭ गोरखपुर

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश का 'एक निशान, एक प्रधान व एक संविधान' का सपना पूरा किया है। योगी ने महराजगंज जिले में कई योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद कहा कि आजादी के बाद सपना था कि देश में एक निशान, एक प्रधान व एक विधान बने। पीएम मोदी ने इस सपने को साकार किया है। अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद अब पूरा देश एकजुट हो गया है। तीन तलाक रोधी कानून बनने के बाद मुस्लिम औरतों को बुरी प्रथा से निजात मिली है।

अब कोई उन्हें मोबाइल फोन या सोशल मीडिया पर तीन तलाक देकर प्रताड़ित नहीं कर सकता। सीएम ने कहा कि महराजगंज विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसकी तीन नगर - फरेंदा, सोनौली व घुघली को पंडित दीनदयाल उपाध्याय विकास योजना के तहत लाया गया है।



### हरहवा में गोवंश संरक्षण केंद्र का उद्‌घाटन किया

योगी ने परियोजनाओं का शिलान्यास करने के साथ-साथ अहमदनगर के हरहवा में गोवंश संरक्षण केंद्र का उद्‌घाटन भी किया। उन्होंने महराजगंज स्थित लहरा देवी मंदिर व गोरखपुर में तरकुलहा देवी मंदिर में दर्शन किये। सीएम ने कहा कि तरकुलहा देवी मंदिर का दो करोड़ 12 लाख रुपये की धनराशि से मरम्मत कार्य कराया जाएगा। साथ ही प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों से मुकाबला करने वाले बंधु सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## 'शिवपाल अपना दल भंग कर सपा में लौटें तो होगी याचिका वापस'

एजेंसी ⏭ बलिया

यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, सपा के नेता रामगोविंद चौधरी ने रविवार को कहा कि शिवपाल सिंह यादव यदि अपने दल को भंग कर सपा में फिर शामिल हो जाते हैं तो सपा उनकी विस सदस्यता समाप्त करने को लेकर दायर याचिका वापस लेने पर विचार करेगी। सपा ने शिवपाल के मामले में धैर्यपूर्वक काम किया है। सपा में विवाद होने, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बयानबाजी करने के बावजूद 2017 के विस चुनाव में उन्हें टिकट दिया गया। सपा से विद्रोह कर शिवपाल अपने भतीजे अक्षय यादव के विरुद्ध फिरोजाबाद से अपनी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) से लोकसभा चुनाव लड़े।

## बिहारः गठबंधन में उपचुनाव लड़ेगी कांग्रेस, प्रत्याशी घोषित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- कांग्रेस समस्तीपुर लोस, किशनगंज विस सीट पर चुनाव लड़ेगी
- शेष चार विस सीटों पर राजद उतारेगा प्रत्याशी

बिहार में पांच विधानसभा सीटों व एक लोकसभा सीट पर होने वाला उपचुनाव कांग्रेस गठबंधन में लड़ेगी। कांग्रेस की राज्य इकाई ने अकेले चुनाव लड़ने की पैरवी की थी पर आलाकमान, राजद नेतृत्व के बीच बातचीत में गठबंधन में चुनाव लड़ने का निर्णय हुआ। समझौते के तहत कांग्रेस समस्तीपुर लोस व किशनगंज विस सीट पर चुनाव लड़ेगी। शेष चार विस सीटों पर राजद उम्मीदवार उतारेगा। कांग्रेस के बिहार प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि समस्तीपुर से अशोक राम, किशनगंज से सईदा बानो उम्मीदवार होंगी।

### मंथन के बाद लिया फैसला

कांग्रेस की बिहार इकाई के अध्यक्ष मदनमोहन झा, प्रदेश प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल व कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की थी। उसमें चुनाव गठबंधन में या अकेले लड़ने पर मंथन हुआ था।

चिन्मयानंद के खिलाफ मामला कमजोर करने के लिए 'छात्रा पर मुकदमा दर्ज' किया गया

# 'न्याय यात्रा' से छात्रा के लिए इंसाफ मांगेगी कांग्रेस

एजेंसी ⏭ लखनऊ

पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद पर रेप का आरोप लगाने के बाद रंगदारी के मामले में गिरफ्तार की गई विधि छात्रा को 'इंसाफ' दिलाने के लिए यूपी कांग्रेस सोमवार को शाहजहांपुर से लखनऊ तक 'न्याय यात्रा' शुरू करेगी। कांग्रेस विधानमंडल दल की उप नेता आराधना मिश्रा ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार रेप के आरोप में गिरफ्तार चिन्मयानंद की मदद कर रही है। सरकार ने उन पर आरोप लगाने वाली छात्रा पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तार करा दिया ताकि चिन्मयानंद पर मामला कमजोर किया जा सके। कांग्रेस पीड़िता को न्याय दिलाने हेतु सोमवार को शाहजहांपुर से लखनऊ के बीच 'न्याय यात्रा' के नाम से 180 किलोमीटर की पदयात्रा निकालेगी। इसमे प्रदेश कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता हिस्सा लेंगे। सोमवार को महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुष्मिता देव यात्रा में शामिल होंगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अन्य नेता पदयात्रा में शामिल होंगे।

### आरोपियों के साथ है सरकार

कांग्रेस विधायक ने कहा कि उन्नाव से शाहजहांपुर तक प्रदेश सरकार बलात्कारियों के साथ है, केस करने वालों को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिये हुए हैं। यही वजह है, उन्नाव में पीड़िता, उसके वकील की हत्या करने का प्रयास किया गया व शाहजहांपुर में पीड़िता पर रंगदारी का मामला दर्ज कर कृष्णपाल सिंह उर्फ चिन्मयानन्द को बचाने की पुरजोर कोशिश की जा रही है।

### 'चिन्मयानंद को बचा रहा प्रशासन'

**नई दिल्ली।** प्रियंका ने ट्वीट किया कि महज एक वर्ष पहले शाहजहांपुर के कई प्रशासनिक अधिकारी चिन्मयानंद की आरती उतारते दिखे। मामला अखबारों में उछला था। कांग्रेस महासचिव ने लिखा कि रेप पीड़िता द्वारा पूरी आपबीती कहने के बावजूद रेप का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ, कैसे होता? जब पूरा महकमा गले लगाकर उनका बचाव कर रहा था। चिन्मयानंद फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। उनपर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (सी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## प्रशिक्षु उप निरीक्षक ने महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म किया

**हजारीबाग (झारखंड)।** महिला सिपाही ने आरोप लगाया है कि हजारीबाग जिले में प्रशिक्षु पुलिस उप निरीक्षक ने उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। महिला सिपाही ने आरोप लगाया कि प्रशिक्षु उप-निरीक्षक ने शादी करने का वादा कर उससे शारीरिक संबंध स्थापित किये। आरोपी अब विवाह करने से इनकार कर रहा है। 30 वर्षीय सिपाही महिला पुलिस थाने में तैनात है व शनिवार को उसने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में गुहार लगाई जिस पर अदालत ने हजारीबाग मुफस्सिल पुलिस थाने से 28 वर्षीय आरोपी प्रशिक्षु उप निरीक्षक पर प्राथमिकी दर्ज करने को कहा। एसपी मयूर पटेल ने कहा कि शिकायत के मुताबिक आरोपी व सिपाही सोशल मीडिया के जरिये दोस्त बने। आरोपी सात जुलाई को सिपाही के घर गया, कथित तौर पर वहां शादी का वादा कर उससे शारीरिक संबंध बनाए। प्रशिक्षु उप-निरीक्षक के उससे शादी से इनकार करने पर महिला सिपाही ने अदालत में याचिका दायर की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दृष्टिबाधित रुक्मणी पूछते ही बता देती है 109 ट्रेनों के नाम-नंबर-समय

## वाकरे ने विपरीत परिस्थितियों में कभी हार नहीं मानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

यह कहानी एक ऐसी महिला की है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानती। कहते हैं, ईश्वर कभी किसी के साथ नाइंसाफी नहीं करता। कमियां देता है तो खूबियां भी उड़ेल देता है। ऐसी ही एक शख्स हैं रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित रेलवे स्टेशन के पूछताछ केंद्र में बतौर क्लर्क पदस्थ रुक्मणी वाकरे। यूं तो वे दृष्टिबाधित हैं, लेकिन याददाश्त ऐसी कि यहां से गुजरने वाली सभी 109 ट्रेनों के नाम, नंबर, किस प्लेटफार्म पर आएगी, कितनी देर रुकेगी, कब तक छूटेगी, कितने बजे तक पहुंचेगी, सब कुछ जैसे हमेशा जुबान पर रहता है।रेल विभाग भी उनकी खूबियों का कायल है।

### तेज है याददाश्त

इसके बाद रेलवे की तैयारी में जुट गईं। तेज याददाश्त उनकी सबसे बड़ी शक्ति थी। एक बार जो पढ़ लेतीं या सुन लेतीं, याद हो जाता था। वर्ष 2015 में उन्हें रेलवे में नौकरी मिल गई। कहती हैं कि स्टेशन में हो रही उद्घोषणा और वाकीटॉकी के जरिए उन्हें ट्रेनों के विलंबित होने, प्लेटफार्म नंबर बदलने आदि की जानकारी मिलती रहती है।



### दंग रह जाते हैं लोग

काउंटर के सामने खड़े लोग उस वक्त दंग रह जाते हैं, जब इस बात का पता चलता है कि उनकी सहायता कर रहीं रुक्मणी दृष्टिबाधित हैं। काउंटर के सामने किसी के पहुंचते ही उन्हें अहसास हो जाता है और वे फौरन बोल उठती हैं, क्या जानना है...। शोर की स्थिति में वे समझ जाती हैं कि लोग लाइन तोड़ रहे हैं और वे टोक देती हैं।

यही वजह है कि शानदार ड्यूटी के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया जा चुका है। रुक्मणी बताती हैं कि पैदा होने के कुछ ही दिन बाद पिता गुजर गए। मां के सिर पर जैसे पहाड़ टूट पड़ा। बेटी की जिम्मेदारी, वह भी दृष्टिबाधित, लेकिन कुछ ही वर्षों में उन्हें यह अहसास हो गया कि बेटी की याददाश्त बहुत अच्छी है। बस फिर क्या था। तय कर लिया कि बिटिया को खूब पढ़ाएंगी। बताती हैं, जैसे-जैसे वे बड़ी होने लगीं, यह संकल्प भी दृढ़ होता गया कि स्वाभिमान की जिंदगी जीने के लिए अपने पैरों पर खड़ा होना है। मां का सहारा बनना है। ब्रेन लिपि से पढ़ाई शुरू हुई। 12वीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।वर्ष 2011 में बिलासपुर विश्र्वविद्यालय से बीए की डिग्री हासिल की।

# झाबुआ उपचुनाव के लिए भाजपा ने भानु को बनाया प्रत्याशी

## विधायक डामोर के इस्तीफे के बाद हो रहा उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ



भारतीय जनता पार्टी ने झाबुआ उपचुनाव के लिए भानु भूरिया को अपना प्रत्याशी बनाया है। उधर कांग्रेस ने कांतिलाल भूरिया को अपना उम्मीदवार बनाया है। विधायक डामोर के इस्तीफे के बाद यहां उपचुनाव हो रहा है।

### पिछले चुनाव में यह था हाल

भाजपा के जीएस डामोर ने यहां कांग्रेस के दिग्गज नेता कांतिलाल भूरिया के बेटे विक्रांत को हराकर विधानसभा में एंट्री मारी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा ने रतलाम-झाबुआ सीट पर डामोर को ही प्रत्याशी बनाया और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया को परास्त कर दिया। चुनाव जीतते ही डामोर ने विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था।

## दुबई से सात तस्करों की गैंग साढ़े पांच किलो सोना लेकर दाखिल हुई थी

# गीली मिट्टी जैसा नर्म पेस्ट बनाकर नाजुक अंगों में छिपा लाए थे सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर सोना तस्करी का अनोखा मामला पकड़ा गया है। सुरक्षा जांच में अधिकारियों की नजर से बचाने के लिए तस्करों ने सोने को शरीर के नाजुक अंगों में छिपाया था। इसके लिए सोने को गीली मिट्टी (क्ले) की तरह नर्म पेस्ट बनाया गया था। अनोखी तरकीब से दुबई से सात तस्करों की गैंग साढ़े पांच किलो सोना लेकर भारत में दाखिल हुई थी। शुक्रवार आधी रात के बाद इंदौर विमानतल पर उतरे तस्करों को डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) की इंदौर जोनल यूनिट ने दबोच लिया। तस्करों में एक महिला भी है। बरामद सोने की कीमत 2.1 करोड़ रुपए आंकी गई है। शुक्रवार रात 12.30 बजे इंदौर विमानतल पर दुबई से आई एयर इंडिया की उड़ान नंबर 904 से तस्कर सोने की खेप लेकर उतरे थे। डीआरआई की टीम घंटेभर पहले ही विमानतल पर पहुंच गई थी। उड़ान आने के बाद यात्रियों की एक्सरे जांच की गई। इस दौरान सात यात्रियों के शरीर में संदिग्ध वस्तु नजर आई। पूछताछ में गैंग के तस्करी गिरोह से जुड़े होने के प्रमाण मिले। शरीर में सोने की पुष्टि होने के बाद डीआरआई ने मेडिकल टीम की भी मदद ली। शनिवार सुबह साढ़े छह बजे तक पूछताछ होती रही। तस्करों से मुंबई उड़ान के टिकट भी बरामद हुए हैं।

सुरक्षा जांच में अधिकारियों की नजर से बचाने के लिए तस्करों ने सोने को शरीर के नाजुक अंगों में छिपाया था



### ऐसे छिपाया था साढ़े पांच किलो सोना

- मेडीकल टीम की मदद से सोने को शरीर से बाहर निकलवाया गया।
- पुरुष तस्करों के मलाशय व महिला तस्करों के मलाशय व गर्भाशय में सोना छिपा था। तस्करों ने इसे प्लास्टिक पाउच व लैटेक्स व इंसुलेटेड टेप से कैप्शूल की तरह बनाकर अपने शरीर के भीतर डाल लिया था।
- सोने को पाउडर में बदलकर केमिकल से ट्रीट किया गया था, इससे वह नरम पेस्ट में तब्दील हो गया था।
- सभी तस्करों ने अपने अंतवस्त्रों में सोना छिपा रखा था।
- बरामद सोने की कीमत 2.1 करोड़ रुपए आंकी गई

### उल्हास नगर से जुड़े तार

सूत्रों के मुताबिक, ये तस्कर उल्हास नगर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। सुंदरलाल नामक तस्कर इनकी अगुवाई कर रहा था। रिकॉर्ड से पता चला ये लोग अंतरराष्ट्रीय रूट पर यात्रा करते रहे हैं। डीआरआई के मुताबिक, तस्करों के लंबे समय से तस्करी गैंग से जुड़े होने की आशंका है। तस्करों पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### पिछले साल भी पकड़ा था सोना

डीआरआई के मुताबिक, इंदौर विमानतल पर बीते साल 25 अक्टूबर को तस्करी कर लाया गया छह किलो सोना पकड़ा गया था। उसके बाद बरामद हुई यह दूसरी बड़ी खेप है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बनने के बाद इस विमानतल पर पकड़ा गया सोना तस्करी का यह पहला मामला है। फिलहाल तस्करों के नाम उजागर नहीं किए हैं।

# बस नहीं आने से बारातियों के सामने झेली बेइज्जती, फोरम ने सुनाई ऐसी सजा

## परिवादी की सामाजिक प्रतिष्ठा को आघात पहुंचा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

बुकिंग के बाद भी बारात के लिए बस नहीं भेजने पर जिला उपभोक्ता फोरम ने अशोक ट्रैवल्स कंपू पर 34 हजार 300 रुपए का जुर्माना लगाया है। यह राशि 8 प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करनी होगी। पीड़ित 50 की जगह सिर्फ 36 ही बाराती ले जा सका था। इसमें उसके ज्यादा पैसे खर्च हुए। परिवादी को यहां बस नहीं पहुंचने पर बाराती व रिश्तेदारों के यहां बेइज्जत होना पड़ा था। लड़की वालों ने भी उनका मजाक उड़ाया था। नरहरि चतुर्वेदी के पुत्र अंकित चतुर्वेदी का विवाह 25 जनवरी 2019 को तय हुआ था। ग्वालियर से गंगापुर राजस्थान के लिए बारात ले जानी थी। उन्होंने अशोक ट्रैवल्स कंपू के यहां 5 हजार रुपए देकर 21 अक्टूबर 2018 को बस बुक की थी। इस बस में 50 बारातियों को ले जाना था।25 जनवरी 2019 को सुबह 8 बजे बस उनके घर पर आनी थी, लेकिन बस नहीं आई। जो नंबर दिए थे, उन पर फोन लगाते रहे, लेकिन ट्रैवल्स एजेंसी की ओर से कोई जवाब नहीं मिला।





### एजेंसी ने जवाब नहीं दिया तो एकपक्षीय फैसला सुनाया

ट्रेवल्स एजेंसी की सेवा में त्रुटि है। परिवादी का पक्ष सुनने के बाद ट्रेवल्स एजेंसी को नोटिस जारी किया गया, लेकिन उसकी ओर से कोई जवाब नहीं आया है। पक्ष पेश करने के लिए सूचना पत्र भी जारी किए। ट्रेवल्स एजेंसी की ओर से जवाब नहीं आने की वजह से फोरम ने एक पक्षीय फैसला दिया है। फोरम ने आदेश दिया कि छोटे वाहनों को ले जाने पर जो पैसा खर्च किया है, उसका 33 हजार रुपए ट्रेवल्स एजेंसी 30 दिन में परिवादी को अदा करे।

## केबीसी में बजेगा इंदौर की सफाई का डंका, निगमायुक्त हॉट सीट पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर की सफाई का डंका 'कौन बनेगा करोड़पति' तक पहुंच गया है। लगातार तीन साल तक देश में सफाई में नंबर एक पर रहने वाले शहर के निगमायुक्त आशीष सिंह को केबीसी से बुलावा आया है। आयुक्त को केबीसी से मिले आमंत्रण के बाद ख्यात अभिनेता अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला है। शनिवार को इस विशेष एपिसोड की शूटिंग मुंबई में हुई। यह एपिसोड 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर प्रसारित होगा। 2 अक्टूबर से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी।



इंदौर वर्तमान में देश का सबसे साफ-सुथरा शहर है और इस नाते यहां के निगमायुक्त को आमंत्रित किया गया है।

### कुछ दिन पहले शूटिंग करने आई थी टीम

कुछ दिन पहले ही केबीसी की टीम ने इंदौर आकर विभिन्ना स्थानों पर सफाई और वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की शूटिंग की थी। ट्रेंचिंग ग्राउंड, कचरा ट्रांसफर स्टेशन, चोइथराम मंडी स्थित बायोमिथनाइजेशन प्लांट, कंट्रोल कमांड सेंटर और 56 दुकान समेत कई जगह जाकर टीम ने फुटेज लिए। इस दौरान निगमायुक्त से बात की गई, साथ ही नागरिकों के भी फीडबैक रिकॉर्ड किए गए।

लोकायुक्त पुलिस की कार्रवाई

# उद्यानिकी संयुक्त संचालक एक लाख की रिश्वत लेते पकड़ाया



**जबलपुर।** लोकायुक्त पुलिस की टीम ने आरबी राजोदिया संयुक्त संचालक उद्यानिकी जबलपुर संभाग को एक लाख की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक उन्होंने एक नर्सरी संचालक से उनकी नर्सरी से सप्लाई किए गए पौधों के बिल 25 लाख को निकलवाने के एवज में एक लाख रुपए मांगे थे। नर्सरी संचालक ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस को की, इसके बाद टीम ने उसे रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ लिया। इतनी बड़ी रिश्वत की मांग का यह बड़ा मामला है। आरबी राजोदिया पर कार्रवाई जारी है।

# कांटों के झूले पर विराजी काछनदेवी, राज परिवार ने मांगी दशहरा मनाने की अनुमति

## बस्तर दशहरा के इस अनोखे विधान को देखने हजारों लोग जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर राजपरिवार के सदस्य परंपरानुसार शनिवार शाम काछनगुड़ी पहुंचे और रण की देवी से दशहरा मनाने की अनुमति मांगी। इसके पहले काछन देवी के प्रतिरूप में एक बालिका को बेलकांटा के झूले में झुलाया गया।

बस्तर दशहरा के इस अनोखे विधान को देखने हजारों लोग जुटे। बस्तर दशहरा की महत्वपूर्ण रस्म काछनगादी शनिवार शाम भंगाराम चौक स्थित काछनगुड़ी में संपन्न हुई। इसके पहले राजमहल से राज परिवार के सदस्य जुलूस के साथ काछनगुड़ी पहुंचे और गर्भगृह में बैठ माता की आराधना की।

तत्पश्चात अनुराधा नामक बालिका को देवी के रूप में मंदिर के सामने बांधे गए बेल कांटा वाले झूले की परिक्रमा कराई गई। इसके बाद देवी स्वरूपा बालिका को कांटेदार झूले में लिटाकर झुलाया गया।



### महाराजा का सांकेतिक युद्ध हुआ

इस विधान के बाद रण की इस देवी के साथ बस्तर महाराजा का सांकेतिक युद्ध हुआ। देवी ने बस्तर राजपरिवार के सदस्यों को दशहरा मनाने की अनुमति दी। इस मौके पर दंतेश्वरी वार्ड की महिलाओं ने धनकुल वाद्य के साथ काछन जात्रा गीत गाया। इस मौके पर राज्य परिवार के सदस्यों के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्य मांझी- चालकी, मेंबर मौजूद रहे।

### गोल बाजार में हुई रेला पूजा

बस्तर दशहरा मनाने जिस दिन काछन देवी से अनुमति मांगी जाती है, उसी दिन देर शाम रेला देवी को भी याद कर उन्हें बस्तर दशहरा में आमंत्रित किया जाता है। गोल बाजार में अमावस्या की रात रैला देवी जात्रा संपन्न होती है। बताया गया कि बस्तर की एक राजकुमारी का नाम रैला देवी था, जिसे मिरगान जाति के लोगों ने आश्रय दिया था परंतु राजकुमारी ने पारिवारिक उपेक्षा के चलते गोदावरी में आत्महत्या कर ली थी। अपनी प्रिय राजकुमारी की याद में इस जाति के लोग प्रतिवर्ष रैला पूजा आयोजित करते हैं तथा उन्हें बस्तर दशहरा में सम्मान देते हैं। इस मौके पर दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी तथा मांझी- सेवादारों ने गोल बाजार पहुंच रैला पूजा विधान संपन्न करवाया।

## सत्ता पाने के लिए होता है महिलाओं का इस्तेमालः लक्ष्मण



**इंदौर।** कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह ने हनीट्रैप मामले में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता पाने के लिए महिलाओं का इस्तेमाल होता है। युद्ध के समय भी महिलाओं का इस्तेमाल किया गया। कई युद्ध महिलाओं के कारण हुए, महाभारत हुई है। इसमें कोई नहीं बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इनके जरिए कोई कांट्रैक्ट हासिल किया जाए, यह गलत है। पहले और दूसरे विश्व युद्ध में महिलाओं का उपयोग हिटलर ने भी किया था। विधायक ने भाजपा की मांग पर कहा कि पहले एसआईटी की जांच होने दीजिए, इसके बाद अगर जांच से भाजपा संतुष्ट नहीं है तो सीबीआई की जांच करवा लेंगे।

स्टील प्लांट के कर्मचारियों में खौफ

# ऑपरेटर ने सुपरवाइजर को पोकलेन से कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

ग्राम बड़े पसरदा स्थित जिंदल स्टील प्लांट के स्लैग यार्ड में एक पोकलेन चालक ने अपने ही सुपरवाइजर से विवाद होने पर उसे लोडर वाहन तले कुचल कर उसकी हत्या कर दी। इस वारदात से प्लांट के कर्मचारियों में खौफ का माहौल बन गया। बहरहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुपरवाइजर धर्मेंद्र प्रजापति यूपी के मिर्जापुर का रहने वाला है। उसने बीती रात लगभग 9 बजे पोकलेन ड्राइवर एहसान खान निवासी गढ़वा झारखंड को लोडर गाड़ी चलाने से मना किया और कहा कि तुम पोकलेन आपरेटर हो तो उसी गाड़ी को चलाओ। यह बात एहसान खान को इतनी नागवार गुजरी कि उसने अपने सुपरवाइजर धर्मेंद्र को मौत के घाट उतार दिया।



### छोटी सी बात पर हुआ विवाद

स्लैग यार्ड में उस वक्त लगभग 18 से 20 कर्मचारी काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच अचानक छोटी सी बात पर विवाद शुरू हुआ। दोनों आपस में झगड़ा करने लगे। इस पर कर्मचारियों ने दोनों को समझाया और झगड़ा शांत कराया, लेकिन इसके कुछ देर बाद ही पोकलेन चालक एहसान खान आक्रोश में आया और उसने लोडर गाड़ी से ही अपने सुपरवाइजर को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद आपरेटर एहसान खान ने मृतक सुपरवाइजर धर्मेंद्र की बाइक स्टार्ट की और मौके से फरार हो गया। हत्या करने के बाद वह मॉडल टाउन में गया और अपना ड्रेस चेंज की।

उधार लिए थे दो हजार रुपए

# किसान खुदकुशी मामले में सूदखोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अभनपुर पुलिस ने सूदखोर से परेशान होकर गिरोला गांव के किसान रामनरेश यादव द्वारा पखवाड़े भर पहले फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में शनिवार को सूदखोर संतोष गिलहरे को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का अपराध कायम किया है। ग्राम गिरोला निवासी रामनरेश यादव (45) ने मजदूरी कर परिवार का पेट पालता आ रहा था। घर के काम के सिलसिले में उसने सूदखोर संतोष गिलहरे से उधार में 2000 रुपए लिए थे। ब्याज का पैसा एक हजार रुपए उसने भुगतान भी कर दिया था। शेष रकम एक हजार रुपये के बदले संतोष 70 हजार रुपये की मांग कर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर प्रताड़ित कर रहा था।



80 की उम्र में जब उम्मीदें टूट जाती हैं तब जोधइया बाई की उड़ान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शुरू

# उमरिया की कलाकार जोधइया बाई का नया पड़ाव इटली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरिया

नाम-जोधइया बाई बैगा। उम्र- 80 साल। शैक्षणिक योग्यता-शून्य। निवास आदिवासी जिले उमरिया का छोटा-सा गांव लोढ़ा, लेकिन उड़ान आसमान से भी ऊंची। आदिवासी महिला जोधइया बाई अब अंतरराष्ट्रीय कलाकार हो गई हैं। उनके चित्रों की प्रदर्शनी 18 सितंबर से चौदहवीं शताब्दी के मशहूर चित्रकार और मोनालिसा जैसी कालजयी पेंटिंग को रचने वाले लियोनार्दो द विंची के देश इटली के मिलान शहर में लगी हुई है।

### लोढ़ा गांव से भोपाल और यहां से इटली के मिलान तक का सफर





80 की उम्र में जब उम्मीदें टूट जाती हैं तब जोधइया बाई की उड़ान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुई है। मिलान शहर में लगी उनके चित्रों की प्रदर्शनी की सबसे खास बात यह है कि इसके लिए जोधइया बाई ने अपनी तरफ से कोई कोशिश नहीं की, बल्कि उनकी कलाकृतियां ही ऐसी थीं जिससे प्रभावित होकर लोगों ने उसे वहां तक पहुंचा दिया। लोढ़ा गांव में कला प्रेमी आशीष स्वामी के स्टूडियो जनगण तस्वीरखाना में तैयार होने के बाद भोपाल के बोन ट्राइबल आर्ट में लगे उनके चित्रों को ट्राइबल आर्ट की जानकार पद्मजा श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने का मन बनाया।

### आमंत्रण कार्ड पर भी जोधइया का चित्र

मिलान की आर्ट गैलरी में लगी जोधइया बाई के चित्रों की प्रदर्शनी के शुभारंभ के लिए खास डिजाइन किए गए कार्ड बांटे गए हैं। इस कार्ड पर भगवान शंकर का जो चित्र छापा गया है, वह भी जोधइया बाई का बनाया हुआ है। कार्ड पर छपे इस चित्र के नीचे जोधइया बाई के साइन (चिन्ह) भी हैं।

### विलुप्त होती बैगिन चित्रकला

जोधइया बाई ने विलुप्त होती बैगिन चित्रकला को एक बार फिर जीवित कर दिया है। जिस बड़ादेव और बघासुर के चित्र कभी बैगाओं के घरों की दीवार पर सजते थे, वे अब दिखाई नहीं देते और न ही उन्हें नई पीढ़ी के बैगा जानते हैं। उन्हीं चित्रों को जब जोधइया ने कैनवास और ड्राइंग शीट पर आधुनिक रंगों से उकेरना शुरू किया तो बैगा जनजाति की यह कला एक बार फिर जीवित हो उठी।

### दुख ही जीवन की कथा रही


जोधइया बाई के जीवन की कथा भी दुखों से भरी है। जब उनसे उनके बारे में पूछा जाता है। आंखें छलकती नहीं हैं, लेकिन हर समय समुद्र की तरह लबालब रहती हैं। वे बताती हैं कि केवल 30 साल की उम्र में पति का साया सिर से उठ गया और बच्चों को पालने के लिए मजदूरी ही एक रास्ता बचा। पति की मौत के बाद जोधइया ने माटी-गारे का काम किया। जंगल में हिंसक जानवरों के बीच चारा काटा। बड़े लोगों के खेतों में मजदूरी की। जोधइया बैगा ने कभी स्कूल का मुंह भी नहीं देखा था इसलिए उनके लिए इस तरह की मजदूरी ही साधन रही।

## चिंतन

# पर्यावरण बचाने को जन सहयोग जरूरी

भारत इस वक्त तेजी से सभी स्तर पर सुधार की प्रक्रिया से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबसे केंद्र में सत्ता संभाली है, वे सुधार के अगुवा बने हुए हैं। स्वच्छता से लेकर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन तक हर स्तर पर मोदी सरकार ने सुधारात्मक फैसले किए। मोदी सरकार का ताजा अभियान सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत बनाना है। प्लास्टिक कचरा भारत के पर्यावरण के लिए खतरा बनता जा रहा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा पैदा करने वाला देश बन गया है, इसलिए इस पर रोक जरूरी है। उस वक्त जब भारत क्लाइमेट चेंज संबंधी पेरिस करार की अहम भूमिका में है व विश्व को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रहा है और विकसित देशों को कार्बन उत्सर्जन की कटौती को लेकर आईना दिखा रहा है, तब एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक को बंद करने की देशव्यापी अपील पर्यावरण में सुधार के लिए भारत की गंभीरता दर्शाती है। पीएम मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम का इस्तेमाल अलग-अलग व्यापक मुद्दों पर जनता को जागरूक करने के लिए करते रहे हैं। यह उनके लिए जनता से सीधे संवाद का मौका होता है। इस दौरान वे देश के अहम मुद्दों पर अपने विचार भी रखते हैं और जन-अभियान के लिए अपील भी करते हैं। देश इस बार दो अक्टूबर को राष्ट्रपति महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मना रहा है। इसी दिन से भारत को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने का महाभियान शुरू हो रहा है। इस अभियान की सफलता के लिए जरूरी है कि सरकार के साथ-साथ बड़े पैमाने पर जनभागीदारी भी हो। जैसे स्वच्छता अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पहले कार्यकाल में उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को देश का आंदोलन बना दिया। इसका असर भी दिख रहा है। अब देश के नागरिक स्वच्छता को लेकर जागरूक हुए हैं। देश को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए सरकार की ओर से शौचालय बनवाने हेतु आर्थिक सहायता दी गई। जनधन खाता, उज्ज्वला योजना, डीबीटी, 1000 से अधिक बेकार कानूनों का खात्मा, तीन तलाक पर रोक, एलईडी बल्ब, व्यापक आर्थिक सुधार और डिजिटल इंडिया आदि ऐसे परिवर्तनकारी फैसले ले रहे हैं, जिनसे आम लोगों के जीवन में बदलाव आया है। भारत के डिजिटल बनने से जहां सरकार में पारदर्शिता आएगी, वहीं पैसे की बचत भी होगी। कागज की बचत से पर्यावरण की सुरक्षा भी होगी। अभी सरकार ने ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाया है। सेहत को नुकसान पहुंचाने वाली ई-सिगरेट जैसे हाईटेक नशे की गिरफ्त में युवा तेजी से फंसते जा रहे थे। पीएम ने युवा पीढ़ी से तंबाकू, धूम्रपान और ई-सिगरेट समेत सभी प्रकार के नशे को छोड़ने की अपील की। मोदी ने सेल्फी विद डॉटर की तर्ज पर बेटियों की उपलब्धियों को सामने लाने के लिए 'भारत की लक्ष्मी' अभियान सोशल मीडिया पर चलाने का आह्वान किया। स्वर कोकिला लता मंगेशकर को 90वें जन्मदिन की बधाई देते हुए पीएम ने लता की विनम्रता को नई पीढ़ी के लिए सीख बताई। 13 अक्टूबर को पोप फ्रांसिस द्वारा संत घोषित होने वाली सिस्टर मरियम थ्रेसिया ने अपने 50 वर्ष से भी कम आयु में मानवता के लिए जो सेवा की है, वह अनेक लोगों के लिए प्रेरक है। पीएम ने कहा देश को थ्रेसिया पर गर्व है। भारत तेजी से वैकल्पिक ऊर्जा को अपनाने की तरफ बढ़ रहा है। जहां वह वैश्विक सोलर एलायंस का अहम भागीदार है, वहीं वह इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रहा है, लेकिन सरकार का कोई भी अभियान जन-भागीदारी के बिना सफल नहीं होता है। देश को अगर प्लास्टिक मुक्त बनाना है, नशामुक्त बनाना है, पर्यावरण को बचाना है व बुनियादी बदलाव लाना है तो जन का शतप्रतिशत सहयोग जरूरी है। उम्मीद है पर्यावरण बचाने के लिए जनता अपना पूर्ण सहयोग देगी।

## सारा संसार



पश्चिम बंगाल के एक जिले बंकुरा में स्थित बिष्णुपुर का नजारा मानसून में देखने लायक होता है। यहां के टेराकोटा के मंदिर, बिष्णुपुरिया रास और बेलूचेरी साड़ियां बंगाल के रंगों को बाखूबी पेश करती हैं, यहां की खूबसूरती में बारिश और भी चार-चांद लगा देती है।

## व्यंग्य

**राकेश सोहम**

# विपक्ष को देखकर याद आते पितर

मुश्किल ये हो गई है कि उनका परिवार सदैव राजनीति को समर्पित रहा। उनके जीविकोपार्जन का साधन ही राजनीति है। पुश्तों से केवल और केवल राजनीति उनका धंधा रहा है। उनके बच्चे परिवार के लिए नहीं जन्मे, देश के लिए पैदा हुए हों ऐसा भी नहीं है। वे पार्टी के लिए इस धरा पर अवतरित हुए। दलों में फुदकते-फुदकते बड़े हुए। राजनीति से उगाहे धनार्जन की उर्वरा शक्ति से उनका शारीरिक विकास दिन दूना रात चौगना होता गया। पढ़ाई-लिखाई की चिंता को राजनीति के यज्ञ में आहूत करते गए और फिर पार्टी में कूद गए। परिवार के सदस्यों ने जीविकोपार्जन को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित किया कि परिवार के सदस्य एक ही पार्टी का प्रतिनिधित्व करने से बचें। अलग-अलग सदस्य, अलग-अलग पार्टी में दखल रखता रहा। इससे सुभीता यह रही कि सत्तासीन पक्ष रहे या विपक्ष, फर्क नहीं पड़ता। पेट के साथ तिजोरियां निरंतर भरतीं रहीं। जमीन-जायजाद फलती-फूलती रही। प्रजातंत्र में राजतंत्र पलता रहा। मैं उनके बचपन का साक्षी रहा, क्योंकि वे मेरे लंगोटिया यार रहे हैं। मैं हिंदी शुद्ध लेख में धो डाले को धो डाले ही लिखता था, लेकिन वे बड़ी शान से घोटाले लिख देते थे। मास्टर जी समझाते, बेटा, तुम तोतली बोली के कारण भले ही 'धो डाले' को 'घोटाले' उच्चारते रहो, लेकिन लिखो सही। मतलब धो डाले ही। लेकिन वे मानने वालों में से नहीं थे। किसी निपुण नेता की तरह जिद पर अड़ गए और बोले, जो बोलूंगा वही लिखूंगा भी।' मास्टर जी द्वारा उनके कान उमेठे गए, पर वे रूठ गए और मास्टर जी की टेबल पर अनशन की मुद्रा में बैठ गए। बात हेडमास्टर से होते हुए उनके पिताजी तक जा पहुंची। बतर्ज राजनीतिक दबाव बेचारे मास्टर जी 'घोटाले' के सामने 'धो-डाले' गए। उन्हें उनके नेताजी पिता के सामने कान पकड़ के क्षमा याचना करनी पड़ी। कक्षा आठ तक आते-आते उन्हें शिक्षा रास नहीं आई और हमारा साथ छूट गया। पिछले दिनों दोबारा झक सफेद कुर्ते-पायजामे में मिले। बचपन को याद किया फिर बोले, भाई, श्राद्ध पक्ष में पितरों को पानी दे रहा हूं, उनको याद करके मन विचलित सा हो जाता है। मैंने आश्चर्य से उन्हें देखा तो वे आगे बोले, मेरे परम पूज्य पिता विपक्ष के नामी नेता रहे। और मैं विपक्ष का घोर विरोधी हूं। इसलिए दिक्कत बढ़ गई है। पितरों को याद करने के साथ विपक्ष को याद करना पड़ता है। विपक्ष में बैठे भूतपूर्व पुरोधा याद आ जाते हैं। मैं हंसा और उन्हें राजनीति से ऊपर उठकर पितरों के प्रति श्रद्धा और समर्पण का उपदेश दिया। लेकिन तभी सड़क पर विपक्ष-समर्थकों का रोड शो निकल पड़ा, जिसे देखकर वे गालियां उच्चारने लगे। श्राद्ध पक्ष में पितरों के प्रति श्रद्धा का विरोधाभास उनके चेहरे पर साफ झलक आया था। हालांकि मैं आश्वस्त वहां से निकल पड़ा कि उनकी पितरों के प्रति श्रद्धा कम नहीं होगी, क्योंकि उन्हें अपने परिवार से दलबदल की प्रबल-मानसिकता संस्कार में मिली है ताकि उनके जीविकोपार्जन का धंधा निर्बाध चलता रहे।

# भारत का बढ़ाया मान



**यात्रा**

**उज्ज्वल वीरेंद्र दीपक**

> निश्चित है कि भारत और अमेरिका के बीच परस्पर संबंध नई ऊंचाइयों को छूने वाले हैं। आज भारत ने विश्व के मानचित्र पर एक विशेष स्थान अर्जित किया है और ये उपलब्धियां मोदी की सशक्त विदेश नीति का ही परिणाम हैं। मोदी ने सात दिनों में भारत का दिल ही नहीं जीता बल्कि पूरी दुनिया में भारत को शक्तिशाली देश के रूप में प्रस्तुत किया है। उन्होंने ये स्पष्ट कर दिया है कि भारत हर मानक पर सक्षम है और आने वाले कुछ वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।

अमेरिका के ह्यूस्टन शहर के एनआरजी स्टेडियम में बजते हिंदुस्तान के राष्ट्रगान की गूंज आज पूरे विश्व में सुनाई पड़ रही है। स्टेडियम में मौजूद 50,000 से अधिक लोगों ने प्रत्यक्ष और पूरे विश्व में टीवी देख रहे करोड़ों लोग इस अद्भुत पल के साक्षी बने। ये कार्यक्रम प्रमाण था भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभुत्व का, दुनिया को भारत में दिखती असीम संभावनाओं का, भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों के सुनहरे युग की शुरुआत का।

'हॉउडी मोदी' में देशभक्ति का आलम ऐसा था जैसे स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस एक साथ मनाया जा रहा हो, उत्साह वैसा ही था जैसे देश में दीपावली हो, रोमांच ऐसा था जैसे भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट का फ़ाइनल हो और गर्व था भारत का सम्मान बढ़ता देखने का। वर्ष 1893 में स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो में अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन में दिए चर्चित भाषण के बाद अगर अंतरराष्ट्रीय पटल में किसी कार्यक्रम की चर्चा होगी तो वो 'हॉउडी मोदी' ही होगा।

भारत माता की जय और वन्दे मातरम के नारों की गूंज पूरे विश्व में सुनाई पड़ी। रास्ते में हरे रामा-हरे कृष्णा पर नाचते हुए कृष्ण भक्त ढोलक बजाते स्वागत कर रहे थे। पूरा शहर भारतीयमय हो चुका था। अमेरिका और भारत, दोनों के संविधान की शुरुआत वी द पीपुल से होती है। भारत की संविधान निर्मात्री समिति ने पूरे विश्व के विभिन्न देशों के संविधान का अध्ययन करने के बाद अमेरिका के संविधान से प्रेरणा लेकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक अधिकार के प्रावधान तय किए क्योंकि उन्होंने पाया कि भारत और अमेरिका की नागरिक स्वतंत्रता और जनविकास की अवधारणा एक समान है। जिन दो राष्ट्रों के आधार मूल्य ही एक हों उनका सामंजस्य राजनीतिक एवं कूटनीतिक विफलता के कारण अब तक उपेक्षित था। आज पूरे विश्व के सामने मोदी सबसे शक्तिशाली देश के प्रमुख का हाथ पकड़कर पूरे स्टेडियम का चक्कर लगाते हुए अगर अभिवादन कर रहे हैं तो यह एक बड़ी उपलब्धि है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के तीन मुख्य स्तंभ थे। संयुक्त राष्ट्र में बहुपक्षीय संबंध, अमेरिका में यात्रा के द्विपक्षीय घटक राजनीतिक बैठकों में शामिल होना, व्यापार समुदाय और भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करना और न्यूयॉर्क में विश्व के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेना। इसके अलावा धारा 370 के हटने के बाद नई राजनीतिक परिस्थितियों पर भारत का पक्ष मजबूत करना भी एक अनकहा उद्देश्य था। पाकिस्तान द्वारा भारत के विरोध में अंतरराष्ट्रीय मानवधिकार संगठनों के जरिए दबाव बनाने की कोशिश की जा रही थी पर मोदी ने अपनी राजनीतिक और कूटनीतिक कुशलता से पाकिस्तान को लगभग धराशायी ही कर दिया है।

विश्व की दो प्रमुख महाशक्तियों, अमेरिका और रूस के बीच मोदी ने जो संतुलन स्थापित किया है वो काबिलेतारीफ है। आतंकवाद के विषय में राष्ट्रपति ट्रंप का सार्वजनिक बयान देना कि अमेरिका और भारत मिलकर इस्लामिक कट्टर आतंकवाद का मुकाबला



करेंगे, के दूरगामी प्रभाव होंगे। साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से कश्मीर विषय पर कहना कि भारत अपनी सीमा को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है, को भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने ह्यूस्टन पहुंचते ही पहली बैठक ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज, बीपी, एक्सॉन मोबिल, श्ल्मबर्गर,और अन्य कई कंपनियों के मुख्य अधिकारियों के साथ की जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया की भारत न केवल उनके लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है बल्कि निवेश के लिए आर्थिक क्षेत्र में अन्य संभव अवसर भी है। 74वें-यूएनजीए जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन पर भारत द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए स्वच्छ रसोई गैस पहल की सफलता के बारे में बात की।

प्रधानमंत्री मोदी ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज पर यूएन को सम्बोधित किया जिसकी मेजबानी संयुक्त राष्ट्र महासचिव कर रहे थे। उन्होंने आयुष्मान भारत के तहत गरीबों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज़ की सुविधा के बारे में बताया। मोदी ने ओल्ड वेस्टबरी में न्यूयॉर्क कैम्पस के स्टेट यूनिवर्सिटी में गांधी पीस गार्डन का दूरस्थ उद्घाटन किया जहां गांधीजी की 150वीं जयंती के सम्मान में 150 पेड़ लगाए। उन्होंने गांधी 150 - 'नेतृत्व मामले -समकालीन समय में गांधी की प्रासंगिकता' कार्यक्रम की मेजबानी की जिसमें वे अन्य राष्ट्राध्यक्षों के साथ शामिल हुए। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र ने एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। बिल एवं मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को ग्लोबल गोलकीपर अवार्ड से नवाजा गया। ब्लूमबर्ग ग्लोबल बिजनेस फोरम प्रधानमंत्री के मुख्य भाषण के साथ शुरू हुआ जहां आईबीएम, कोका कोला, जेपी मॉर्गन जैसी 40 बड़ी कंपनियां मौजूद थीं। इसका उद्देश्य भारत में निवेश को आकर्षित करने में सरकार के व्यापार अनुकूल दृष्टिकोण को प्रदर्शित करना था। कुछ दिन पहले ही कॉरपोरेट टैक्स में भारी कमी करने का फैसला ऐतिहासिक था और उद्योग जगत इस फैसले से प्रसन्नचित नजर आया। 27 सितंबर को प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र की महासभा को संबोधित किया जिसमें उन्होंने स्वामी विवेकानंद और बुद्ध के विचारों का जिक्र किया। खास बात यह थी कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार भी पाकिस्तान का नाम नहीं लिया, न ही कश्मीर का उल्लेख किया। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का पूरा भाषण इस्लामिक कट्टरता और कश्मीर, भारत और मोदी पर केंद्रित रहा।

सरकार के पुनर्निर्वाचन के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली अमेरिका यात्रा थी और प्रधानमंत्री सतत विकास लक्ष्यों में पिछले पांच वर्षों में ठोस उपलब्धियों के साथ संयुक्त राष्ट्र महासभा में आए थे। इसलिए भारत ने प्रभावी ढंग से जलवायु परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल, अक्षय ऊर्जा, स्वच्छता और संबंधित मुद्दों में की गई प्रगति का प्रदर्शन किया। भारत आज एक प्रभावशाली देश बनकर उभरा है यह दौरा निसंदेह दूरगामी परिणामों को इंगित कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'हॉउडी मोदी' कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी की तुलना महान अमेरिकी गायक एल्विस प्रेस्ली से तुलना कर उन्हें एक तौर से शो स्टॉपर की संज्ञा दी है।

निश्चित है कि भारत और अमेरिका के बीच परस्पर संबंध नई ऊंचाइयों को छूने वाले हैं आज भारत ने विश्व के मानचित्र पर एक विशेष स्थान अर्जित किया है और ये उपलब्धियां मोदी की सशक्त विदेश नीति का ही परिणाम हैं। मोदी ने सात दिनों में भारत का दिल ही नहीं जीता बल्कि पूरी दुनिया में भारत को एक गंभीर और शक्तिशाली देश के रूप में प्रस्तुत किया है। उन्होंने ये स्पष्ट कर दिया है कि भारत हर मानक पर सक्षम है और आने वाले कुछ वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।

## बार-बार गुस्सा होने से स्वयं का नुकसान




संकलित

**दर्शन**

महाभारत में कृष्ण से सीखिए अपने स्वभाव में कैसे रहें। उन्होंने कभी भी क्षणिक आवेग में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। हमेशा परिस्थिति को गंभीरता से देखते थे। शिशुपाल अपमान करता रहा लेकिन वे सही वक्त का इंतजार करते रहे। वक्त आने पर ही उन्होंने शिशुपाल को मारा। अगर आप बार-बार गुस्सा करते हैं तो सबसे पहले जो चीज खोते हैं वह है आपके संबंध। क्रोध की आग सबसे पहले संबंधों को जलाती है। पुश्तों से चले आ रहे संबंध भी क्षणिक क्रोध की बलि चढ़ते देखे गए हैं। दूसरी चीज हमारे अपनों की हमारे प्रति निष्ठा। रिश्तों में दरार आए तो निष्ठा सबसे पहले दरकती है। फिर जाता है हमारा सम्मान। अगर आप बार बार किसी पर क्रोध करते हैं तो आप उसकी नजर में अपना सम्मान भी गंवाते जा रहे हैं। इसके बाद बारी आती है अपनी विश्वसनीयता की। हम पर से लोगों का विश्वास उठता जाता है। फिर स्वभाव और स्वास्थ्य। कहने को लोग हमारे साथ दिखते हैं, लेकिन वास्तव में वे होते नहीं है। हमेशा चेहरे पर मुस्कुराहट रखें। कोई भी बात हो, गहराई से उस पर सोचिए सिर्फ क्षणिक आवेग में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त ना करें। सही समय का इंतजार करें। अपनी दिनचर्या में मेडिटेशन को और चेहरे पर मुस्कुराहट को स्थान दें। ये दोनों चीजें आपके व्यक्तित्व में बड़ा परिवर्तन ला सकती हैं। कभी भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आपको तैयार रखेगी। कई लोग नहीं जानते हैं कि क्रोध उनकी कितनी निजी हानि करता है।

## मेहनत के साथ धैर्य होना भी जरूरी



संकलित

**प्रेरणा**

अगर कोई व्यक्ति किसी काम में सफल होना चाहता है तो उसे कड़ी मेहनत करनी होती है, लेकिन कड़ी मेहनत के साथ ही स्वभाव में धैर्य होना भी जरूरी है। कभी-कभी लंबे समय तक मेहनत करने के बाद ही सफलता मिल पाती है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति को धैर्य बनाए रखना चाहिए, वरना सफलता नहीं मिल पाती है। बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध एक बार अपने शिष्यों के साथ किसी गांव में उपदेश देने जा रहे थे। गांव पहुंचने से पहले रास्ते में उन लोगों को जगह-जगह बहुत सारे गड्ढे खुदे हुए दिखाई दिए। महात्मा बुद्ध का एक शिष्य इन गड्ढों को देखकर सोचने लगा कि इनका रहस्य क्या है? उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत कृपया मुझे इन गड्ढों का रहस्य बताएं, एक साथ इतने सारे गड्ढे किसने और क्यों खोदे हैं? गौतम बुद्ध ने शिष्य को जवाब दिया कि किसी व्यक्ति ने पानी की तलाश में ने इतने सारे गड्ढे खोदे हैं। अगर वह धैर्यपूर्वक एक ही जगह पर गड्ढा खोदता तो उसे पानी अवश्य मिल जाता, लेकिन वह थोड़ी देर गड्ढा खोदता और पानी न मिलने पर दूसरी जगह गड्ढा खोदना शुरू कर देता। इस कारण उसे कहीं भी पानी नहीं मिला। बुद्ध ने शिष्यों को समझाया कि मेहनत के साथ धैर्य भी रखना जरूरी है। बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग हैं, जिनमें सुखी जीवन और सफलता पाने के सूत्र छिपे हैं। अगर इन सूत्रों को जीवन में उतार लिया जाए तो हम कई परेशानियों से बच सकते हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

## आस्था ...

फोटो न्यूज



मैसूर। यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार, तत्कालीन शाही परिवार के वर्तमान शासक दशहरा उत्सव के अवसर पर अपने स्वर्ण सिंहासन पर बैठकर अनुष्ठान करते हुए।

## आज की पाती

### सोशल मीडिया का दुरुपयोग बन रहा परेशानी का कारण

बढ़ती तकनीक जहां आम आदमी को सुख सुविधाएं प्रदान कर रही है वहीं इसके दुरुपयोग के कारण यह अनेक परेशानियों का कारण भी बन रही है। आज के युग में आधुनिक मोबाइल फोन का ज्यादातर उपयोग सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है। मगर देखा गया है कि कई मामलों में सोशल मीडिया नुकसानदायक साबित हो रहा है। अनेक मामलों देखा गया है कि लोग सोशल मीडिया का उपयोग अफवाह फैलाने, जातिवादी घृणा फैलाने वाले, फेक न्यूज चलाने, अश्लील पोस्ट करने में कर रहे हैं जो कि न केवल समाज बल्कि कानून विरुद्ध भी है जिस पर रोक लगना अत्यंत आवश्यक है। वहीं दूसरी ओर लोगों को भी चाहिए कि वे सोशल मीडिया का दुरुपयोग न करें जिससे किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न हो। – *केवल कुमार साहू*

## करंट अफेयर

# शक्तिशाली सेनाओं में भारत चौथे, पाक 15वें नंबर पर



दुनिया की सर्वाधिक शक्तिशाली सेनाओं में भारतीय सेना चौथे नंबर पर है। पाकिस्तानी सेना सर्वाधिक शक्तिाशाली सेनाओं की सूची में पंद्रहवें स्थान पर है। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार यह खुलासा 'ग्लोबल फायरपावर्स 2019' की सैन्य शक्ति से संबंधित रिपोर्ट में हुआ है। इसमें बताया गया है कि विश्व की सर्वाधिक शक्तिशाली सेनाओं में पहले स्थान पर अमेरिका, दूसरे नंबर पर रूस व तीसरे नंबर पर चीन है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्लोबल फायरपावर ने इस सूची में 137 देशों की सेनाओं को शामिल किया है। रैंकिंग के अनुसार, भारत के पास कुल 3462500 सैन्य कर्मी हैं। कुल 2082 विमान और 4184 लड़ाकू टैंक हैं। एक विमानवाहक पोत और कुल 295 नौसेना संपत्तियां हैं। भारत का कुल रक्षा बजट 55 .2 अरब डॉलर का है। पाकिस्तान के पास कुल 1204000 सैन्य कर्मी हैं। सेना के पास कुल 1342 विमान हैं जिनमें 348 लड़ाकू विमान हैं। देश का रक्षा बजट सात अरब डॉलर का है। विश्व की पंद्रह शक्तिशाली सेनाओं में क्रमश : अमेरिका, रूस, चीन, भारत, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, युनाइटेड किंग्डम, तुर्की, जर्मनी, इटली, मिस्र, ब्राजील, ईरान और पाकिस्तान शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# शिव से रूठकर काशी में विराजमान हुईं मां शैलपुत्री



काशी नगरी वाराणसी के अलीपुर क्षेत्र में मां शैलपुत्री का मंदिर है इस मंदिर को लेकर ऐसी मान्यता है कि नवरात्रि के पहले दिन मां के दर्शन करने से सारी मनोकामना पूरी होती है। कहा जाता है कि माता के इस स्वरूप में भगवान भोलेनाथ की कठोर तपस्या की थी। माता शैलपुत्री मां दुर्गा का प्रथम स्वरूप हैं। मां शैलपुत्री के इस मंदिर के बारे में एक कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि माता पार्वती ने पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री के रूप में जन्म लिया था और वे शैलपुत्री कहलाईं। एक बार माता भोलेनाथ से रुष्ट होकर कैलाश से काशी आ गईं। भोलेनाथ उन्हें मनाने यहां आए तो माता शैलपुत्री ने कहा कि उन्हें यह स्थान बहुत पसंद है इसलिए वे यहां से नहीं जाएंगी। उसके बाद वे वहीं विराजमान हो गईं। इस मंदिर में माता की तीन बार आरती होती है। माता को चढ़ावे में नारियल के साथ सुहाग का सामान चढ़ाया जाता है। माता का वाहन वृषभ है इसलिए माता शैलपुत्री वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। उनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता के इस स्वरूप के दर्शन व पूजन से समस्त वैवाहिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। ऐसा कहा जाता है कि नवरात्रि के दौरान मां के दर्शन करने से कष्ट दूर हो जाते हैं इस मंदिर में दर्शन करने के लिए वक्त 1 दिन पहले से ही लाइन में लग जाते हैं।

## ट्रेंड

### जवानों से प्रभावित



यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है कि मुझे भारतीय नौसेना के स्वॉर्ड आर्म, वेस्टर्न फ्लीट के कर्मियों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला। मैं सबसे बहादुर योद्धाओं द्वारा दिखाए गए व्यावसायिकता, प्रतिबद्धता व उत्साही दृष्टिकोण को देखकर प्रभावित हूं। -राजनाथ सिंह

### कटरा के लिए वंदेभारत



नवरात्रि के अवसर पर रेलवे नई दिल्ली-कटरा के बीच वन्देभारत एक्सप्रेस शुरू रहा है। यह नई दिल्ली से सुबह 6 बजे चलकर 2 बजे कटरा पहुंचेगी, तथा कटरा से दोपहर 3 बजे चलकर रात 11 बजे दिल्ली पहुंचेगी। 5 अक्टूबर से सफर का आनंद ले सकते हैं। -पीयूष गोयल

### पैसे बचा रही सरकार



अभी तक सरकारें 1 करोड़ रुपये प्रति बेड के हिसाब से अस्पताल बनातीं थीं, लेकिन संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल के 362 बेड का अत्याधुनिक एवं एसी ट्रॉमा सेंटर महज 71 करोड़ रुपये का बनेगा। आपकी सरकार ईमानदार है, पैसे बचा रही है। -अरविंद केजरीवाल

### मैं वापस आऊंगा



कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर घटनाओं के दिखावे और बातचीत से भरे दिन में .. एक विवरण के लिए इस मंच पर कभी भी पर्याप्त जगह नहीं हो सकती है। इसमें काफी देर हुई लेकिन मैं फिर वापस आऊंगा... बाद में ...और तब तक..! -अमिताभ बच्चन

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप



## रिश्तेदार की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 27 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके एक सहयोगी को पारिवारिक विवाद के चलते अपने एक रिश्तेदार की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस निरीक्षक वैभव शिंगारे ने बताया कि सागर दास (30) कशिमीरा क्षेत्र में रहता था और उसका अपनी पत्नी से आए दिन झगड़ा होता था क्योंकि वह उसके चरित्र पर शक करता था। इस बात पर वह पत्नी के साथ मार पीट भी करता था। उन्होंने बताया कि शनिवार रात दास शराब पी कर घर आया जिससे उनके बीच फिर झगड़ा हुआ । इस दौरान घर में मौजूद पत्नी के भाई राहुल ने अपने दोस्त के साथ मिल कर दास के सिर पर भारी पत्थर से प्रहार किया। इस घटना में दास की मौके पर ही मौत हो गई। पड़ोसियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिन्होंने घटनास्थल पर पहुंच कर पत्नी के भाई और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

कांग्रेस के दृष्टिकोण और दिशा में स्पष्टता नहीं

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : विपक्ष में बिखराव, भाजपा की नजर बड़ी जीत पर

मुंबई।



महाराष्ट्र में 21 तारीख को होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की नजर बड़ी जीत हासिल करने पर है। अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पूरा भरोसा है कि वह एक बार फिर भारी बहुमत के साथ राज्य की सत्ता में वापसी करेगी। वहीं चुनाव विश्लेषकों की मानें तो भाजपा को पूरा विश्वास है कि वह दोबारा सरकार बनाने में कामयाब होगी, जबकि विपक्षी कांग्रेस एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बिखरी हुई सी दिखाई दे रही है। अगले महीने की 21 तारीख को होने वाले चुनाव के लिए भाजपा और शिवसेना ने सीटों के बंटवारे को लेकर समझौते का ऐलान नहीं किया है, लेकिन गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा को पूरा भरोसा है कि वह एक बार फिर भारी बहुमत के साथ राज्य की सत्ता में वापसी करेगी। भाजपा के शीर्ष नेता लगातार जोर दे रहे हैं कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य की कमान संभालेंगे लेकिन भाजपा की सहयोगी शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे को इस पद के लिए दावेदार के रूप में पेश करना चाहते हैं।

विश्लेषक ने रेखांकित किया कि चुनाव से पहले फडणवीस ने 'महाजनादेश यात्रा' के तहत 288 सीटों में से 140 सीटों का दौरा किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार भी राज्य का दौरा कर रहे हैं जबकि कांग्रेस महाराष्ट्र में सर्वमान्य नेता की अनुपस्थिति में दिशाहीन नजर आ रही है। कांग्रेस-राकांपा के कई नेता गत महीनों में भाजपा या शिवसेना में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के दृष्टिकोण और दिशा में स्पष्टता नहीं है, उम्मीदवारों के चयन में भी पारदर्शिता की कमी है।

### यह होगा भाजपा का मुख्य मुद्दा

शिवसेना सूत्रों ने कहा कि पार्टी कम सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार हो सकती है बशर्ते आदित्य ठाकरे को उप मुख्यमंत्री पद दिया जाए। माना जा रहा है कि इस चुनाव में वह अपनी चुनावी राजनीति की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि ''पार्टी नेताओं का एक धड़ा इस रणनीति से असहज है।'' भाजपा ने स्पष्ट किया है कि महाराष्ट्र चुनाव में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने के केंद्र का फैसला उसका मुख्य मुद्दा होगा। शाह ने पिछले हफ्ते लोगों से अपील की थी कि इस फैसले का विरोध करने वाली कांग्रेस और राकांपा की उसकी हैसियत दिखाएं।

### विपक्षी राकंपा अपनी ही समस्याओं से जूझ रही

सूत्र ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बालासाहेब थोराट के साथ पांच कार्यकारी अध्यक्षों को नियुक्त किया गया लेकिन सीट बंटवारे को लेकर राकांपा को भरोसे में नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि थोराट और सभी पांच कार्यकारी अध्यक्ष आगामी चुनाव लड़ रहे हैं और वे अपनी सीटों के अलावा बाकी सीटों पर ध्यान नहीं दे सकेंगे। विपक्षी राकांपा अपनी ही समस्याओं से जूझ रही है और शरद पवार खुद महाराष्ट्र सहकारी बैंक घोटाले में फंसे हैं।

### वीबीए ने भी गठबंधन से किया इनकार

इन चार प्रमुख पार्टियों के अलावा प्रकाश आम्बेडकर की पार्टी वंचित बहुजन अगाड़ी (वीबीए) ने भी कांग्रेस-राकांपा गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर सभी 288 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। लोकसभा में अम्बेडकर की पार्टी को काफी नुकसान पहुंचाया था। एआईएमआईएम ने भी वीबीए से करार तोड़ दिया है।

## लड़की के साथ वीडियो वायरल हाने पर भाजपा विधायक ने दर्ज कराई शिकायत

गोंदिया। महाराष्ट्र के भाजपा विधायक संजय पुरम ने अपने विरोधियों के खिलाफ उनकी छवि धूमिल करने का एक मामला दर्ज कराया है। उनके एक 'बार' में एक लड़की के साथ कथित तौर पर नाचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन्होंने यह शिकायत दर्ज कराई है। गोंदिया जिले की आमगांव-देवरी सीट से विधायक वीडियो में लड़की का हाथ पकड़े और हाथ में शराब की बोतल लिए बॉलीवुड गाने पर नाचते नजर आ रहे हैं। विधायक ने दावा किया है कि वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है और वीडियो में उनके जैसा दिखने वाला कोई व्यक्ति है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुरम ने गुरुवार को देवरी पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ भादंवि की धारा 500 के तहत मामला दर्ज कराया है। पुरम ने पत्रकारों से कहा कि अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह उनकी छवि धूमिल करने के लिए उनके विरोधियों की एक ''साजिश है।

## राजस्थान: भाजपा और कांग्रेस ने उपचुनाव के लिये उम्मीदवारों की घोषणा की

जयपुर। राजस्थान में नागौर के खींवसर और झुंझुनूं के मंडावा में 21 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव के लिये सत्ताधारी कांग्रेस और भाजपा ने उम्मीदवारों की घोषणा रविवार को कर दी। भाजपा और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने नागौर की खींवसर सीट के लिये गठबंधन किया है। भाजपा खींवसर सीट पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का समर्थन करेगी वहीं मंडावा में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी भाजपा के उम्मीदवार का समर्थन करेगी। कांग्रेस ने खींवसर सीट पर पूर्व मंत्री हरेन्द्र मिर्धा और मंडावा सीट पर रीटा चौधरी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा दिल्ली में की। भाजपा ने मंडावा सीट पर सुनीता सीगड़ा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की बागी और पूर्व प्रधान सुशीला सींगडा ने रविवार को प्रतिपक्ष के उपनेता राजेन्द्र राठौड की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। खींवसर सीट के लिये भाजपा ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के साथ गठबंधन किया है और वहां राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के समन्वयक सांसद हनुमान बेनीवाल के भाई नारायण बेनीवाल को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। दोनों सीटों के लिए मतदान 21 अक्टूबर को होना है। इस वर्ष मई में हुए लोकसभा चुनाव में खींवसर विधायक हनुमान बेनीवाल और मंडावा विधायक नरेन्द्र कुमार की जीत के बाद दोनों सीटे रिक्त हुई थी। राजस्थान में 200 विधानसभा सीटों में से बसपा के छह विधायकों के कांग्रेस में विलय के बाद कांग्रेस के पास 106 विधायक हैं।

## गुजरात में तेंदुए के हमले में दो कृषि श्रमिकों की मौत



**अमरेली (गुजरात)।** अमरेली जिले के धारी वन संभाग के मोलवेल गांव में खेत में काम कर रहे दो कृषि श्रमिकों को एक तेंदुए ने हमला कर मार डाला । वन विभाग के अधिकारी ने बताया, ''कर्षण सगाठिया और भुताभाई वाला अपने खेतों में सो रहे थे कि इसी दौरान शनिवार की देर रात तेंदुए ने हमला कर दोनों को मार डाला । दोनों आपस में संबंधी थे और खेत में काम करते थे । रविवार की सुबह उनके शव उनके संबंधियों को मिले । उन्होंने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए एक पिंजड़ा लगाया गया है । इस घटना से पांच दिन पहले जिले के चम्पाथाल गांव में पांच साल के एक बच्चे को तेंदुए ने मार डाला था।

लेखक व नेता शशि थरूर का दावा

## हिन्दुत्व को राजनीतिक रूप से पेश करना हिन्दू धर्म पर प्रहार है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- हिन्दू धर्म अपने खुलेपन, दूसरे विचारों का सम्मान करने और अन्य विश्वासों को स्वीकार करने के लिए जाना जाता है

लेखक एवं नेता शशि थरूर ने दावा किया है कि हिन्दुत्व को राजनीतिक रूप से पेश करना कुछ और नहीं बल्कि हिन्दू धर्म पर प्रहार है। उन्होंने यह भी कहा कि सहस्त्राब्दियों से विश्व कल्याण की कामना करने वाले इस धर्म ने बाहरी आक्रमणों में अपनी प्रतिरोध क्षमता का प्रदर्शन किया है किंतु भीतर से होने वाले हमलों के कारण अब यह अपनी कमजोरी दिखा रहा है। नयी पुस्तक ' द हिन्दू वे- एन इंट्रोडक्शन टू हिन्दुइज्म' में उन्होंने हिन्दू धर्म के महत्वपूर्ण दर्शनों जैसे अद्वैत वेदांत पर गहन चिंतन किया है और उन प्रारंभिक धारणाओं की ओर ध्यान दिलाया है जो धर्म का आधार हैं। यह पुस्तक उनकी पूर्व की किताब ' वाई आई एम ए हिन्दू' की श्रृंखला की अगली कड़ी है। थरूर ने किताब में लिखा कि हिन्दू धर्म अपने खुलेपन, दूसरे विचारों का सम्मान करने और अन्य विश्वासों को स्वीकार करने के लिए जाना जाता है। यह एक ऐसा धर्म है जो अन्य धर्मों के भय के बिना डटा रहा।

जवानों को करेंगे सम्मानित

## अमित शाह आरएएफ स्थापना दिवस परेड में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) के स्थापना दिवस पर आयोजित परेड का निरीक्षण करेंगे। इस अर्धसैनिक बल को दंगा रोधी और भीड़ नियंत्रण के कार्य में विशेषज्ञता हासिल है। अधिकारियों ने बताया कि आरएएफ के 27वें स्थापना दिवस पर अहमदाबाद के वस्त्राल इलाके में स्थित 100वीं बटालियन में आयोजित कार्यक्रम में शाह मुख्य अतिथि होंगे। आरएएफ देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का हिस्सा है, जिसमें 3.25 लाख से अधिक जवान हैं। अधिकारियों ने बताया कि गृहमंत्री जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद निरोधी कार्रवाई और विभिन्न राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में बहादुरी का प्रदर्शन करने वाले सीआरपीएफ जवानों को 20 वीरता पदक भी प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि शाह बल के जवानों को संबोधित करने से पहले परेड की सलामी लेंगे और नीली डांगरी (वर्दी का स्वरूप) पहने आरएएफ कर्मियों की तैयारी का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि आरएएफ की स्थापना दिवस सात अक्टूबर है, जब 1992 में यह अस्तित्व में आया था लेकिन गृहमंत्री की व्यस्तता की वजह से कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया जा रहा है।



## हांगकांग में प्रदर्शनकारियों के साथ टकराव बढ़ा...



**हांगकांग।** हांगकांग में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच रविवार को भयंकर झड़प देखने को मिली और हजारों लोग सड़क पर उतरे। इसके चलते कम्युनिस्ट चीन के 70वें स्थापना दिवस समारोह पर असर पड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। चीन जन गणतंत्र स्थापना दिवस पर मंगलवार से भव्य समारोह की तैयारी की जा रही है, जिसमें भव्य सैन्य परेड भी शामिल है, जो चीन को उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में दर्शाएगा। हालांकि, हांगकांग में जारी अशांति से इस उत्सव के रंग में भंग पड़ने की आशंका है क्योंकि इस अर्ध-स्वायत्त शहर में उनकी विशेष आजादी को कमजोर करने के मुद्दे पर लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है।

## दशहरा उत्सव...



**मैसूर :** पूर्व राजपरिवार के वर्तमान शासक यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार रविवार को दशहरा उत्सव के अवसर पर अपने स्वर्ण सिंहासन पर अनुष्ठान करते हुए।

# स्कूलों के नाम पते से 'हरिजन' शब्द हटाने की कवायद शुरू

एजेंसी ⏭ जयपुर



राजस्थान में अब बढ़ी कवायद शुरू की जा रही है। यहां सरकारी स्कूलों के नाम-पते से हरिजन शब्द को हटाया जाएगा। राज्य शिक्षा विभाग ने ऐसे स्कूलों की सूची तलब की है जिनके नामों के साथ 'हरिजन' शब्द जुड़ा है। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों और समग्र शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयकों को इस संबंध में पत्र भी भेजा है। माध्यमिक शिक्षा के निदेशक नथमल डिडेल ने को बताया कि राज्य के सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला समग्र शिक्षा अभियान के समन्वयकों को एक पत्र लिखकर ऐसे प्रस्ताव मांगे गए हैं, जिसमें पूछा गया है कि राज्य में ऐसे कितने स्कूल हैं जिनके नाम में 'हरिजन' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसमें नाम परिवर्तन के लिए सरकार अपनी स्वीकृति प्रदान करेगी। गौरतलब है कि किसी भी सरकारी संस्थान का नाम बदलने के लिए सरकार की स्वीकृति लेनी होती है।

### जताई थी आपत्ति

अंबेडकर शिक्षा सदन समिति लूणकरणसर सहित कुछ संस्थाओं ने सरकारी स्कूलों के नाम में हरिजन शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति जताते हुए इसे हटाने की मांग की थी।

### ज्ञापन मिला तो हुई कार्रवाई

डिडेल ने बताया कि श्रीगंगानगर में एक विद्यालय का नाम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरिजन बस्ती (श्रीगंगानगर) लिखा हुआ है। इस विद्यालय का नाम बदलने के लिए ज्ञापन मिलने के बाद हमने यह कार्रवाई की है. अधिकारियों से कहा गया है कि किसी भी जिले में ऐसा कोई स्कूल है तो इसके संबंध में जानकारी दें। उन्होंने बताया कि ऐसे राजकीय विद्यालयों के नाम में परिवर्तन किया जाए या नहीं इस बारे में माध्यमिक शिक्षा निदेशक के पास से प्रस्ताव सरकार के पास भिजवाया जाएगा और सरकार ही इस पर निर्णय लेगी।

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा

## तमिलभाषी एक हो जाएं तो सभी भाषा की महानता को मानेंगे

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि अगर तमिलभाषी लोग एक हो जाएं तो सभी तमिल भाषा और संस्कृति की महानता को स्वीकार करेंगे। चिदंबरम आईएनएक्स मीडिया मामले में फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनका यह बयान ऐसे वक्त आया है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ह्यूस्टन में हाउडी मोदी कार्यक्रम में कहा था कि देश की विभिन्न भाषाएं उसके उदार एवं लोकतांत्रिक समाज की अहम पहचान है। मोदी ने भाषाई विविधता के महत्व को ऐसे वक्त रेखांकित किया जब गृह मंत्री अमित शाह ने हिंदी को एक भाषा बनाने की वकालत की थी। इस बयान के लिए शाह को तीखी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। चिदंबरम ने ट्वीट किया कि अगर तमिलभाषी एकजुट हो जाएं और एक सुर में बोलें तो हर व्यक्ति तमिल भाषा और संस्कृति की महानता को स्वीकार करेगा। गौरतलब है कि मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में अपने संबोधन में तमिल विचारक कनियान का उल्लेख किया था।



भारतीय चिकित्सा परिषद ने की मांग

# आयुष्मान भारत योजना से सरकारी अस्पतालों को रखा जाए बाहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- स्वास्थ्य देखभाल के लिए बीमा का एक विफल मॉडल है और भारत सरकार को उपचार के लिए इस मॉडल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से बीमा कंपनियों एवं बड़े अस्पतालों को लाभ पहुंचने का दावा करते हुए भारतीय चिकित्सा परिषद (आईएमए) ने सरकारी अस्पतालों को इस योजना के दायरे से बाहर रखने की रविवार को मांग की और कहा कि सरकारी अस्पतालों को सीधे आर्थिक मदद पहुंचायी जा सकती है। आईएमए के प्रमुख डॉ शांतनु सेन यहां कहा कि स्वास्थ्य देखभाल के लिए ''बीमा का एक विफल मॉडल है और भारत सरकार को उपचार के लिए इस मॉडल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियों से सांठगांठ करने से लक्ष्य लोगों का बेहतर इलाज करने के बजाय लाभ कमाना हो जाएगा। सेन ने मांग की कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को निजी अस्पतालों तक सीमित किया जाए, क्योंकि सरकारी अस्पतालों को इसमें शामिल करने से लोगों को अतिरिक्त फायदा नहीं मिलने वाला है जो पहले ही लोगों का निशुल्क इलाज करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार सरकारी अस्पतालों का वित्त पोषण करना चाहती है तो उसे सीधे उन्हें पैसा देना चाहिए। आईएमए के मानद महासचिव डॉ अशोकन ने कहा कि संगठन मांग करता है कि सरकार को 'लाभ के लिए' बीमा मॉडल' के बजाय करदाताओं के पैसे से पोषित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज योजना लानी चाहिए। आईएमए के प्रमुख ने दावा किया कि योजना के तहत बीमा दावे का निपटान करने के लिए समयबद्ध व्यवस्था नहीं है जिससे छोटे और मंझोले अस्पतालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दावा किया कि इसके अलावा, इसमें किसी बीमारी के उपचार के लिए एक ही दाम तय किया गया है लेकिन कोई बीमारी किसी व्यक्ति को बिना जटिलता के हो सकती है जबकि अन्य व्यक्ति को जटिलता के साथ हो सकती है। इसलिए एक ही बीमारी से पीड़ित दोनों व्यक्तियों के इलाज पर अलग अलग खर्च आएगा।

### सरकारी अस्पतालों को सीधे आर्थिक मदद पहुंचायी जा सकती है

## गांधी के विचारों को व्यवहार में उतार रहे हैं विदेशी छात्र



अहमदाबाद। राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए युवाओं को तैयार करने के लक्ष्य से महात्मा गांधी द्वारा 1920 में स्थापित गुजरात विद्यापीठ ना सिर्फ विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा दे रहा है बल्कि विभिन्न देशों से आने वाले छात्रों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों की सीख भी दे रहा है। 1963 से ही डीम्ड विश्वविद्यालय गुजरात विद्यापीठ स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की शिक्षा देने के अलावा विशेष रूप से विदेशों से आने वाले छात्रों के लिए 'गांधी की अहिंसा पर अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम' नाम से चार महीने का डिप्लोमा भी देता है। इसका लक्ष्य है कि विभिन्न देशों से आने वाले छात्र उनके विचारों और सिद्धांतों को सीखें और अपने देश लौटकर उनका जीवन में अनुकरण करें। गांधी अध्ययन संकाय के प्रेम आनंद मिश्र का कहना है कि इस पाठ्यक्रम ने अमेरिका, मेक्सिको, फ्रांस, अर्जेंटिना, ब्राजील, घाना, दक्षिण सूडान और इंडोनेशिया से आने वाले कई छात्रों का दृष्टिकोण बदला है। विद्यापीठ ने 2011 में यह डिप्लोमा शुरु किया था। पाठ्यक्रम के समन्वयक मिश्रा का कहना है, ''चार महीने के इस पाठ्यक्रम का लक्ष्य छात्रों को अहिंसा के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं का पाठ पढ़ाना है जिन्हें गांधी ने अपने निजी और सार्वजनिक जीवन में लागू किया। अभी तक 15-16 देशों के करीब 70 छात्र इस पाठ्यक्रम को पूरा कर चुके हैं। इसमें ज्यादा ध्यान व्यवहारिकता पर दिया जाता है।

## जम्मू में विचाराधीन कैदी पुलिस हिरासत से भागा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में जन सुरक्षा अधिनियम (पीसीए) के तहत गिरफ्तार किया गया एक शख्स जम्मू में पुलिस की हिरासत से भाग गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एक सहायक उप निरीक्षक तथा दो कांस्टेबल को निलंबित किया गया है और घटना के बाबत विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सांबा के रहने वाले दिलबाग सिंह को उधमपुर जिला जेल से सुनवाई के लिए शनिवार को जानीपुर अदालत लाया गया था, लेकिन वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। अधिकारी ने बताया कि सिंह पर मादक पदार्थ की तस्करी, रंगदारी मांगने, हत्या की कोशिश जैसे मामलों में कई थानों में प्राथमिकी दर्ज हैं। उसे हाल में पीएसए के तहत गिरफ्तार किया गया था और उसे उधमपुर जिला जेल में रखा गया था।



# नए व पुराने दौर का फर्क

**मुंबई।** सिंगर हिमेश रेशमिया 13 साल की उम्र से काम कर रहे हैं। हिमेश का मानना है कि आज के जमाने में ब्रेक तो आसानी से मिल जाता है पर सर्वाइव करना बेहद मुश्किल होता है। हिमेश ने कहा- आज के जमाने में ब्रेक मिलना कहीं ना कहीं आसान हो गया है। लेकिन सस्टेन करना मुश्किल है। पहले ऐसा नहीं था। पहले ब्रेक आसानी से नहीं मिलता था लेकिन लोग सस्टेन करते थे। इसके लिए मेहनत करना बहुत जरूरी है। 1, 2 दो गाने को हिट हो जाते हैं लेकिन आगे उसे बरकार कैसे रखा जाए। हिमेश ने कहा- सौभाग्य से पिछले 7-8 सालों में मैंने काम कम किया है लेकिन जो भी किया सभी बड़े हिट हैं। अगर उम्मीदें ज्यादा हैं तो आपको उसी तरह से पेश आना पड़ता है। मैं एक गाने के लिए 500 लोगों से अप्रूव करवाता हूं।

लाइफ Style

# दीपिका

## मदहोश तस्वीर वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई



रणबीर कपूर ने हाल में अपने जन्मदिन की पार्टी दी। इसमें दीपिका पादुकोण के अलावा करण जौहर, शाहरुख खान, आमिर खान, अनुराग बासु, जोया अख्तर, प्रीतम, आदित्य रॉय कपूर जैसे सितारों ने शिरकत की।


अब इस पार्टी के दौरान की दीपिका की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसे लेकर वह ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं। तस्वीर में उनकी आंखें थोड़ी मदहोश सी नजर आ रही हैं। उन्हें नशे में समझकर सोशल मीडिया यूजर्स ने ट्रोलिंग शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा, 'नशेड़ी लुक।' दूसरे यूजर ने कहा, 'फुल शराबी।' लोग इस तरह कमेंट्स दीपिका की वायरल फोटो पर कर रहे हैं। दीपिका के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने कुछ समय पहले ही फिल्म छपाक की शूटिंग पूरी की है। फिल्म में वह एसिड सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में लीड रोल में ही नहीं बल्कि वह इससे प्रोडक्शन में भी कदम रखने जा रही हैं। इसके अलावा दीपिका स्पोर्ट्स-ड्रामा फिल्म 83 में नजर आएंगी। फिल्म 83 की कहानी में भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा जीते गए 1983 वर्ल्डकप की कहानी को बयां किया जाएगा। यह एक मल्टीस्टाररर फिल्म है जिसमें रणवीर और दीपिका के अलावा हार्डी संधु, पंकज त्रिपाठी, साकिब सलीम, ताहिर राज भसीन, चिराग पाटिल, जतिन सरना जैसे स्टार्स नजर आएंगे। गौरतलब है, एक समय था जब रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण के अफेयर चर्चे आम थे, लेकिन दोनों का रिलेशन ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाया।

## हॉलीवुड मसाला




# हॉलैंड का खास वीडियो...

**लॉस एंजलिस।** जैसे ही स्पाइडर मैन की मार्वेल सिनेमैटिक यूनिवर्स में वापसी की खबर आई, वैसे ही यह खबर आग की तरह सोशल मीडिया पर फैल गई है। फैंस का खुश होना तो जाहिर है लेकिन इस खबर को सुनकर स्पाइडर मैन का किरदार निभाने वाले अभिनेता टॉम हॉलैंड फूले नहीं समाए। जल्द से जल्द फिर टॉम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक खास वीडियो साझा की। यह वीडियो फिल्म वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट की है।



# लिंडा व अर्नाल्ड की जुगलबंदी...

**लॉस एंजलिस।** दुनिया भर के युवाओं के बीच फिटनेस का क्रेज शुरू करने वाले हॉलीवुड के मशहूर सितारे अर्नाल्ड श्वार्जेनेगर की टर्मिनेटर के तौर पर बड़े परदे पर नवंबर में वापसी हो रही है। उनकी नई फिल्म 'टर्मिनेटर डार्क फेट' में उनके साथ इस सीरीज की पहली फिल्म में सारा कोनर के किरदार में नजर आईं लिंडा हैमिल्टन भी हैं। मेगा स्टार अर्नाल्ड श्वार्जेनेगर ने लिंडा के जन्मदिन पर दो दिलचस्प तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर साझी कीं। पहली तस्वीर में अर्नाल्ड और लिंडा उन दिनों की यादें ताजा कर रहे हैं जब उनकी कद काया को देखकर युवाओं में फिटनेस का विश्वव्यापी क्रेज शुरू हुआ था और दूसरी तस्वीर दोनों की ताजा तस्वीर है।



# एक से ज्यादा न हों सेक्स पार्टनर ...

**मुंबई।** एक मीडिया प्रोग्राम में अभिनेत्री कंगना रणावत ने रिलेशनशिप व पार्टनर के मुद्दे पर राय रखी। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि लोगों को एक से ज्यादा सेक्स पार्टनर नहीं रखने चाहिए और टीनेजर्स को सेफ सेक्स पर फोकस करना चाहिए। कंगना ने कहा, सेक्स हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा है, लेकिन जब भी आपको सेक्स की जरूरत महसूस हो तो आपको करना चाहिए। कंगना ने कहा कि ज्यादातर लोगों के माता-पिता ये सोचते हैं कि हमारी पवित्र किताबें हमें सेक्स की अनुमति नहीं देती हैं। हालांकि ऐसा नहीं है। कंगना ने बताया कि ब्रह्मचारी लोग अपनी सेक्सुअल एनर्जी को किसी दूसरी ऊर्जा में बदलने के तरीके इस्तेमाल करते हैं। कंगना ने कहा कि माता-पिता को इस बात के साथ कंफर्टेबल होना चाहिए कि उनके बच्चों के सेक्शुअल पार्टनर हैं।



# लव लाइफ पर चर्चा पसंद नहीं ...

**मुंबई।** फरहान अख्तर आज कल अपनी लव लाइफ के मामले में भी सुर्खियों में हैं। फरहान काफी समय से शिबानी दांडेकर के साथ रिलेशनशिप में हैं। हाल में जब फरहान से उनकी लव लाइफ के बारे में पूछा गया तो उन्होंने घुमावदार जवाब दिया। फरहान ने कहा, 'आप सोशल मीडिया पर देख सकते हैं कि कैसे मेरी लाइफ बदल गई है। जिंदगी उसी तरीके से आगे बढ़ती है जिस तरह से उसका आगे बढ़ना तय है। और मैं वही चीजें शेयर करता हूं जिसे बताने में सहज होता हूं।' बताते चलें कि फरहान अख्तर पहली पत्नी अधुना से तलाक लेने के बाद शिबानी के साथ रिलेशन में आए हैं। फरहान और अधुना की शादी 15 साल तक चली थी। इसके बाद साल 2018 में फरहान और शिबानी के रिलेशन की खबरें सामने आने लगीं।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का । A to Z समाधान । हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

टॉवर

☛ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान

ज्योतिष

अब तक निराश क्यों? एक बार अवश्य फोन करें
AtoZ समस्याओं का घरबैठे 100% समाधान ईश्वर ने चाहा किसी को रोने नही दूंगा
स्पे.: वशीकरण, मुठकरनी, पति-पत्नी मे अनबन मनचाहा प्यार, सौतन/दुश्मन गृहक्लेश, विदेशयात्रा, शादी तलाक, गढ़ाधन, कारोबार बंदिश, खिलाया-पिलाया, जादू, नौकरी, मुकदमा।
अगर आपका परिचित किसी ओर व्यक्ति के वश में हो तो फोन करें
मेरा किया काम कोई तोड़े तो उसे मुँह मांगा इनाम
स्पे० वशीकरण, मुठकरनी और काला जादू
बाबा आमिल सूफी
9717041517
9891374839

फायनेंस

☛ नवरात्रि धमाका ऑफर महिन्द्रा फाइनेंस द्वारा आधारकार्ड, मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस समस्त लोन घरबैठे पाएं फाईलचार्ज लोन से कटेगा महिलाओं के लिए विशेषछूट ब्याज 2% छूट 50% 088084-12707

☛ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94991-66862

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ज्योतिष

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

नशा मुक्त भारत अभियान
घर बैठे शराब छुड़वायें हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
अगर आप सभी जगह की दवाई खिलाकर थक चुके हैं तो एक बार अवश्य संपर्क करें
शराब, स्मैक, अफीम, हेरोइन, चरस, गांजा, गुटका, तम्बाकू, सिगरेट, कैप्सूल, इंजेक्शन, टेबलेट आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

जॉब

☛ कौशल विकास योजना (KVY) डाटा एंट्री SMS JOB हेतु 990 लड़के/लड़कियां घर बैठे पार्ट/फुलटाईम JOB करके कमाएं 18500-52000 महीना + मोबाइल + लैपटॉप + प्रिंटर फ्री CALL / SMS करें 7070687394, 7070762927


फायनेंस

☛ मुथूट कैपिटल फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम लोन पर्सनल मार्कशीट मुर्गीपालन महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन करवाये ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित। महिलाओं को विशेष छूट। 8278296938

आवश्यकता

☛ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506


# 'लुका छुपी' का बनेगा सीक्वल ...



**मुंबई।** फैमिली के साथ लिव इन में रहने के कॉन्सेप्ट पर बनीं फैमिली कॉमेडी फिल्म 'लुका छुपी' के मेकर्स अब इसका सीक्वल बनाए जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस बार फिल्म फैमिली में रहने वाले कपल कि डिवॉर्स में में आने वाली दिक्कतों के ऊपर आधारित होगी। अब प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने यह कन्फर्म कर दिया है। उन्होंने कहा, 'अभी फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है और बार इसमें परिवार के साथ रहते हुए डिवॉर्स के बारे में दिखाया जाएगा। आइडिया यह है कि इस बार कपल डिवॉर्स ले लेता है लेकिन परिवार को इस बारे में पता ही नहीं होता है और इसी में फनी सिचुएशंस बनेंगी। अभी फिल्म को लिखने में लगभग 1 साल का समय लगेगा उसके बाद ही इस पर आगे काम किया जाएगा।'

# ईशान ने किया फैंस को हैरान



**मुंबई।** 'बियॉन्ड द क्लाउड्स' में अपने जबरदस्त प्रदर्शन के बाद ईशान खट्टर ने फिल्म 'धड़क' में भी खूब तारीफें बटोरी थीं। अब वह अपनी अगली फिल्म 'खाली पीली' के लिए भी तगड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है। उनका ट्रांसफॉर्मेशन देखकर फैन्स भी हैरान हैं। ईशान ने अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इसमें वह शर्टलेस होकर अपनी बॉडी फ्लॉन्ट कर रहे हैं। ईशान के ऐब्स और बाइसेप्स देखकर फैन्स उनके दीवाने हो रहे हैं। ईशान ने अपनी कुछ तस्वीरें 'बियॉन्ड द क्लाउड्स' की तैयारी के समय की शेयर की हैं। इसके बाद उनकी तुलना करते हुए अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। आप भी देखिए, कितने बदल गए हैं ईशान खट्टर किस तरह ट्रांसफॉर्म हो चुके हैं।

## श्रद्धा ने की थी चीटिंग...



**मुंबई।** एक मीडिया प्रोग्राम में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने शिरकत की। इसमें श्रद्धा ने अपनी हिट फिल्म छिछोरे पर चर्चा की। इस दौरान, जब उनसे पूछा गया कि क्या वे कॉलेज में छिछोरी थी? इस पर उन्होंने स्टेडियम में मौजूद ऑडियंस से पहले तो पोल कराया। फिर सवाल का जवाब देते हुए बहुत सारा सस्पेंस क्रिएट किया। अंत में श्रद्धा कपूर ने अपने छिछोरी होने का बड़ा राज खोला। एक्ट्रेस ने कहा- 'मैं बस थोड़ी सी छिछोरी थी। मैंने स्कूल में एक चीज की थी जो मैं कहूंगी कि मत करो। मैं पकड़ी गई थी। मुझे बहुत डांट पड़ी थी। दरअसल, स्कूल में मैंने एग्जाम में चीटिंग की थी। मैंने बस यही छिछोरापंती की है।

## टीवी मसाला



# उर्वशी को याद आए संघर्ष के दिन

**मुंबई।** उर्वशी ढोलकिया और अनुज सचदेव नच बलिए 9 में वापस आ चुके हैं। शो में एक्स कपल ने वाइल्ड कार्ड को तौर पर एंट्री ली है। नच बलिए में आने वाला हफ्ता उवर्शी ढोलकिया को इमोशनल कर देने वाला है। दरअसल, शो में उर्वशी अपने स्ट्रगल के दिनों को याद कर भावुक हो जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अपनी परफॉर्मेंस खत्म कर देने के बाद उवर्शी ढोलकिया अपने स्ट्रगल के दिनों को याद कर रोने लगती हैं। उर्वशी ने अपनी जिंदगी में काफी स्ट्रगल किया है। उन्हीं दिनों के बारे में सोच वो रोने लगती हैं। स्टेज उनके साथ खड़े एक्स बॉयफ्रेंड अनुज सचदेव उर्वशी को संभालते हैं। उन्हें हौसला देते हैं। अनुज ने उर्वशी के स्ट्रगल के बारे में बात करते हुए कहते हैं- 'उर्वशी ने अपनी अतीत में बहुत कुछ सहा है। इसके बाद जज रवीना टंडन भी उनकी तारीफ की। उन्होंने उर्वशी को वुमेन पावर का परफेक्ट एग्जांपल बताया।

## बीमार दीपिका का हुआ चेकअप

**मुंबई।** खबर है कि बिजी शेड्यूल के चलते टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ बीमार हो गई हैं। दीपिका के पति शोएम इब्राहिम ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की है। इसमें दीपिका एक अस्पताल में बैठी हैं। दरअसल शोएब, दीपिका को चेकअप के लिए अस्पताल लेकर गए थे। शोएब ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें डॉक्टर उनका बॉडी टेम्परेचर चेक कर रहे हैं। दीपिका एक के बाद एक शूट में बिजी हैं, जिसके चलते एक्ट्रेस बीमार हो गई हैं। दीपिका की सोशल मीडिया पर भारी फैन फॉलोइंग है और वह अक्सर अपने फैंस का समर्थन और प्यार के लिए शुक्रिया करती हैं। दीपिका ने अपने को-स्टार शोएब ने फरवरी 2018 में शादी की थी।



## खबर संक्षेप



### सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत, तीन घायल

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। सिन्नार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा यहां से 25 किलोमीटर दूर नासिक-पुणे राजमार्ग पर सिन्नार के पास शनिवार शाम हुआ। हादसे के समय स्थानीय लोग अपने जानवर चराने ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार ट्रक चालक ने जैसे ही गायों को सड़क पार करते हुए देखा, उसने ब्रेक लगाए लेकिन हादसे में जानवरों को ले जा रहे दो लोग फिर भी उसकी चपेट में आ गए। इस बीच, ट्रक के अचानक रुकने पर पीछे आ रहा टेम्पो उससे टकरा गया और दोनों वाहनों में सवार एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि टेम्पो सवार एक व्यक्ति घायल भी हुआ है और उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ठाणे में बलात्कार का आरोपी पकड़ा गया

**ठाणे।** महाराष्ट्र में एक महिला के साथ बलात्कार के आरोप में 48 साल के एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । अधिकारियों ने रविवार को बताया कि उसके सीने में दांत से काटने के निशान के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है । पुलिस निरीक्षक बालाजी पांधरे ने बताया कि आरोपी की पहचान लाखन देवकर के रूप में की गयी है। उल्हासनगर की रहने वाली महिला 23 जून को जब घर लौट रही थी, तभी लाखन ने उसे दबोच लिया । पांधरे ने बताया कि वह उसे एक निर्जन स्थान पर ले गया जहां उसने उसके साथ बलात्कार किया । महिला को बाद में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसने इसकी पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है । उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले । पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 323, 504 एवं 506 के तहत तहत मामला दर्ज किया गया था । उसके बाद उसे शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया ।

## अमेरिका से लौटे इमरान खान ने कहा

# कश्मीरियों के साथ खड़े रहना जिहाद

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को अमेरिका से लौटने के बाद कहा कि जो लोग कश्मीरियों के साथ खड़े हैं वे जिहाद कर रहे हैं और पाकिस्तान कश्मीरियों का साथ देगा, भले ही दुनिया ऐसा न करे। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने पहले संबोधन में कश्मीर मुद्दे पर जोर देने वाले खान ने यहां हवाई अड्डे पर अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि ₹चाहे दुनिया कश्मीरियों के साथ हो या न हो, हम उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, ₹यह (कश्मीरियों के साथ खड़ा रहना) जिहाद है। हम ऐसा इसलिये कर रहे हैं क्योंकि हम चाहते हैं कि अल्लाह हमसे खुश हो। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष है और जब समय अच्छा न हो तो हिम्मत न हारें। निराश न हों क्योंकि कश्मीरी आपकी ओर देख रहे हैं। खान ने कहा कि अगर पाकिस्तानी लोग कश्मीरियों के साथ खड़े रहे तो वे जीतेंगे।



### दो परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसियों का आमना-सामना हुआ, तो इसके परिणाम सीमाओं से परे होंगे

खान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में कश्मीर मुद्दा उठाया था और मांग की थी कि भारत कश्मीर से अमानवीय कर्फ्यू हटाए तथा सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करे। खान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में संबोधन के लिये 15 मिनट की तय सीमा से बहुत अधिक 50 मिनट के अपने भाषण में आधा समय कश्मीर मुद्दे पर बात कही। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दो परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसियों का आमना-सामना हुआ, तो इसके परिणाम सीमाओं से परे होंगे।

### कश्मीर में आतंकवादी वारदात के बाद निगरानी और आतंकवाद निरोधक अभियान तेज

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में शनिवार को सुरक्षा बलों पर किये गए हथगोला हमले सहित आतंकी घटनाओं के बाद यहां एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने निगरानी और आतंकवादियों की तलाशी का अभियान तेज कर दिया है । अधिकारी ने बताया कि घाटी में सुरक्षा बलों पर किसी प्रकार के आतंकी हमले को विफल करने के लिए सक्रिय रणनीति के तहत आतंकवाद निरोधक अभियानों को तेज कर दिया गया है । अधिकारियों ने बताया कि कानून व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए ये अभियान पांच अगस्त से ही जारी है । इसी दिन केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर से विशेष दर्जा वापस ले लिया था । अधिकारी ने बताया, ''कानून व्यवस्था के मोर्चे पर स्थिति कुल मिलाकर सामान्य हो गयी है । यह सुनिश्चित करने के लिए कि आतंकवादी किसी प्रकार का हमला नहीं कर सकें इसके लिए आतंकवाद निरोधक अभियानों को तेज कर दिया गया है ।'' इस अभियान के तहत महत्वपूर्ण इमारतों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है । इसमें श्रीनगर हवाई अड्डा और पुलिस कार्यालय भी शामिल है । अधिकारी ने बताया कि घाटी के शहर और अन्य स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बंकरों का निर्माण किया जा रहा है ताकि आतंकवादियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने से रोका जा सके । इस बीच कश्मीर में लगातार 56 वें दिन भी रविवार को सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त रहा । मुख्य बाजार और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान रविवार को बंद रहे हालांकि, कुछ रेहड़ी पटरी वालों ने साप्ताहिक बाजार के तहत सड़क के किनारे दुकानें लगायी थी । स्थानीय तौर पर इसे 'संडे बाजार' कहा जाता है । अधिकारियों ने बताया कि घाटी के अधिकतर हिस्सों से सरकारी वाहन सड़कों से नदारद रहे लेकिन कुछ निजी कार और अंतर्जिलास्तरीय कुछ यात्री कैब सड़कों पर दिखायी दीं।

### जम्मू कश्मीर के मेंढर कस्बे में लगाये गये चेतावनी भरे पोस्टर

जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती पुंछ जिले के एक कस्बे में स्थानीय निवासियों को सामान्य गतिविधियां शुरू करने के खिलाफ चेतावनी वाले पोस्टर लगाए गए हैं। ये पोस्टर राज्य का विशेष दर्जा खत्म किये जाने के बाद लगाए गए हैं। पुलिस ने इस बीच कुछ लोगों को पकड़ा है और माना जा रहा है कि यह गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करने वालों की कारस्तानी है। यह पहला मौका है जब जम्मू क्षेत्र में किसी आतंकवादी संठगन द्वारा इस तरह के पोस्टर लगाए गए हैं जहां केंद्र द्वारा अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को रद्द किये जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किये जाने के बाद जनजीवन सामान्य था। अधिकारियों ने बताया कि यह पोस्टर उर्दू में लिखा गया है। बताया जा रहा है कि ये पोस्टर अल-बदर मुजाहिद्दीन की तरफ से लगाए गए हैं। ये पोस्टर शनिवार को मेंढर में कुछ जगहों पर चिपके नजर आए। इन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया। इन पोस्टरों में दुकानदारों, कर्मचारियों, ट्रांसपोर्टरों और पेट्रोल पंप मालिकों को अपनी गतिविधियां जारी नहीं रखने की चेतावनी दी गई है। पुंछ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमेश अंग्राल ने पीटीआई-भाषा को बताया, "हमनें पोस्टरों पर संज्ञान लिया है और दो-तीन लोगों को पूछताछ के लिये पकड़ा है।" उन्होंने कहा कि जिले में किसी आतंकी संगठन की मौजूदगी नहीं है और करीब एक दशक पहले इसे आतंकवाद मुक्त घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि पोस्टर चिपकाने की यह घटना किसी उपद्रवी की कारस्तानी हो सकती है।

### प्रीति पटेल ने आईएसआईएस दुल्हन के ब्रिटेन लौटने की संभावनाओं से इंकार किया

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय मूल की वरिष्ठतम कैबिनेट मंत्री प्रीति पटेल ने रविवार को ब्रिटिश इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) में भर्ती शमीमा बेगम के ब्रिटेन लौटने की संभावनाओं से इंकार किया है। बेगम 2015 में पूर्वी लंदन में अपने घर से गुपचुप तरीके से 15 वर्ष की उम्र में फरार हो गई थी ताकि वह आतंकवादी समूह में शामिल हो सके। वह अब उत्तर सीरिया में कुर्दिश बलों द्वारा चलाए जा रहे एक शिविर में रह रही है। उसने कथित तौर पर ब्रिटेन के अधिकारियों से आग्रह किया कि उसे लौटने की अनुमति दे भले ही उसे ब्रिटेन की जेल में रहना पड़े। पटेल ने 'द सन ऑन सनडे' से कहा कि हमारा काम अपने देश को सुरक्षित रखना है। हमें ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है जिन्होंने हमारे देश को नुकसान पहुंचाया है और मौत बांटने वालों का साथ दे रहे हैं। उन्होंने बेगम के बारे में कहा कि हमें ऐसे लोगों को देश में आने की अनुमति नहीं दे सकते जो हमें हानि पहुंचाते हैं और उनमें यह महिला भी शामिल है। ब्रिटेन के कानून के तहत किसी व्यक्ति की नागरिकता छीनी जा सकती है लेकिन उसे देशविहीन नहीं किया जा सकता है। पटेल से पहले गृह मंत्री रहे पाकिस्तानी मूल के ब्रिटिश साजिद जाविद ने बांग्लादेशी मूल होने के कारण बेगम की ब्रिटिश नागरिकता वापस ले ली थी।

## अमेरिका में सिख पुलिस अधिकारी धालीवाल को दी श्रद्धांजलि

**वॉशिंगटन।** टेक्सास में भारतीय मूल के प्रथम अमेरिकी पुलिस अधिकारी संदीप सिंह धालीवाल की नृशंस हत्या पर शोक प्रकट करते हुए यहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। 42 वर्षीय धालीवाल उस वक्त राष्ट्रीय सुर्खियों में रहे थे जब उन्हें अमेरिकी राज्य टेक्सास में नौकरी पर दाढ़ी रखने और पगड़ी पहने की इजाजत दी गई थी। शुक्रवार को ह्यूस्टन के उत्तर पश्चिम में यातायात जांच के दौरान उनकी हत्या कर दी गई। धालीवाल के परिवार के लोगों, दोस्तों और अन्य लोगों ने शनिवार को उत्तर पश्चिम हैरिस काउंटी के विलेंसी लेन पर धालीवाल के स्मारक पर प्रार्थना की. धालीवाल की छोटी बहन रंजीत कौर भी इसमें शामिल हुई और उन्होंने अपने भाई की स्मृति में एक मोमबत्ती जलाई। उन्होंने उस व्यक्ति (धालीवाल) को याद किया, जो अपने काम से प्यार करता था।




### 'वह सचमुच महान व्यक्ति थे'

एक अमेरिकी न्यूज चैनल ने कौर के हवाले से बताया, 'वह सचमुच में एक महान व्यक्ति थे. वह इसके (इस तरह की मौत के) हकदार नहीं थे. उन्होंने हर किसी की मदद की. उन्होंने कभी ना नहीं कहा था. मुझे लगता है कि यह गलत समय और गलत जगह था.' धालीवाल की हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों की कार्यवाहक सहायक मंत्री एलिस वेल्स ने कहा, 'हम भारतीय मूल के टेक्सास के पहले पुलिस अधिकारी धालीवाल के सहकर्मियों, दोस्तों और परिवार के साथ शोक प्रकट करते हैं।

## पीएमओ ने दिए निर्देश

## बुजुर्ग माता-पिता से दुर्व्यवहार रोकने के मौजूदा कानून की होगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** बुजुर्ग माता-पिता के साथ दुर्व्यवहार और उन्हें छोड़ देने के खिलाफ एक मजबूत कानून लागू होने में थोड़ी देरी हो सकती है क्योंकि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से कहा है कि किसी तीसरे पक्ष से पता लगाए कि इस बारे में मौजूदा कानून कितने असरकारक हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक मंत्रालय ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का रखरखाव और कल्याण अधिनियम, 2007 में संशोधन के तहत प्रस्ताव किया है कि जो लोग अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ दुर्व्यवहार करते हैं या उन्हें छोड़ देते हैं, उनके लिए जेल की सजा को मौजूदा तीन महीने से बढ़ाकर छह महीने किया जाए। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान मंत्रालय की शीर्ष प्राथमिकताओं में मौजूदा कानून को मजबूत करना शामिल है। कानून के मौजूदा स्वरूप में बच्चों और वारिसों का ये कानूनी दायित्व है कि वे वरिष्ठ नागरिकों और माता-पिता का भरण-पोषण करें। सूत्रों के मुताबिक मंत्रालय ने संशोधित अधिनियम तैयार कर पीएमओ के पास भेजा है। एक सूत्र ने बताया कि हाल में एक बैठक पीएमओ में हुई, जिसमें मंत्रालय से कहा गया कि मौजूदा कानून के असर का मूल्यांकन किसी तीसरे पक्ष से कराया जाए।




## नवरात्रि उत्सव...



जम्मू। कटरा में रविवार को नवरात्रि उत्सव के पहले दिन के अवसर पर जुलूस के दौरान कलाकार प्रदर्शन करते हुए।

## पेट्रो रन...



नई दिल्ली के नेहरू स्टेडियम में रविवार को पेट्रो रन 2019 में हिस्सा लेंते प्रतिभागी।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा

# राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध से केरल, कर्नाटक के लोगों को हो रही परेशानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि बांदीपुर रिजर्व से गुजर रहे राजमार्ग पर नौ घंटे के यातायात प्रतिबंध से केरल और कर्नाटक के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। गांधी ने केन्द्र और राज्य सरकार से कहा कि पर्यावरण की रक्षा करते हुए स्थानीय समुदाय के हितों का भी ध्यान रखें। टाइगर रिजर्व से गुजर रहे मार्ग पर रात नौ बजे से शाम छह बजे के बीच तक यातायात प्रतिबंध लगाए गए हैं। रिजर्व के आसपास प्रतिबंध का उद्देश्य वन्यजीवों को होने वाली परेशानियों को कम करना है। केरल के वायनाड से सांसद राहुल ने प्रतिबंध के खिलाफ 25 सितम्बर से अनश्चितकालीन धरने पर बैठे युवकों के साथ एकजुटता व्यक्त की है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने ट्वीट किया कि मैं एनएच-766 पर लगे नौ घंटे के यातायात प्रतिबंध के खिलाफ 25 सितम्बर से अनश्चितकालीन धरने पर बैठे युवकों के साथ एकजुटता से खड़ा हूं। इससे केरल और कर्नाटक के लाखों लोग बहुत परेशान हो रहे हैं।



### स्थानीय समुदाय के हितों का भी ध्यान रखें सरकार

राहुल ने कहा कि मैं केन्द्र और राज्य सरकारों से अपील करता हूं कि पर्यावरण की रक्षा करने की हमारी साझा जिम्मेदारी को निभाते हुए स्थानीय समुदाय के हितों का भी ध्यान रखें। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरने वाले मार्ग पर 'एलिवेटेड' राजमार्ग बनाए जाने का समर्थन किया था। यह मार्ग केरल के वायनाड को कर्नाटक के मैसूर से जोड़ता है। एलिवेटेड राजमार्ग को सामान्य सतह से थोड़ा ऊंचाई पर बनाया जाता है। इस प्रतिबंध से वायनाड, कोझिकोड और मलप्पुरम जिले प्रभावित हो रहे।

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा

# हमारा देश दांव पर है

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर सत्ता के कथित दुरुपयोग मामले में महाभियोग की जांच के बीच राष्ट्रपति ने अपने समर्थकों से कहा कि हमारा देश दांव पर है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।" ट्रम्प ने शनिवार को ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट कर डेमोक्रेटिक सांसदों पर जांच का आक्रामक तरीका अपनाने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रम्प पर 2020 राष्ट्रपति चुनाव के उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों में से एक जो बिडेन का नुकसान पहुंचाने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति से हाथ मिलाने का आरोप लगाया है। ट्रम्प ने कहा कि डेमोक्रेट से अमेरिकियों के अधिकारों को खतरा है। वे आपके अधिकार छीनना चाहते हैं, वे आपकी स्वास्थ्य सेवाएं छीनना चाहते हैं, वे आपका मताधिकार, आपकी आजादी छीनना चाहते हैं।



### वे मुझे रोकना चाहते है

ट्रम्प ने कहा कि हमारा देश इस तरह दांव पर है, जैसे पहले कभी नहीं था। ये सब बेहद आसान है। वे मुझे रोकना चाहते हैं क्योंकि मैं आपके लिए लड़ रहा हूं। लेकिन मैं यह कभी नहीं होने दूंगा।" इसके बाद एक अन्य ट्वीट में ट्रम्प ने उनके खिलाफ महाभियोग की जांच को फिर साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेटिक सांसद एडम शिफ ने उन्हें बदनाम और अपमानित किया है और उन्हें कांग्रेस से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने कहा

# अल्पसंख्यक की राज्य स्तरीय परिभाषा की मांग गलत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने राज्यों की अल्पसंख्यक आबादी के आधार पर "अल्पसंख्यक" की परिभाषा तय करने की मांग को 'गलत' करार देते हुए कहा है कि मौजूदा कानून के तहत छह समुदायों को ही 'अल्पसंख्यक' का दर्जा हासिल है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के मुताबिक आयोग ने अपनी तीन सदस्यीय उप समिति द्वारा तैयार अंतिम रिपोर्ट हाल ही में याचिकाकर्ता और भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय को भेजकर अपना रुख स्पष्ट किया है। दरअसल, उपाध्याय ने शीर्ष अदालत में दायर अपनी याचिका में कहा था कि 'अल्पसंख्यक' शब्द को नये सिरे से परिभाषित करने और राष्ट्रीय स्तर पर समुदाय की आबादी के आंकड़ें की जगह, राज्य में एक समुदाय की आबादी के आधार पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है। आयोग के अध्यक्ष सैयद गयुरुल हसन रिजवी ने को बताया कि मौजूदा कानून के तहत छह समुदायों मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, सिख, जैन और पारसी को बतौर अल्पसंख्यक अधिसूचित किया गया है।




### मौजूदा कानून के तहत छह समुदायों को ही 'अल्पसंख्यक' का दर्जा हासिल

### किसी भी समुदाय को अल्पसंख्यक समुदाय घोषित करने का अधिकार विशुद्ध रूप से केंद्र सरकार के पास है

आयोग ने कहा कि किसी भी समुदाय को अल्पसंख्यक समुदाय घोषित करने का अधिकार विशुद्ध रूप से केंद्र सरकार के पास है। उप समिति ने कहा है कि आयोग का काम नए अल्पसंख्यक समुदायों का निर्धारण करना नहीं है, बल्कि इसका कार्य अल्पसंख्यकों के विकास को सुनिश्चित करना और उनके धार्मिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक अधिकारों की रक्षा करना है। रिपोर्ट में वर्ष 1999 के "बाल पाटिल बनाम भारत संघ" के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का भी हवाला दिया गया है, जिसमें अल्पसंख्यक आयोग के कार्यों की विस्तृत व्याख्या की गई थी। गौरतलब है कि इसी साल फरवरी में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रिजवी ने इस मामले में विचार करने एवं रिपोर्ट तैयार करने के लिए आयोग के उपाध्यक्ष जॉर्ज कुरियन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय उप समिति बनाई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि 2011 की जनगणना के अनुसार लक्षद्वीप, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, जम्मू-कश्मीर, अरूणाचल प्रदेश,मणिपुर और पंजाब में हिन्दू समुदाय अल्पसंख्यक है। याचिका में यह मांग भी की गयी है कि केंद्र सरकार की 23 अक्टूबर, 1993 की उस अधिसूचना को रद्द किया जाए, जिसमें पांच समुदायों– मुसलमान, ईसाई, बौद्ध, सिख और पारसी को अल्पसंख्यक घोषित किया गया है। जैन समुदाय को बाद में अल्पसंख्यक घोषित किया गया था ।

## गांधी कोलकता में जिस घर में रहे वह संग्रहालय में तब्दील

**कोलकता।** देश की आजादी के साथ शुरू हुई सांप्रदायिक हिंसा को शांत कराने कोलकाता आए महात्मा गांधी बेलियाघाट में जिस मकान में तीन हफ्ते तक रहे उसे संग्रहालय के तौर पर विकसित किया गया है। इसे दो अक्टूबर से लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इस संग्राहलय में गांधी की उस समय ली गई दुर्लभ तस्वीरों और लेखों को प्रदर्शित किया जाएगा। 1950 से इमारत की देखरेख कर रही पूर्व कोलकाता गांधी स्मारक समिति के पदाधिकारी ने कहा, '' शहर जल रहा था। गांधी और उनके समर्थक इस इमारत में रहे और यहीं 31 अगस्त को अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे। गांधी ने दोनों समुदायों के नेताओं के यहां आने और उनके चरणों पर हथियार रखकर माफी मांगने के बाद चार सितंबर को अनशन समाप्त किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में इस इमारत को 'हैदरी मंजिल' के नाम से जाना जाता था और गांधी अपने समर्थकों के साथ 13 अगस्त 1947 को यहां आए थे, वे इमारत के सात कमरों में से दो में रहे क्योंकि वे दो कमरे ही रहने लायक थे। पदाधिकारी ने कहा, चार सितंबर को गांधी के इमारत से जाने के बाद एक बार फिर यह क्षतिग्रस्त होने लगी। दो अक्टूबर 1985 को राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग ने समिति से परामर्श कर इस इमारत की मरम्मत की और इसका नाम 'गांधी भवन' रखा गया। हालांकि, इसके बावजूद लोगों का इसकी ओर ध्यान आकर्षित नहीं हुआ।



- दो अक्टूबर को जनता के लिए खुलेगा

### पूर्वी चीन में सड़क दुर्घटना में 36 लोगों की मौत, 36 घायल

**बीजिंग।** पूर्वी चीन के जिआंगसू प्रांत में एक बस के ट्रक से टकराने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई और 36 लोग घायल हो गए। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार बस में 69 और ट्रक में तीन लोग सवार थे। हादसा शनिवार सुबह करीब सात बजे जिआंगसू प्रांत में एक्सप्रेसवे पर हुआ। उसने कहा कि प्राथमिक जांच के अनुसार बस का एक टायर पंचर होने के कारण यह हादसा हुआ। आगे की जांच जारी है। चीन में घातक सड़क हादसे आम हैं, क्योंकि यहां यातायात नियमों का अक्सर पालन नहीं किया जाता। अधिकारियों के अनुसार 2015 में देशभर में 1,80,000 सड़क हादसे हुए, जिसमें 58,000 लोग मारे गए थे। इनमें से 90 प्रतिशत हादसे यातायात नियमों की अनदेखी के चलते हुए थे।

## खबर संक्षेप

### जियो कर्मचारी 'जियो स्वच्छ रेल अभियान' से जुड़े

**चंडीगढ़।** स्वच्छ भारत के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए जियो ने शनिवार को एक साथ देश भर में करीब 900 रेलवे स्टेशनों की सफाई का मिशन शुरू किया। स्वच्छ वातावरण बनाने की दिशा में राष्ट्र-व्यापी अभियान 'जियो स्वच्छ रेल अभियान' में 25,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें जियो कर्मचारी, सहयोगी, सांझेदार और उनके परिवार के सदस्य शामिल थे। हरियाणा और पंजाब में भी जियो कर्मचारियों ने बड़ी सक्रियता से सफाई अभियान चलाया। हरियाणा में उन्होंने 31 रेलवे स्टेशनों को स्वच्छ बनाया और पंजाब में उन्होंने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन सहित 48 रेलवे स्टेशनों की सफाई की। भारत के सबसे बड़े स्वच्छता अभियान में से एक में, जियो ने अपने कर्मचारियों के प्रयासों के साथ अधिक से अधिक रेलवे स्टेशनों को स्वच्छ बनाने का सफल प्रयास किया है, जिससे देश के लाखों आम लोगों के जीवन पर साफ रेलवे स्टेशनों के साथ एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। प्रतिभागियों ने रेलवे स्टेशनों के प्रवेश द्वारों, वेटिंग रूम, बैठने की खुली जगहों, फुट ओवर ब्रिजों और दुकानों के आसपास के एरिया से सिंगल यूज प्लास्टिक यानि एक बार इस्तेमाल कर फेंका गया प्लास्टिक कचरा एकत्र किया और स्वच्छ भारत अभियान में योगदान दिया। बोतलों, फूड पैकेजिंग, पुआल, चम्मच या कैरी बैग जैसे एकत्र किए गए सिंगल यूज प्लास्टिक को पर्यावरण के सबसे अनुकूल तरीके से विशेष एजेंसियों की मदद से निपटाया जाएगा।

### एफपीआई ने किया 7,714 करोड़ रुपए का निवेश

**नई दिल्ली।** पिछले दो महीनों में लगातार बिकवाली करने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर भारतीय पूंजी बाजार में 7,714 करोड़ रुपए काशुद्ध निवेश किया है। सरकार के आर्थिक सुधारों और बजट में एफपीआई पर लगाए गए कर अधिभार को वापस लेने की घोषणा के बाद विदेशी निवेशकों का निवेश बढ़ा है।

### प्रमुख कोयला यूनियन ने आज बुलाई बैठक

**कोलकाता।** कोल इंडिया और सिंगरेनी कोलियरीज में 24 सितंबर को एक दिन की हड़ताल के बाद कर्मचारियों की पांच प्रमुख यूनियनों ने सोमवार को बैठक बुलाई है। इस बैठक में हड़ताल के असर और आगे की कार्रवाई पर फैसला किया जाएगा। कोयला खनन क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति के केंद्र के फैसले के खिलाफ कोयला क्षेत्र की सभी ट्रेड यूनियनों ने एक दिन की हड़ताल का आह्वान किया था।

### प्रस्तावित नई औद्योगिक नीति पर जल्द कार्यसमूह

**नई दिल्ली।** सरकार प्रस्तावित नई औद्योगिक नीति पर कार्यसमूह का गठन करेगी। इस नई औद्योगिक नीति का मकसद उभरते क्षेत्रों को प्रोत्साहन देना, नियामकीय



अड़चनों को कम करना और देश को विनिर्माण हब के रूप में विकसित करना है। इससे पहले उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग ने एक नीति तैयार कर उसे केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास मंजूरी के लिए भेजा था।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस इंड. आगे रही

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1.26 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक रहे। शुक्रवार को




समाप्त सप्ताह में बढ़त दर्ज करने वाली चार अन्य कंपनियां हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक हैं। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, एचडीएफसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट देखी गई है।

# 2005 से पहले के वाहनों के लिए कड़े 'फिटनेस' नियम होंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बहुप्रतीक्षित वाहन कबाड़ नीति (स्क्रैप पॉलिसी) को कैबिनेट के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। सूत्रों का कहना है कि इस नीति में 2005 से पहले विनिर्मित वाहनों के लिए पंजीकरण और 'फिटनेस' नियमों को कड़ा किया जा सकता है। एक अनुमान के अनुसार देश में 2005 से पहले विनिर्मित दो करोड़ वाहन देश की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इस कदम का मकसद ऐसे वाहनों को 'हतोत्साहित' करना है। नए प्रदूषण उत्सर्जन नियमों के हिसाब से देखा जाए, तो ऐसे वाहनों से प्रदूषण उत्सर्जन 10 से 25 गुना अधिक होता है।

### नीति पर जल्द फैसले की उम्मीद

पिछले सप्ताह सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि उन्होंने प्रस्तावित नीति पर कैबिनेट नोट को मंजूरी दे दी है और इस पर जल्द फैसले की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि भारत का वाहन बाजार काफी तेजी से बढ़ा है।

## वाहन कबाड़ नीति में पंजीकरण हो सकता है और कड़ा

### पुराने वाहनों में 10 से 25 गुना उत्सर्जन अधिक

यदि पुराने प्रदूषण नियमों की तुलना नए उत्सर्जन नियमनों से की जाए, तो 2005 से पहले के वाहन नए नियमों के तहत 10 से 25 गुना तक अधिक उत्सर्जन कर रहे हैं। यदि ऐसे वाहनों का रखरखाव काफी सावधानी से भी किया जाए, तो भी उनसे होने वाला उत्सर्जन काफी अधिक रहेगा।



**दो साल में व्यवस्था होगी आटोमेटेड**

परिवहन मंत्रालय दो साल में फिटनेस की व्यवस्था को आटोमेटेड करने की योजना बना रहा है जिसमें कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं होगा। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

### फिटनेस शुल्क बढ़ाया जा सकता है

सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित नीति के तहत ऐसे वाहनों के लिए कई अनुपालन नियम सख्त किए जा सकते हैं। मसलन ऐसे निजी वाहनों के लिए पंजीकरण शुल्क बढ़ाया जा सकता है। साथ ही परिवहन वाहनों के लिए फिटनेस प्रमाणन शुल्क में बढ़ोतरी हो सकती हैं।

### हर साल फिटनेस प्रमाणपत्र अनिवार्य

इस नीति में ऐसे वाहनों को हतोत्साहित करने के प्रावधान हो सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि परिवहन वाहनों के लिए प्रस्तावित कड़े नियमों के तहत हर साल फिटनेस प्रमाणन को अनिवार्य किया जा सकता है। इससे बड़ी संख्या में वाहन कबाड़ नीति की ओर रुख करेंगे।

### नया वाहन खरीदने वाले को रियायत

इसके अलावा नीति में एयरबैग्स से हवा निकालने के लिए एक प्रणाली भी होगी। सूत्रों ने बताया कि इस नीति में पुराने वाहनों को कबाड़ करने पर नया वाहन खरीदने वालों लोगों को डीलरों की ओर से रियायत भी मिलेगी।

आरबीआई की अगले सप्ताह मौद्रिक समीक्षा बैठक

# ब्याज दरों में एक और कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक : विशेषज्ञ

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को नीतिगत दरों में एक और कटौती कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो ब्याज दरों में यह लगातार पांचवीं कटौती होगी। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। सरकार ने आगामी त्योहारी सीजन में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन को कॉरपोरेट कर की दर में कटौती और ऋण का उठाव बढ़ाने को कदम उठाए हैं। माना जा रहा है कि सरकार के कदम के अनुरूप केंद्रीय बैंक भी रेपो दर में और कटौती कर सकता है।

### चार अक्टूबर को मौद्रिक समीक्षा की घोषणा

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अगुवाई वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) तीन दिन की बैठक के बाद चार अक्टूबर यानी शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा की घोषणा करेगी। जनवरी से अभी तक केंद्रीय बैंक चार बार में रेपो दर में 1.10 प्रतिशत की कटौती कर चुका है।

**खास बातें**

- ब्याज दरों में लगातार पांचवीं कटौती हो सकती है
- त्योहारी सीजन में आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा




**बैंक 1 अक्टूबर से ऋण दरों को रेपो दर से जोड़ेगे:** इससे पहले अगस्त में हुई पिछली मौद्रिक समीक्षा में रिजर्व बैंक ने रेपो दर को 0.35 प्रतिशत घटाकर 5.40 प्रतिशत कर दिया था। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने बैंकों को एक अक्टूबर से अपनी ऋण दरों को बाहरी मानकों मसलन रेपो दर से जोड़ने का निर्देश दिया है।

### सरकार के हाथ बंधे हुए

मौद्रिक समीक्षा बैठक से पहले दास की अगुवाई वाली वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (एफएसडीसी) उप समिति ने वृहद आर्थिक स्थिति पर विचार विमर्श किया। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार के हाथ बंधे हुए हैं और अब पहल करने का काम केंद्रीय बैंक को करना है। ऐसे में ब्याज दरों में एक और कटौती तय है।

### अर्थव्यवस्था में बदलाव के लिए कई उपाय

सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) अंशुमान मैगजीन ने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलावों के लिए कई उपाय किए हैं।

### वैश्विक व घरेलू परिदृश्य कमजोर

आईडीएफसी एएमसी के प्रमुख (निश्चित आय) सुयश चौधरी ने कहा कि वैश्विक और घरेलू परिदृश्य कमजोर है जिससे मौद्रिक रुख में नरमी की गुंजाइश है। हमें उम्मीद है कि रेपो दर को 5 से 5.25 प्रतिशत के दायरे में लाया जाएगा।

### खुदरा मुद्रास्फीति संतोषजनक दायरे में

आर्थिक गतिविधियां सुस्त हैं लेकिन नीति निर्माता इस बात से राहत ले सकते हैं कि खुदरा मुद्रास्फीति संतोषजनक दायरे में है। अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 3.21 प्रतिशत हुई है लेकिन यह रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर के दायरे में है।

### मुद्रास्फीति कम रहने से कटौती संभव

विशेषज्ञ और उद्योग के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि मुद्रास्फीति कम रहने की वजह से केंद्रीय बैंक के पास नीतिगत दर में और कटौती की गुंजाइश है।

# पीएमआई आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

## मौद्रिक नीति से आगे मजबूत होगा बाजार




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिजर्व बैंक का नीतिगत दरों पर निर्णय, विनिर्माण व सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े तथा वैश्विक संकेतक इस सप्ताह बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। अगले सप्ताह बुधवार को गांधी जयंती के मौके पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।

- वाहनों की बिक्री के मासिक आंकड़े भी आएगे

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, धारणा सकारात्मक रहने के कारण बाजार के आगे मजबूत होने का अनुमान है। हमें लगता है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति से आगे की दिशा तय होगी। इसके अलावा विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई के आंकड़े भी बाजार की धारणा तय करेंगे। आगामी सप्ताह वाहनों की बिक्री के मासिक आंकड़े भी आने वाले हैं। निवेशकों की नजरें इन आंकड़ों पर भी रहेगी। अगले सप्ताह शुक्रवार को रिजर्व बैंक नीतिगत दरों पर निर्णय लेगा। यही अगले सप्ताह का सबसे बड़ा कारक होगा।

### कंपनी के तिमाही परिणाम भी आएगे

कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (पीसीजी शोध) संजीव जरवाड़े ने कहा, आने वाले समय में निवेशकों का ध्यान अमेरिका और चीन की व्यापार वार्ता तथा कंपनियों के तिमाही परिणाम पर जाएगा। वैश्विक मोर्चे पर निवेशकों की निगाह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियाग चलाए जाने के संबंध में शुरू हुई जांच पर भी रहेगी।

# फेस्टिवल सेल से जीएसटी का चूना लगा रही ई-कॉमर्स कंपनियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

व्यापारियों के संगठन कनफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आरोप लगाया है कि ई-कॉमर्स कंपनियां त्योहारी सीजन की सेल के जरिए सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का चूना लगा रही हैं।

- व्यापारियों के संगठन कैट ने लगाया आरोप

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भेजे पत्र में कैट ने कहा कि अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी कई ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा शुरू की गई फेस्टिवल सेल में बिक्री के दौरान जीएसटी कम कर लगाया जा रहा है। इससे सरकार को जीएसटी राजस्व का नुकसान हो रहा है। वित्त मंत्री को दिए ज्ञापन में कैट ने कहा कि अन्य ई कॉमर्स कंपनियों के अलावा विशेष रूप से अमेजन और फ्लिपकार्ट की 'फेस्टिवल सेल' शुरू हो गई है, जो सरकार की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति का उल्लंघन है।




**सरकार ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की :** कैट ने कहा कि अगर कोई व्यापारी अपने व्यवसाय के दौरान थोड़ी सी भी गलती करता है, तो उस पर कार्रवाई की जाती है लेकिन ये ई कॉमर्स कंपनियां जो केवल बिजनेस टू बिजनेस (बी 2 बी) गतिविधियों के लिए अधिकृत हैं, उपभोक्ताओं को (बी 2 सी) सीधे बिक्री कर रही हैं और उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### 10 से 80 प्रतिशत की बड़ी छूट दी जा रही

कैट के महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने वित्त मंत्री का ध्यान इन ई-कॉमर्स कंपनियों की 'फेस्टिवल सेल' की अवधि के दौरान उन वस्तुओं की बिक्री की ओर आकर्षित किया, जहां सामान की बहुत अधिक बिक्री हो रही है और जिन पर 10 से 80 प्रतिशत की बड़ी छूट देकर वास्तविक मूल्य से कम कीमत पर सामान बेचा जा रहा है और उसी पर जीएसटी लिया जा रहा है। इससे सरकार को जीएसटी राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है।

## राजकोषीय घाटा पूरा करने के लिए आरबीआई से 30,000 करोड़ लेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार राजकोषीय घाटा के लक्ष्य को पाने के लिये इस वित्त वर्ष के अंत तक रिजर्व बैंक से करीब 30 हजार करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश की मांग कर सकती है। सूत्रों के हवाले से एजेंसी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। राजस्व संग्रह में कमी तथा कॉरपोरेट करों में कटौती के कारण सरकार के वित्त संसाधनों पर दबाव है। एक अधिकारी ने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो केंद्र सरकार चालू वित्त वर्ष में रिजर्व बैंक से 25-30 हजार करोड़ रुपये के अंतरिम लाभांश की मांग कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस बारे में जनवरी की शुरुआत में आकलन किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि रिजर्व बैंक के लाभांश के अतिरिक्त विनिवेश को बढ़ाने तथा राष्ट्रीय लघु बचत कोष का अधिक इस्तेमाल करने समेत कुछ अन्य साधन भी हैं।

### पहले भी लाभांश ले चुकी है सरकार

सरकार पहले भी राजकोषीय घाटा कम करने के लिये रिजर्व बैंक से अंतरिम लाभांश ले चुकी है। पिछले साल सरकार ने रिजर्व बैंक से 28 हजार करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश लिया था। इससे पहले 2017-18 में इस तरह से 10 हजार करोड़ रुपए लिए गए थे।

# बीपीसीएल को बेचने से पहले सरकार को लेनी होगी संसद की अनुमति

- 1.05 लाख करोड़ रुपए के विनिवेश का लक्ष्य पाने के लिए बीपीसीएल को बेचना चाहती है सरकार
- सिर्फ 26 फीसदी हिस्सेदारी बेचने पर सरकार को मिलेंगे 26,500 करोड़ रुपए

एजेंजसी ⏭. नई दिल्ली

सरकार पेट्रोलियम ईंधन का खुदरा कारोबार करने वाली देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी भारतीय पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) को निजी हाथों में देने के प्रस्ताव पर यदि आगे बढ़ना चाहती है तो उसे संसद की अनुमति लेनी होगी। अधिकारियों ने कहा कि सरकार बीपीसीएल को निजी क्षेत्र की देशी-विदेशी कंपनियों को बेचने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है पर इसके निजीकरण के लिए संसद की अनुमति लेने की जरूरत होगी। जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने पीटीआई से कहा कि सरकार पेट्रोलियम ईंधन के खुदरा बाजार में बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाना चाहती है ताकि बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़े। इसी के मद्देनजर सरकार बीपीसीएल में अपनी 53.3 प्रतिशत में का बड़ा हिस्सा किसी चुनिंदा भागीदार को बेचने का विचार कर रही है। माना जा रहा है कि बीपीसीएल के विनिवेश से ईंधन के खुदरा बाजार में न केवल बड़ी हलचल हो सकती है बल्कि इससे सरकार को चालू वित्त वर्ष में 1.05 लाख करोड़ रुपए का विनिवेश का एक तिहाई लक्ष्य हासिल करने में भी मदद मिल सकती है। अभी इस बाजार में सरकारी कंपनियों का दबदबा रहा है।

### 27 सितंबर को बीपीसीएल का बाजार पूंजीकरण 1.02 लाख रुपए था

बीपीसीएल का बाजार पूंजीकरण 27 सितंबर को बाजार बंद होने के समय 1.02 लाख करोड़ रुपए था। इस लिहाज से कंपनी में सिर्फ 26 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर सरकार को 26,500 रुपए के अलावा नियंत्रण एवं बाजार प्रवेश प्रीमियम के रूप में 5,000 से 10,000 करोड़ रुपए तक मिलेंगे। हालांकि, बीपीसीएल के निजीकरण के लिए संसद की मंजूरी की जरूरत होगी।

### अटल सरकार ने भी थी निजीकरण की कोशिश

उच्चतम न्यायालय के इस निर्देश से पहले अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने दोनों कंपनियों के निजीकरण की योजना बनाई थी। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद एचपीसीएल में सरकार की अपनी 51.1 प्रतिशत हिस्सेदारी में से 34.1 प्रतिशत हिस्सा रणनीतिक भागीदार को प्रबंधकीय नियंत्रण के साथ बेचने की योजना रुक गई थी।

# संयुक्त उपक्रम की संभावना तलाश रही कोरियाई कंपनी पॉस्को

**नई दिल्ली।** भूमि अधिग्रहण में दिक्कत की वजह से भारत में कारखाना लगाने की योजना में पहले सफल नहीं हो पाई दक्षिण कोरियाई कंपनी पॉस्को एक बार फिर से भारतीय बाजार में उतरने की तैयारी कर रही है। लेकिन इस बार वह चुनिंदा स्थानीय कंपनीय के साथ हाथ में हाथ डाल कर उतरना चाहती है। सूत्रों का कहना है कि पॉस्को विशाखापट्टनम में आरआईएनएल के साथ संयुक्त उद्यम लगाने की संभावना तलाश रही है। पिछले सप्ताह पॉस्को के अधिकारियों की संयुक्त उद्यम योजना के लिए राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (आरआईएनएल) के प्रबंधन के साथ बैठक हुई। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण कोरिया की कंपनी आरआईएनएल के साथ विशाखापट्टनम में मूल्यवर्धित ग्रेड के इस्पात के विनिर्माण का कारखाना लगाना चाहती है।

- भारत में पहले कारखाना लगाने में सफल नहीं रही थी कंपनी




# रिलायंस इंडस्ट्रीज फिर देश की सबसे अमीर कंपनी बनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज एक बार फिर मार्केट कैप के लिहाज से देश की सबसे अमीर कंपनी बन गई है।



सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के मार्केट कैप में बीते सप्ताह 1.26 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक रहे। शुक्रवार को समाप्त सप्ताह में बढ़त दर्ज करने वाली चार अन्य कंपनियां हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक हैं। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, एचडीएफसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट देखी गई है। 8,29,632.75 करोड़ रुपए हुआ रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक यानी 34,453.13 करोड़ रुपए बढ़कर 8,29,632.75 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इसके बाद एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 24,098.72 करोड़ रुपए बढ़कर 6,80,645.09 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक का 20,603.11 करोड़ रुपए बढ़कर 2,90,132.25 करोड़ रुपए, कोटक महिंद्रा बैंक का 20,213.04 करोड़ रुपए बढ़कर 3,14,037.87 करोड़ रुपए, आईटीसी का 18,158.46 करोड़ रुपए बढ़कर 3,10,725.34 करोड़ रुपए और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 8,659.25 करोड़ रुपए बढ़कर 4,35,062.28 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

### एसबीआई के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा गिरावट

वहीं दूसरी ओर एसबीआई की बाजार हैसियत में सबसे अधिक गिरावट आई। इसका बाजार पूंजीकरण 18,250.8 करोड़ रुपए घटकर 2,51,004.70 करोड़ रुपए पर आ गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 9,771.22 करोड़ रुपए घटकर 3,36,022.65 करोड़ रुपए रह गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 3,339.62 करोड़ रुपए घटकर 7,71,752.96 करोड़ रुपए और एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 2,742.77 करोड़ रुपए घटकर 3,51,528.17 करोड़ रुपए रह गया।

## एचडीएफसी के चेयरमैन ने किया बिल्डरों का समर्थन

# नए भारत का निर्माण करने वाले बिल्डरों की जरूरत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एचडीएफसी लि. के चेयरमैन और प्रसिद्ध बैंकर दीपक पारेख ने बिल्डरों को समर्थन की वकालत की है, जिससे उन्हें संकट से बाहर निकाला जा सके। पारेख ने कहा कि सरकार की पहल से सस्ते मकानों के क्षेत्र को प्रोत्साहन मिला है लेकिन घर के खरीदार अब स्पष्ट रूप से 'सही बिल्डर, सही दाम, सही आकार और सही फाइनेंसर' चाहते हैं।

- सरकार के सहयोग से बिल्डरों को संकट से निकाला जा सकता है



### कंपनी रियल्टी कोष में योगदान को तैयार

बैंकर ने कहा कि सरकार के प्रस्तावित 20,000 करोड़ रुपए के कोष से रियल्टी क्षेत्र को लटकी परियोजनाओं को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी कंपनी इस कोष में योगदान करने की काफी इच्छुक है।

### लक्जरी अपार्टमेंट तैयार करने की गलती सुधारनी होगी

इतनी ही राशि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संस्थानों से आएगी। पारेख ने कहा, सरकार उद्योग को समर्थन को काफी प्रयास कर रही है। हमें ऊंचे मूल्य पर जमीन खरीदने और लक्जरी अपार्टमेंट तैयार करने की अपनी पुरानी गलतियों को भूलना होगा। आप कितने लक्जरी अपार्टमेंट बेच सकते है, इसकी भी सीमा है।

### सस्ते और मध्यम बाजार खंड में अच्छी बिक्री

पारेख ने कहा कि यह धारणा कि पूरे क्षेत्र में गिरावट आ रही है सही नहीं है। सस्ते और मध्यम बाजार खंड में अच्छी बिक्री है। उन्होंने बताया कि एचडीएफसी कैपिटल अफोर्डेबल हाउसिंग रियल एस्टेट फंड (एच-केयर) के तहत 1.1 अरब डॉलर के कोष ने एनसीआर, पुणे और मुंबई सहित कई क्षेत्रों में निवेश किया है।

### ज्यादातर परियोजनाएं जल्द बिक गई

इनमें से ज्यादातर परियोजनाएं कुछ दिन में ही बिक गईं। इस कोष का प्रबंधन विपुल रूंगटा की अगुवाई वाले एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स लि. द्वारा जा रहा है। यह एचडीएफसी लि.की 100 प्रतिशत अनुषंगी है।

### एचडीएफसी का नौ फीसदी निवेश

इस कोष में अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथारिटी (एडीआईए) ने 82 प्रतिशत, एनआईआईएफ ने नौ प्रतिशत तथा एचडीएफसी ने नौ प्रतिशत का निवेश किया है।

## खबर संक्षेप



### ओसाका और हालेप दूसरे दौर में पहुंचे

**बीजिंग।** जापान की दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने रविवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला को शिकस्त देकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और चौथी वरीय ओसाका ने 26 गलतियों के बावजूद जेसिका पर 6-3, 7-6 से जीत हासिल की। अब ओसाका का सामना जर्मनी की आंद्रिया पेतकोविच से होगा। वहीं दो बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सिमोना हालेप ने पीठ की समस्या के बावजूद क्वालीफायर रेबेका पीटरसन पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की।

### अदिति शीर्ष 10 में जगह बनाने की दौड़ में



**सिटगेस।** भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर के अंतिम छह होल में तीन बोगी के बावजूद यहां एस्ट्रेला डैम मेडिटेरेनियन लेडीज ओपन में शीर्ष 10 में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई हैं। अदिति पार 71 के स्कोर से कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर चल रही हैं जबकि एक दौर का खेल बाकी है। त्वेसा मलिक लगातार दूसरे दौर में एक ओवर 72 के स्कोर से संयुक्त 28वें स्थान पर हैं जबकि दीक्षा डागर तीसरे दौर में 73 के स्कोर से 54 होल के बाद संयुक्त 43वें स्थान पर चल रही हैं।

### गोल्फर गगनजीत और शुभंकर कट से चूके



**सेंट एंड्रयूज।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर और शुभंकर शर्मा यहां तीसरे दौर में क्रमशः 75 और 78 का कार्ड खेलकर एल्फ्रेड डनहिल लिंक्स चैम्पियनशिप में कट से चूक गये। गगनजीत ने 36 होल में सात अंडर के स्कोर से शुरूआत की लेकिन तीसरे दौर के बाद 106वें स्थान पर रहे और कट हासिल करने में विफल रहे।

### सजन भानवाल ने स्वर्ण पदक जीता

**शिरडी।** जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय सजन भानवाल ने रविवार को यहां संपन्न आयु वर्ग राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में खिताब जीतकर अंडर 23 विश्व चैंपियनशिप के लिए भारत की ग्रीको रोमन टीम में जगह बनाई। टीम चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रहे हरियाणा के लिए सजन ने 77 किग्रा अंडर 23 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) की टीम ने चार स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ टीम चैंपियनशिप जीती।

### भारत-द. अफ्रीका के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ा

**सूरत।** भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमों के बीच रविवार को यहां होने वाला तीसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद हो गया। पांच मैचों की श्रृंखला में यह लगातार दूसरा मैच है जिसमें बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। मैच शाम सात बजे शुरू होना था लेकिन बारिश के कारण मैदान काफी गीला होने के कारण अंपायरों ने लगभग सात बजकर 30 मिनट पर मैच रद करने का फैसला किया।

### आंध्र को हराकर छत्तीसगढ़ ने दर्ज की दूसरी जीत

**बेंगलुरु।** छत्तीसगढ़ ने विजय हजारे एकदिवसीय ट्राफी के एलीट ग्रुप ए के मुकाबले में रविवार को यहां आंध्र को 56 रन से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पिछले मैच में मुंबई को हराने वाली छत्तीसगढ़ की टीम ने अलूर क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये मैच में शशांक (54) और आशुतोष (75) की पारियों के दम पर निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 268 रन बनाने के बाद आंध्र की पारी को 46.5 ओवर में 212 रन पर समेट दिया।

---

रिले रेस : भारतीय टीम में मो. अनस, विस्मया, जिसना मैथ्यू और नोग निर्मल शामिल

# विश्व चैंपियनशिप : भारतीय मिश्रित रिले टीम 4x400 मीटर के फाइनल में, टोक्यो ओलंपिक के लिए किया क्वालिफाई

एजेंसी ▶▶ दोहा

भारत की 4x400मी मिक्स्ड रिले टीम ने इतिहास रचते हुए टोक्यो ओलिंपिक में अपना स्थान पक्का कर लिया है। उन्होंने दोहा में खेले जा रहे वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में क्वॉलिफाइ करने के लिए पूरा जोर लगाया और तीसरा स्थान हासिल किया।

- वर्ल्ड चैंपियनशिप के रिले रेस के फाइनलिस्ट टॉप 8 को मिला है ओलिंपिक कोटा
- भारतीय चौकड़ी ने हीट-2 में तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वॉलिफाइ किया

उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड चैंपियनशिप के रिले रेस के फाइनलिस्ट (टॉप 8) बनने वाले ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ कर जाते हैं और इस तरह भारतीय मिक्स्ड रिले टीम का टोक्यो जाना पक्का हो गया है। भारतीय टीम में मोहम्मद अनस याहिया, वेलुवा कारथ विस्मया, जिसना मैथ्यू और नोग निर्मल टॉम शामिल हैं। इस चौकड़ी ने हीट-2 में तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वॉलिफाइ किया। भारतीय टीम ने तीन मिनट 16.14 सेकंड में रेस पूरी की। बता दें कि हर हीट में से टॉप-3 टीमों ने फाइनल में जगह बनाई है।




#### विस्मया ने जगाई भारत की उम्मीद

मोहम्मद अनस ने भारत के लिए शुरुआत की, लेकिन वह पीछे चल रहे थे। विस्मया ने भारत की उम्मीदों को बनाए रखते हुए शानदार दौड़ लगाकर मुकाबले में भारत की दावेदारी को बनाए रखा। विस्मया के बाद मैथ्यू के पास रिले आई, लेकिन वह भी थोड़ी पीछे रह गईं, जिसकी भरपाई निर्मल करने में सफल रहे। खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने भारत की मिक्स्ड रिले टीम को बधाई दी है।

#### दुती का निराशाजनक प्रदर्शन

भारतीय फर्राटा धाविका दुती चंद का विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अभियान निराशाजनक रहा और वह महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में इस सत्र का सबसे खराब समय 11.48 सेकेंड निकालकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। दुती हीट नंबर तीन में सातवें और 47 प्रतिभागियों के बीच 37वें स्थान पर रहीं और इस तरह से चैंपियनशिप से बाहर हो गईं।

#### जाबिर बाधा दौड़ के अंतिम चार में हारे

*पुरुषों के 400 मीटर बाधा दौड़ में एमपी जाबिर सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सके। जाबिर हीट नंबर तीन में सबसे बाहरी लेन में दौड़ते हुए 49.71 सेकेंड के साथ पांचवें और कुल 16वें स्थान पर रहे।*

#### 100 मीटर में कोलमैन ने जीता स्वर्ण पदक

*अमेरिका के क्रिश्चियन कोलमैन ने 100 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होंने अमेरिका के ही 37 साल के रेसर जस्टिन गैटलिन को पीछे छोड़ा। 23 साल के कोलमैन ने 9.76 सेकंड में रेस पूरी की। वहीं, गैटलीन ने 9.89 सेकंड का समय लेकर रजत पदक अपने नाम किया। रियो ओलिंपिक में तीन पदक जीत चुके कनाडा के आंद्रे डी ग्रास्से ने 9.90 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता।*

---

## कपिल की अगुवाई वाली समिति सीएसी को नोटिस

**दोबारा हो सकता है टीम इंडिया के कोच का चयन!**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच रवि शास्त्री के चयन किए जाने पर सवाल खड़ा हो गया है। बीसीसीआई के आचरण अधिकारी डीके जैन ने क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के अध्यक्ष पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव की समिति को शनिवार हितों के टकराव के संबंध में एक नोटिस भेजा है।

- हितों का टकराव : बीसीसीआई के आचरण अधिकारी जैन ने भेजा नोटिस

अब अगर यह समिति हितो के टकराव में दोषी पाई जाती है तो फिर टीम इंडिया के कोच रवि शास्त्री को दोबारा कोच बनाए जाने का फैसला भी सवालों के घेरे में होगा। 10 अक्टूबर तक इस समिति को इस नोटिस का जवाब देना है। मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के सदस्य संजीव गुप्ता ने सीएसी समिति में शामिल तीनों सदस्यों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कपिल देवकी अध्यक्षता वाली इस समिति ने अगस्त में रवि शास्त्री को भारतीय टीम का मुख्य कोच चुना था। गुप्ता ने शिकायत की है कि सीएसी सदस्य क्रिकेट से जुड़े और भी कई कामों में शामिल हैं। पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव सीएसी के अलावा क्रिकेट कॉमेंट्री करते हैं जबकि एक फ्लडलाइट कंपनी के मालिक हैं साथ ही वह भारतीय क्रिकेटर्स संघ के सदस्य हैं। बीसीसीआई संविधान के मुताबिक सीएसी का कोई भी सदस्य क्रिकेट से जुड़े किसी भी और पद पर या कोई अन्य भूमिका नहीं होना चाहिए।

#### नोटिस के बाद रंगास्वामी ने दिया इस्तीफा

पूर्व भारतीय कप्तान शांता रंगास्वामी ने नोटिस भेजे जाने के बाद क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) सदस्य और भारतीय क्रिकेटर संघ (आईसीए) के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया। रंगास्वामी ने कहा, 'मेरी कुछ अन्य योजनाएं हैं इसलिए मैंने आगे बढ़ने का फैसला किया। सीएससी की वैसे भी एक साल में या दो साल में एक बार ही बैठक होती है इसलिए मुझे टकराव की बात समझ नहीं आती। सीएसी समिति में होना सम्मान की बात थी। मौजूदा परिस्थितियों में (हितों के टकराव को देखकर) मुझे लगता है कि किसी भी प्रशासनिक भूमिका के लिए उपयुक्त पूर्व क्रिकेटर को ढूंढना कठिन होगा। आईसीए से तो मैं चुनाव होने से पहले ही इस्तीफा दे देती। इसलिए यह समय की बात थी।' रंगास्वामी ने अपना इस्तीफा रविवार को सुबह प्रशासकों की समिति (सीओए) और बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल जौहरी को ईमेल के जरिए भेजा।

## देर रात तक चले मैच पर विवाद, मुगुरूजा चीन ओपन से बाहर




**बीजिंग।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन गार्बाइन मुगुरूजा चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में देर रात तक चले शुरुआती दौर में अमेरिका की सोफिया केनिन से हारकर बाहर हो गईं। यह पहले दौर का मुकाबला रविवार को रात एक बजे के बाद शुरू हुआ और दो बजकर 31 मिनट पर समाप्त हुआ जिससे आयोजकों को कई सवालों का सामना करना पड़ रहा है। केनिन ने इस देर रात तक चले पहले दौर के मुकाबले में 6-0, 2-6, 6-2 से जीत हासिल की। पर इस मैच के बाद 15वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने कहा कि वह रात में हुए मुकाबले के बाद मानसिक रूप से थकी हुई थीं। उन्होंने अधिकारिक डब्लूटीए वेबसाइट पर कहा, 'मैं काफी थकी थी, मानसिक रूप से काफी थक गई थी। लेकिन खुश हूं कि इस मुकाबले को जीत सकी।'

## वर्ल्ड नंबर-1 जापान के मोमोटा बने कोरिया ओपन बैडमिंटन चैंपियन

एजेंसी ▶▶ सोल

जापान के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी केंटो मोमोटा ने रविवार को यहां ताईवान के चोऊ टिएन चेन को शिकस्त देकर कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब अपनी झोली में डाला। पच्चीस साल के मोमोटा ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी चोऊ को 53 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 21-17 से शिकस्त दी।

मोमोटा 300 से ज्यादा जीत हासिल कर चुके हैं, उनका करियर तब पटरी से उतर गया था जब 2016 में उन्हें अवैध कैसिनो में जाने के कारण एक साल से ज्यादा समय के लिए निलंबित कर दिया गया था और इस कारण उन्हें 2016 रियो ओलंपिक में भी नहीं खेलने दिया गया था। तब यह जापानी स्टार दुनिया का दूसरे नंबर का खिलाड़ी था। लेकिन मोमोटा ने तब से शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तक का सफर तय किया और रविवार को खिताबी जीत से टोक्यो ओलंपिक से पहले ओलंपिक की उम्मीद बढ़ा दीं।




#### बिंगजियाओ महिला क्वीन



महिलाओं के फाइनल में चीन की ही बिंगजियाओ ने थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन को 18-21, 24-22, 21-17 से शिकस्त देकर खिताब अपने नमा किया। दक्षिण कोरिया ने महिला युगल में दबदबा बनाया जिसमें किम सो यियोंग और कोंग ही योंग ने ली सो ही और शिन सेयुंग चान पर 13-21, 21-19, 21-17 से जीत हासिल की। इंडोनेशियाई जोड़ी फजर अलफियान और मोहम्मद रियान आर्डियांटो ने जापान के ताकेशी कामुरा और केगो सोनोडा की जोड़ी को 21-16, 21-17 से हराकर पुरुष युगल खिताब जीता।

#### धर्मामेर ने मालदीव अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब जीता

**माले।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी कौशल धर्मामेर ने मालदीव अंतरराष्ट्रीय चैलेंज के फाइनल में रविवार को यहां हमवतन सिरिल वर्मा को सीधे गेमों में हराकर खिताब अपने नाम किया। इस महीने म्यामां अंतरराष्ट्रीय सीरीज के चैम्पियन बने मुंबई के 23 साल के इस खिलाड़ी ने 35 मिनट तक चले मुकाबले 21-13 21-18 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के आखिरी दिन पांच खिताबी मुकाबले में से चार में भारतीय खिलाड़ी शामिल थे लेकिन धर्मामेर के अलावा सभी को हार झेलनी पड़ी। महिला युगल के फाइनल में अश्विनी पोनप्पा और सिक्की रेड्डी की भारतीय जोड़ी को जापान की सयाक होबारा और नात्सुकी सोनी की जोड़ी से 10-21 21-17 12-21 से हार का समाना करना पड़ा। साईप्रतीक कृष्णप्रसाद और अश्विनी भट्ट की मिश्रित युगल भारतीय जोड़ी को थाईलैंड की चालोम्फोन चारोइन्चिटामोर्न और चासिनी कोरपाप ने 21-11, 21-15 से हराया। पुरुष युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त अरुण जार्ज और संयम शुक्ला की जोड़ी को जापान की शीर्ष वरीय केइशिरो मात्सुई और योशिनोरी ताकूची की जोड़ी के खिलाफ 9-21 20-22 से हार मिली।



#### दिल्ली-हरियाणा जीते, पुणेरी खिताबी दौड़ से बाहर

**पंचकूला।** शानदार लय में चल रहे नवीन कुमार के एक और दमदार प्रदर्शन से दबंग दिल्ली ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में पुनेरी पलटन को 60-40 से पराजित कर नॉकआउट के दौड़ से बाहर कर दिया। 19 वर्षीय नवीन ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 19 अंक जुटाने के साथ ही लगातार 17वीं बार सुपर टेन बनाने का गौरव हासिल किया। वह इस दौरान पीकेएल के इतिहास में सबसे तेजी से 400 अंक पूरे करने वाले खिलाड़ी बने। दिल्ली ने 19 मैचों में 15 जीत से 82 अंकों के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दूसरे मैच में हरियाणा स्टीलर्स ने गुजरात फॉर्च्यूनजाइटंस को रोमांचक मुकाबले में 38-37 से हराया। हरियाणा 12वीं जीत के साथ 65 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

## भारत ने रचा इतिहास, पहली बार जीता सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप का खिताब

एजेंसी ▶▶ काठमांडू




भारतीय फुटबॉल टीम ने रविवार को बांग्लादेश को हराकर सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। नेपाल में खेले गए खिताबी मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 2-1 से हराया। बता दें कि भारत ने पहली बार सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप का खिताब जीता है।

शुरुआत में भारत ने आक्रामक खेल दिखाया। खेल के दूसरे मिनट में भारत की तरफ से विक्रम प्रताप सिंह ने एक शानदार गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। पहले हाफ का खेल खत्म होने से पहले बांग्लादेश की तरफ से यासिन ने बराबरी का गोल दागा। इस तरह दोनों टीमों के बीच पहले हाफ का खेल 1-1 से बराबर रहा, लेकिन दूसरे हाफ में रवि बहादुर राणा ने (90+1 मिनट) शानदार गोलकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने पहली बार सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

---

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने दी जानकारी

# 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' बुमराह के एक्शन के कारण नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने रविवार को यहां कहा कि जसप्रीत बुमराह के कमर के निचले हिस्से में लगी चोट (स्ट्रेस फ्रैक्चर) उनके अलग तरह के एक्शन के कारण नहीं है।

बुमराह पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के अलावा भारत के बांग्लादेश दौरे से बाहर हो गए हैं। उनके चोट का सही समय पर पता चल गया जिससे वह दो महीने तक टीम से बाहर रहेंगे। बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज नेहरा ने उम्मीद जताई कि बुमराह वापसी के बाद भी मारक गेंदबाज बने रहेंगे। नेहरा ने कहा, 'हमें इस बात को समझ लेना चाहिए कि स्ट्रेस फ्रैक्चर का एक्शन से कुछ लेना देना नहीं है। उन्हें अपने एक्शन में बदलाव करने की कोई जरूरत नहीं है। अगर उन्होंने ऐसा करने की कोशिश की तो इससे उनकी गेंदबाजी प्रभावित होगी। मैं आपको इस बात का आश्वासन दे सकता हूं कि वह वापसी के बाद भी इसी एक्शन, गति और सटीकता के साथ दमदार गेंदबाज बने रहेंगे। बुमराह का एक्शन उतना भी अलग नहीं है जितना समझा जाता है। गेंद फेंकने के समय उनके शरीर बिलकुल सही स्थिति में होता है।'

#### मलिंगा की तुलना में बुमराह का एक्शन 10 गुणा बेहतर

नेहरा ने कहा, 'बुमराह को जो बात दूसरे गेंदबाजों से अलग बनाती है वह ये है कि गेंदबाजी के समय उनका बायां हाथ ज्यादा ऊपर नहीं जाता है। इसके बावजूद भी श्रीलंका के लसिथ मलिंगा की तुलना में उनका एक्शन 10 गुणा बेहतर है। मलिंगा का घुटना और पिछला पैर भाला फेंकने वाले खिलाड़ी की तरह झुक जाता है। स्ट्रेस फ्रैक्चर के मामले में ठीक होने की कोई समय सीमा नहीं होती है। जसप्रीत (बुमराह) दो महीने में ठीक हो सकते हैं या फिर छह महीने तक मैदान से दूर रह सकते हैं। यह सिर्फ खिलाड़ी ही बता सकता है कि वह मैच के लिए कब तक पूरी तरह से फिट है।' नेहरा ने कहा कि इससे निपटने के लिए रिहैब्लिटेशन की जरूरत होती है क्योंकि सर्जिकल (आपरेशन) तरीके से इसका कोई इलाज नहीं। स्ट्रेस फ्रैक्चर के लिए कोई दवा नहीं होती। यह सिर्फ विश्राम और रिहैब्लिटेशन से ठीक हो सकता है।'

## हॉकी: भारत ने स्पेन को 5-1 से दी करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ एंटवर्प (बेल्जियम)

ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां स्पेन को 5-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। हरमनप्रीत ने 41वें और 51वें मिनट में गोल दागे। इसके अलावा आकाशदीप सिंह (पांचवें मिनट), एसवी सुनील (20वें मिनट) और रमनदीप सिंह (35वें मिनट) ने भी भारत की ओर से एक-एक गोल किया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे मिनट में ही टीम 0-1 से पिछड़ गई थी। स्पेन ने अपने पहले ही मूव पर इग्लेसियास अल्वारो के गोल की बदौलत बढ़त बनाई। पहले दो मैचों में दो जीत से आत्मविश्वास से भी भारतीय टीम ने दो मिनट बाद ही आकाशदीप के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। एसवी सुनील ने भारतीय टीम में वापसी का जश्न दूसरे क्वार्टर में शानदार गोल करके मनाना और भारत को 2-1 से आगे किया। भारतीय टीम मध्यांतर तक 2-1 से आगे थी। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में कई अच्छे मूव बनाए। रमनदीप ने इसके बाद 35वें मिनट में भारत की ओर से तीसरा गोल दागा। हरमनप्रीत ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को 4-1 से आगे किया और फिर अंतिम क्वार्टर में एक और पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम की 5-1 से जीत सुनिश्चित की।

## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति ने पीएम मोदी की दूरदर्शिता को सराहा

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने व्यापक स्तर पर मानव कल्याण के लिए संयुक्त राष्ट्र में शांति एवं समृद्धि का समर्थन करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक क्षमता की रविवार को सराहना की। नायडू ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन में एक संकीर्ण और विकृत मानसिकता प्रदर्शित की। उपराष्ट्रपति ने फेसबुक पर एक पोस्ट में 74 वें यूएनजीए सत्र में मानवता के लिये शांति एवं विकास पर अपनी दूरदृष्टि प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने को लेकर भी भारत की सराहना की।

### क्या ट्रंप खुद को जॉर्ज वॉशिंगटन बताएंगे : तुषार

**मुंबई।** डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'राष्ट्र का पिता' कहा हो लेकिन महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने हैरत जताते हुए सवाल किया कि क्या अमेरिका के राष्ट्रपति भी खुद को जॉर्ज वॉशिंगटन बता देंगे? तुषार गांधी ने यह भी कहा कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को भव्य तरीके से मनाने की सरकार की योजना 'मात्र सांकेतिक' है।

### हत्यारोपी भारतीय को किया जाएगा ब्रिटेन प्रत्यर्पित

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में दस साल पहले दुष्कर्म और हत्या के आरोपी 34 वर्षीय भारतीय व्यक्ति को अक्टूबर के पहले हफ्ते में ब्रिटेन प्रत्यर्पित किया जाएगा। आरोपी ने अपने वकील के जरिये रविवार को कहा कि उसे बलि का बकरा बनाया जा रहा है क्योंकि वह गरीब परिवार से आता है। अमन व्यास अभी यहां न्यायिक हिरासत में है और लंदन में उसपर मिशेल समरवीरा नाम की महिला की हत्या का मुकदमा चलेगा। मिशेल का शव 2009 में पूर्वी लंदन के वाल्थामस्टो में बच्चों के खेल के मैदान से मिला था। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक हत्या से पहले उसका यौन शोषण हुआ था।

रक्षा मंत्री ने की आईएनएस विक्रमादित्य की यात्रा

# भारतीय तटरेखा पर आतंकवादी हमले का खतरा कायमः राजनाथ

आईएनएस विक्रमादित्य से

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय तटरेखा पर आतंकी हमले का खतरा कायम है क्योंकि पड़ोसी देश भारत को अस्थिर करने के लिए नापाक हरकतें कर रहा है। राजनाथ ने रविवार को आईएनएस विक्रमादित्य की यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत में यह बयान दिया। तटरेखा पर आतंकवादी हमले के खतरों पर रक्षा मंत्री ने कहा कि दुनिया में हर देश के पास अपनी रक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा होनी चाहिए। हम किसी भी आशंका (आतंकवाद के खतरे) को हल्के में नहीं ले सकते। पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए सिंह ने कहा कि जहां तक हमारे पड़ोसी देश की बात आती है, आपको पता है वह भारत को अस्थिर करने और तोड़ने के लिए लगातार नापाक हरकतें कर रहा है।



सिंह रातभर आईएनएस विक्रमादित्य में रूके और इस दौरान, उन्होंने पनडुब्बियों, फ्रिगेट्स और वाहक सहित विभिन्न सैन्य अभ्यासों को देखा। उन्होंने कहा कि मैं पूरे यकीन के साथ कह सकता हूं कि समुद्री सुरक्षा के लिए यहां हमारी भारतीय नौसेना दृढ़ एवं चौकस है। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। उन्होंने साथ ही कहा कि मुंबई जैसा हमला दोबारा नहीं होने देंगे। सिंह ने कहा कि हम 26/11 हमले (मुम्बई आतंकवादी हमला) को भूल नहीं सकते। अगर कोई गलती एक बार हुई है, तो वह किसी कीमत पर दोबारा नहीं होनी चाहिए। इसलिए हमारी भारतीय नौसेना और तट रक्षक हमेशा सतर्क रहते हैं। पुलवामा में आतंवादियों के फिर घुस आने के सेना प्रमुख के बयान पर सिंह ने कहा कि यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि आतंकवादियों का क्या हाल किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को पता है कि आतंकवादियों का क्या होगा।

### विमान वाहक पर किया योग

सिंह ने रविवार सुबह विमान वाहक पर योग भी किया। उन्होंने कहा कि केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में लोगों ने योग को अपनाया है। उन्होंने कहा कि उसे (योग) अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के समक्ष (योग पर) प्रस्ताव पेश किया और इसका 177 देशों ने समर्थन किया।

### वायुसेना दिवस : हिंडन एयर बेस पर विमान दिखाएंगे करतब

**नई दिल्ली।** वायुसेना आठ अक्टूबर को अपनी स्थापना के 87 वर्ष पूरे करेगा और वायुसेना की योजना इस दिन अपने हिंडन एयर बेस पर पुराने एवं नये विमानों का 'एयर शो' करने की है। अधिकारियों ने रविवार के यह जानकारी दी। भारतीय वायुसेना की स्थापना आठ अक्टूबर 1932 को की गई थी। वायुसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वायुसेना अपना 87 वां स्थापना वर्ष गर्व के साथ मनायेगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर गाजियाबाद के हिंडन एयर फोर्स स्टेशन पर विभिन्न विमान अपने करतब दिखाएंगे। वायुसेना ने कहा कि एयर शो के लिए अभ्यास मंगलवार से शुरू होगा। वायुसेना ने कहा कि जिन इलाकों में विमान कम ऊंचाई से गुजरेंगे, उनमें वजीरपुर ब्रिज, करावलनगर, अफजलपुर, हिंडन, हापुड़, पिलखुआ, गाजियाबाद आदि शामिल हैं।

### असम राइफल्स का संचालन नियंत्रण गृह मंत्रालय को देने से चीन सीमा पर निगरानी प्रभावित होगी : सेना

**नई दिल्ली।** सेना ने गृह मंत्रालय के उस प्रस्ताव को 'लाल झंडी' दिखा दी है जिसके तहत असम राइफल्स के संचालन नियंत्रण की जिम्मेदारी मंत्रालय अपने पास लेना चाहता है। सेना का कहना है कि इस कदम से चीन के साथ लगने वाली देश की संवेदनशील सीमा की निगरानी का काम गंभीर रूप से प्रभावित होगा, वह भी तब जब चीन भारत के साथ लगने वाली सीमा पर बुनियादी सैन्य ढांचे को मजबूत कर रहा है।शीर्ष सैन्य सूत्रों ने कहा कि इस प्रस्ताव से चिंतित सेना ने रक्षा मंत्रालय के साथ इस मुद्दे को पिछले हफ्ते गंभीरता से उठाया है और उससे इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध करते हुए कहा कि वह बताए कि करीब 185 साल पुराने असम राइफल्स का संचालन नियंत्रण गृह मंत्रालय को सौंपे जाने के राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये गंभीर निहितार्थ होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) के गृह मंत्रालय के उस प्रस्ताव पर विचार करने की संभावना है जिसके तहत असम राइफल्स को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के साथ मिलाने और उनका संयुक्त संचालन नियंत्रण उसे देने की बात है। एक शीर्ष सैन्य अधिकारी ने नाम न जाहिर करने का अनुरोध करते हुए बताया कि सेना से असम राइफल्स का संचालन नियंत्रण लेकर इसे गृह मंत्रालय को स्थानांतरित करने से चीन के साथ लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा पर निगरानी का काम गंभीर रूप से बाधित होगा। सूत्रों ने कहा कि सेना के इस रुख से शीर्ष रक्षा पदाधिकारियों और सरकार के आला अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

### जवानों की 'राशन' राशि के भुगतान के लिए केरिपुब ने सरकार से 800 करोड़ रुपये मांगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिये 800 करोड़ रुपये के अतिरिक्त फंड की मंजूरी में विलंब की वजह से अर्धसैनिक बल को इस महीने अपने जवानों को दिये जाने वाले राशन राशि भत्ता (आरएमए) को रोकने का आदेश देना पड़ा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (केरिपुब) ने इस बीच उन खबरों को खारिज किया है कि जवानों के पास इस वजह से राशन की राशि खत्म हो गई है और कहा कि सितंबर के भत्ते का भुगतान जल्द ही किया जाएगा।

## जागरूकता अभियान...




अगरतला में रविवार को स्कूली छात्राओं ने प्लास्टिक के इस्तेमाल के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली।

### अगले माह ईयू से किसी भी स्थिति में बाहर निकल जाएगा ब्रिटेन : जॉनसन

**मैनचेस्टर।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने रविवार को कहा कि वह ब्रसेल्स के साथ किसी करार के साथ या करार के बगैर ब्रिटेन को अगले महीने यूरोपीय संघ (ईयू) से बाहर निकाल लेंगे। जॉनसन ने रविवार को अपनी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों को एकत्र किया है। यह चुनाव से पहले पार्टी का अंतिम सम्मेलन हो सकता है। जॉनसन ने उत्तर पश्चिम इंग्लैंड के मैनचेस्टर में बीबीसी टीवी से कहा, "हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। हमें 31 अक्टूबर तक ब्रेक्जिट से बाहर होना है।" यहां उनका एक सम्मेलन हो रहा है। हालांकि, ब्रेक्जिट पर उनके सख्त रूख ने उन्हें हाऊस ऑफ कॉमंस में मुश्किल में डाल दिया है और उन्होंने अपने कई सांसद गंवा दिये हैं।





## 50 किलो सोने और 110 किलो चांदी से सजाई जा रही देवी की प्रतिमाएं

### माता दुर्गा की 13 फुट ऊंची प्रतिमा को पैर से सिर तक शुद्ध सोने के पत्तरों से मढ़ा जाएगा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

ऐसे समय में जब देश में अर्थव्यवस्था में मंदी की बात कही जा रही है तब मध्य कोलकाता में दो पूजा कमेटियां माता की प्रतिमाओं के श्रृंगार के लिए 50 किलोग्राम सोने और 110 किलोग्राम चांदी का इस्तेमाल कर रही हैं। देश में सोने की कीमत 40 हजार रुपये प्रति दस ग्राम से कुछ ही कम है। ऐसे में संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा के आयोजक माता दुर्गा, शेर और महिषासुर के श्रृंगार के लिए 50 किलोग्राम सोने के पत्तरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। श्रृंगार में इस्तेमाल सोने की कीमत 20 करोड़ रुपये है और उम्मीद की जा रही है कि इससे संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा पंडाल की ओर लोग आकर्षित होंगे। पूजा समिति के एक सदस्य ने बताया कि माता दुर्गा की 13 फुट ऊंची प्रतिमा को पैर से सिर तक शुद्ध सोने के पत्तरों से मढ़ा जाएगा।



उन्होंने बताया कि माता की सवारी शेर और महिषासुर को भी सोने के पत्तरों से सजाया जाएगा। पूजा समिति के प्रमुख मूर्तिकार मिंटू पाल ने बताया कि यह इस साल की सबसे महंगी प्रतिमा है। पूजा के आयोजकों ने 2017 में देवी दुर्गा की प्रतिमा को 22 किलोग्राम सोने की साड़ी से सुसज्जित किया था। इस साड़ी को फैशन डिजाइनर अग्निमित्र पाल ने डिजाइन किया था। विभिन्न पूजा समितियां माता दुर्गा की प्रतिमा को सजाने के लिए महंगी धातुओं एवं पत्थरों का इस्तेमाल करते हैं ताकि दर्शकों को आकर्षित किया जा सके। प्रतिमा के श्रृंगार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली महंगी धातु एवं पत्थरों को पवित्र माना जाता है और इसकी मांग शुभ अवसरों के लिए बढ़ जाती है।

#### 10 कारीगर पिछले छह माह से तैयार कर रहे है आभूषण

इसके अतिरिक्त एक अन्य पूजा समिति में माता दुर्गा की प्रतिमा के लिए आभूषण तैयार करने में 110 किलो चांदी का इस्तेमाल किया जा रहा है। माता के वस्त्र जैसे घाघरा और चुनरी चांदी से बनाई जाएगी। पूजा कमेटी के एक आयोजक ने बताया कि 10 कारीगर पिछले छह माह से आभूषण बनाने का काम कर रहे हैं।

### शाह को निमंत्रण देने पर दुर्गापूजा समिति में दरार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक अक्टूबर को दुर्गापूजा उत्सव के उद्घाटन के लिए निमंत्रण देने को लेकर पूजा समिति में रविवार को मतभेद पैदा हो गए। महानगर के साल्ट लेक में बी जे ब्लॉक दुर्गा पूजा के सदस्यों के बीच उस समय विवाद हो गया जब उनमें से कुछ ने दावा किया कि शाह को निमंत्रण देने से पहले उनसे संपर्क नहीं किया गया। बी जे ब्लॉक पूजा समिति के अध्यक्ष उमाशंकर घोष दस्तीदार ने संवाददाताओं से कहा कि शाह ने नियत तिथि को शाम सात बजे पूजा का उद्घाटन करने पर सहमति दी है। उन्होंने कहा कि चूंकि पूजा समिति पहली बार किसी केंद्रीय मंत्री को निमंत्रण दे रही है इसलिए कुछ मुद्दों पर सुरक्षा कारणों से सभी सदस्यों एवं स्थानीय लोगों से चर्चा नहीं की जा सकती है। बहरहाल समिति के एक अन्य सदस्य ने कहा कि वे पूजा को 'राजनीतिक रंग' नहीं देना चाहते हैं।



11 नवंबर 2006 को की गई थी खोज

## एक छोटा ग्रह जाना जाएगा 'पंडित जसराज' के नाम से

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सौरमंडल में अब मंगल और बृहस्पति के बीच एक छोटा सा ग्रह मूर्धन्य शास्त्रीय गायक पंडित जसराज के नाम पर होगा। यह सम्मान पाने वाले वह पहले भारतीय कलाकार हैं। इंटरनेशनल एस्ट्रोनामिकल यूनियन (आईएयू) ने 'माइनर प्लेनेट' 2006 वीपी 32 (नंबर 300128) का नामकरण पंडित जसराज के नाम पर किया है। इस ग्रह की खोज 11 नवंबर 2006 को की गई थी। माइनर प्लेनेट' वह ग्रह होते हैं जो न तो ग्रह हैं और न ही इन्हें पूरी तरह से धूमकेतु का जा सकता है। पंडित जसराज की बेटी दुर्गा जसराज ने मुंबई से फोन पर बताया कि 'पंडित जसराज' मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित है। आईएयू ने 23 सितंबर 2019 को घोषणा की और प्रतीक चिन्ह मुंबई स्थित उनके आवास पर पहुंचाया। इसमें कहा गया है संगीत मार्तण्ड पंडित जसराज भारतीय शास्त्रीय गायन के पुरोधा हैं। संगीत को अपना जीवन समर्पित करने वाले जसराज को कई सम्मान मिले हैं। यह सम्मान पाने वाले पंडित जसराज पहले भारतीय संगीतकार हैं। मोजार्ट बीथोवन और टेनर लूसियानो पावारोत्ति को यह सम्मान मिल चुका है। पिछले आठ दशक से संगीत साधना में जुटे पद्म विभूषण पंडित जसराज मेवात घराने के सशक्त स्तंभ हैं। 28 जनवरी 1930 को जन्मे पंडित जसराज अब भी पूरी ऊर्जा के साथ संगीत के क्षेत्र में सक्रिय हैं। अमेरिका में मौजूद पंडित जसराज ने इस सम्मान के बारे में कहा कि मुझे तो ईश्वर की असीम कृपा दिखती है। सूर्य की प्रदक्षिणा कर रहा है यह ग्रह। भारत और भारतीय संगीत के लिए ईश्वर का आशीर्वाद है।



■ यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय कलाकार बने जसराम




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109